सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-139 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023
11 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# कतर ने आठ भारतीयों को सुनाई मौत की सजा

**फैसला**
- कानूनी विकल्प तलाश रहे: विदेश मंत्रालय
- आठ पूर्व अफसरों को 30 अगस्त 2022 को किया था गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** कतर की राजधानी दोहा में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को मौत की सजा सुनाई गई है। इस मामले में विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि मौत की सजा के फैसले से हम गहरे सदमे में हैं और विस्तृत फैसले का इंतजार कर रहे हैं। हम परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम के संपर्क में हैं, और सभी कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। हम इस मामले को बहुत महत्व देते हैं और इस पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम फैसले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाएंगे। कहा कि हमारे पास प्रारंभिक जानकारी है कि कतर की अदालत ने प्रथम दृष्ट्या आज अल दहरा कंपनी के आठ भारतीय कर्मचारियों से जुड़े मामले में फैसला सुनाया है। बताते चले कि कतर की इंटेलिजेंस एजेंसी के स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अफसरों को 30 अगस्त 2022 को गिरफ्तार किया था। हालांकि, भारतीय दूतावास को सितंबर के मध्य में पहली बार इनकी गिरफ्तारी के बारे में बताया गया। ये सभी भारतीय एक साल से कतर की अलग-अलग जेलों में कैद हैं।

## बागपत में सीएम योगी ने 351 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

# सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है: योगी

**सराहना**
- डबल इंजन सरकार ने चौधरी साहब को दी सच्ची श्रद्धांजलि

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सुरक्षा और समृद्धि के नये युग में प्रवेश कर चुका है। यहां हर बहन सुरक्षित है, हर व्यापारी उत्पीड़न से मुक्त है। बिना भेदभाव के विकास की योजनाओं का लाभ हर तबके को दिया जा रहा है।

आज कोई किसी किसान की जमीन पर जबरन कब्जा नहीं कर सकता है, कोई किसी युवा के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता, जो ऐसा करने की कोशिश भी करता है उसे सूद समेत अपने किये की कीमत चुकानी पड़ती है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत में 351 करोड़ रुपये की 311 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने जनता वैदिक कॉलेज को विश्वविद्यालय बनाने की बात कहते हुए जल्द से जल्द इसका प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बागपत विकास की नई ऊंचाई को छूने के लिए उतावला दिखाई दे रहा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने भारत के विकास की अधारशिला भारत के गांव को बताया था और 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम पद की शपथ लेने के साथ ही विकास की धुरी गांव, गरीब, युवा और महिलाओं को बनाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया। आज उन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि बिना भेदभाव के विकास की योजनाएं चल रही हैं। डबल इंजन की सरकार ने चौधरी साहब को सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया है।



### जल्द बागपत चीनी मिल का एक्सपेंशन करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने छपरौली चीनी मिल का उद्धार करके चौधरी चरण सिंह साहब को सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया है। जल्द ही बागपत चीनी मिल का एक्सपेंशन भी करेंगे। सीएम ने बताया कि 2017 में जब उन्होंने सत्ता संभाली थी तब 2010 से गन्ना किसानों को गन्ने के मूल्यों का भुगतान नहीं हुआ था।

### छात्राओं को बांटे टैबलेट और स्मार्टफोन

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। वहीं उन्होंने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से बच्चों का अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार वितरित किया। साथ ही साथ मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टैबलेट, स्मार्ट फोन और प्रमाण पत्र का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पॉली और पैक हाउस का लाभ प्राप्त करने वालों को प्रमाणपत्र वितरित किया।

## कुपवाड़ा में 5 आतंकी ढेर

**कुपवाडा।** कुपवाड़ा में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान में एक महत्वपूर्ण विकास में सुरक्षा बलों ने निर्धारित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन से संबंधित तीन और आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया है, जिससे मारे गए आतंकवादियों की कुल संख्या पांच हो गई है। पुलिस ने कहा कि फिलहाल इन व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। कश्मीर जोन पुलिस ने एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार के हवाले से एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लश्कर के तीन (03) और आतंकवादी मारे गए (कुल 05)। पहचान सुनिश्चित की जा रही है। सर्च ऑपरेशन जारी है. आगे की जानकारी दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के माछिल में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के लिए दिन में मुठभेड़ शुरू हो गई। कुपवाड़ा में पत्रकारों से बात करते हुए, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने इस तरह के प्रयासों से उत्पन्न लगातार चुनौतियों पर प्रकाश डाला।


## पांच सालों बाद शिर्डी पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने की साईं मंदिर में पूजा-अर्चना

# देश को गरीबी से मुक्ति मिले: मोदी

**तोहफा**
- 7,500 करोड़ के परियोजनाओं का लोकार्पण किया

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। सबसे पहले पीएम मोदी ने शिरडी में श्री साईबाबा समाधि मंदिर में पूजा-अर्चना की।

इस दौरान महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे। इसके बाद मोदी ने अहमदनगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने कहा कि आज यहां साई बाबा के आशीर्वाद से 7,500 करोड़ के परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। महाराष्ट्र को 5 दशकों जिस निलवंडे बांध का इंतजार था आज वे काम भी पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि




आज मंदिर से जुड़ी जिन योजनाओं का लोकार्पण हुआ है, उनका शिलान्यास करने का अवसर भी मुझे ही मिला था। दर्शन कतार परिसर के पूरा होने से देश-विदेश के श्रद्धालुओं को बहुत आसानी होगी। कहा कि देश को गरीबी से मुक्ति मिले, गरीब से गरीब परिवार को आगे बढ़ने का अवसर मिले, यही सच्चा सामाजिक न्याय है। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलती है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब कल्याण है। आज जब देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, तो गरीब कल्याण के लिए सरकार का बजट भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज महाराष्ट्र में 1.10 करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा रहे हैं। ऐसे सभी कार्ड धारकों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की गारंटी है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को मुफ्त इलाज देने के लिए देश ने 70 हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

**पीएम ने गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया**

## भारत में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं: पीएम मोदी

**गोवा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को गोवा के मडगांव में 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। गोवा में जन्मी भारतीय पेशेवर विंड सर्फर कात्या इडा कोएल्हो ने प्रधानमंत्री को मशाल सौंपी। इस दौरान पीएम ने कहा खेलों में भारत की सफलता देश की समग्र सफलता की कहानी से अलग नहीं है। भारत नए कीर्तिमान बना रहा है और सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है और इसे देश की पिछले 30 दिनों की उपलब्धि से देखा जा सकता है। सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ने होंगे भारत में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। किसी भी देश में खेल क्षेत्र के विकास का सीधा संबंध उस देश की अर्थव्यवस्था की प्रगति से होता है। जब किसी देश में नकारात्मकता और निराशा होती है, तो इसका असर जमीन पर और जीवन में दिखता है राष्ट्रीय खेल उस समय आयोजित हो रहे हैं जब भारतीय एथलीट विश्व स्तर पर नया इतिहास लिख रहे हैं। ये राष्ट्रीय खेल सभी खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत लॉन्च पैड है।

# एक देश-एक चुनाव: ईसी को डेढ़ साल तैयारी में लगेंगे



30 लाख ईवीएम, 43 लाख बैलेट यूनिट और 32 लाख वीवीपैट की होगी जरूरत

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने को लेकर विचार-विमर्श चल रहा है। गुरुवार को न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से खबर दी कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग को 30 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की जरूरत होगी। साथ ही इसके लिए चुनाव आयोग को तैयारी के लिए डेढ़ साल का वक्त चाहिए होगा।

एक ईवीएम में एक कंट्रोल यूनिट, कम से कम एक बैलेट यूनिट और एक मतदाता सत्यापन योग्य पेपर ऑडिट ट्रेल यूनिट शामिल होती है। एक ईवीएम की लाइफ 15 साल होती है। सूत्रों ने ये भी बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए चुनाव आयोग को 30 लाख कंट्रोल यूनिट्स, करीब 43 लाख बैलेट यूनिट्स और करीब 32 लाख वीवीपैट की जरूरत होगी। इसमें उन चीजों को रिजर्व में रखना भी शामिल है, जिससे खराबी आने पर यूनिट को बदला जा सके। सूत्रों के हवाले से न्यूज एजेंसी ने ये भी बताया कि अभी 35 लाख वोटिंग यूनिट्स की कमी है।

# टूटेगा इंडिया गठबंधन: टिकैत

**जवाब**
- जब तक एमएसपी गारंटी कानून नहीं बनेगा तब तक किसानों को लाभ नहीं मिलेगा



**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि इंडिया गठबंधन की डोर मजबूत नहीं है। सभी अपनी अलग-अलग मंशा पाले हुए हैं। ऐसे में जल्दी ही गठबंधन में बिखराव होगा। जिस तरह आरएसएस पथ संचलन निकालता है, अब भाकियू ट्रैक्टर संचलन निकालेगी। इसके लिए देश भर में ट्रैक्टर प्रमुखों की तैनाती की जा रही है। सहारनपुर में रेलवे रोड स्थित एक सभागार में पत्रकार वार्ता कर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जब तक एमएसपी गारंटी कानून नहीं बनेगा तब तक किसानों को लाभ नहीं मिलेगा। एमएसपी पर फर्जी किसान बनाकर सरकार का कोटा पूरा किया जा रहा है। ऐसा ही प्रकरण रामपुर जिले के अधिकारियों को दिया था। उन्होंने आजम खान के सवाल पर कहा कि जो सरकार के विरोधी होंगे, उसे सरकार चाहे तो कोर्ट के माध्यम से सजा दिला सकती है। इंडिया गठबंधन टूटेगा। क्योंकि, एक दूसरे के खिलाफ वह लोग बयान देंगे, जिनकी पार्टनरशिप भाजपा नेताओं के साथ में हैं। देश में विपक्ष मजबूत रहना चाहिए। विपक्ष मजबूत रहेगा तो देश में तानाशाहों का जन्म नहीं होगा। इस दौरान उन्होंने राकेश गंभीर को भाकियू टिकैत की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी विनय कुमार, जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह, महानगर अध्यक्ष मुकेश तोमर, अशोक चौधरी, संजय कुमार, अमित, बबलू, मनीष आदि मौजूद रहे।

# देश में सांप्रदायिक ताकतों का है बोलबाला: लालू

**तंज**
- कांग्रेस के बुलावे पर सीएम नीतीश नहीं पहुंचे लालू के लगे जयकारे

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस पटना के सदाकत आश्रम में राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री और स्वतंत्रता सेनाना श्रीकृष्ण सिंह उर्फ श्री बाबू की 136वीं जयंती मना रही है। खास बात यह रही कि 8 साल बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव कांग्रेस के कार्यक्रम में पहुंचे। मंच पर पहुंचते ही लोगों ने लालू प्रसाद के जयकारे लगाए। चौंकाने वाली बात यह रही कि सीएम नीतीश कुमार को भी इस कार्यक्रम के लिए न्यौता भेजा गया था लेकिन वह नहीं पहुंच पाए। लालू प्रसाद यादव ने अपने पुराने अंदाज में भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। लालू प्रसाद ने



कहा कि एलान किया गया कि गांधी मैदान में फिर से ऐतिहासिक रैली होगी। इसमें भाजपा भगाओ देश बचाओ रैली का आयोजन होगा। लालू ने कहा कि देश में सांप्रदायिक ताकतों का बोलबाला है। देश में भाजपा और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ का सुपड़ा साफ होगा। जातीय जनगणना के भाजपा हो रही परेशानी है। लालू ने देश में भी जातीय जनगणना कराने की मांग की और कहा कि जनगणना के हिसाब से देश में सत्ता का बंटवारा होगा।

# राजस्थान में कांग्रेस ने जारी की 19 उम्मीदवारों की सूची

**प्रत्याशी**
- निष्कासित भाजपा विधायक शोभारानी को भी टिकट

**जयपुर।** भाजपा और कांग्रेस दोनों अब तक 2-2 सूचियां जारी कर चुके हैं। भाजपा की दो सूचियों में 124 नाम तय हुए हैं जबकि कांग्रेस ने अब तक 76 नाम घोषित किए हैं। लंबे इंतजार के बाद शनिवार 21 अक्टूबर को कांग्रेस ने अपनी पहली सूची जारी की। इसके बाद अगले ही दिन दूसरी लिस्ट जारी हुई। अब गुरुवार को तीसरी लिस्ट जारी कर दी गई है।

पहली लिस्ट में पार्टी ने 33 उम्मीदारों के नामों का एलान किया था, जबकि दूसरी सूची में कांग्रेस ने 44 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया



था। अब तीसरी सूची में 19 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। पहली सूची में अशोक गहलोत के साथ ही सचिन पायलट, दिव्या मदेरणा, गोविंद सिंह डोटासरा, डॉ. अर्चना शर्मा, ममता भूपेश के साथ ही अशोक चांदना का नाम शामिल था। पहली लिस्ट में 33 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी, जबकि दूसरी लिस्ट में 43 उम्मीदवारों को पार्टी का टिकट दिया गया था। इन तीन लिस्टों के साथ ही कांग्रेस ने 95 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं।

इस लिस्ट में पार्टी की ओर से सपोटरा से विधायक और वर्तमान में गहलोत सरकार के पंचायती राज मंत्री रमेश चंद मीणा का नाम भी फाइनल किया गया है। पायलट गुट के कई नेताओं को भी इस लिस्ट जगह मिली है, जिनमें राकेश पारीक, हरीश चंद्र मीणा और जी आर खटाना जैसे कई नाम शामिल हैं।

# एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने पर दें ध्यान: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** दो दिवसीय भारतीय वायु सेना कमांडरों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में एक संबोधन में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को शीर्ष कमांडरों से भारत के संदर्भ में तेजी से बदलती वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति का आकलन करने का आग्रह किया। उन्होंने परिचालन तत्परता बढ़ाने के महत्व पर भी जोर दिया। हवाई युद्ध के क्षेत्र में नए रुझान सामने आए हैं और रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए उनका विश्लेषण करने और उनसे सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य से नई चुनौतियाँ उत्पन्न हो रही हैं। हमें उनसे निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। वायु सेना के कमांडर हमास-इज़राइल संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध में विभिन्न हवाई प्लेटफार्मों के उपयोग का व्यापक विश्लेषण कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने वायु युद्ध में उभरते रुझानों का हवाला देते हुए भारतीय वायु सेना के शीर्ष अधिकारियों से भारत की वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने और ड्रोन के उपयोग को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

**प्रक्षेपण** — 10 कंपनियां बना रही हैं सैटेलाइट और रॉकेट

# जनवरी 2024 में विक्रम-1 होगा लॉन्च

**इसरो**
- इसरो के साथ रॉकेट बनाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए
- भारत अब अंतरिक्ष क्षेत्र में अन्य देशों का नेतृत्व करने की स्थिति में है

**बेंगलुरु।** भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में लगातार इतिहास रच रहा है। देश की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने हाल ही में चंद्रयान-3 को चन्द्रमा की सतह पर उतारा। इसके बाद देश के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग भी चर्चा का विषय बनी।

इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अब निजी क्षेत्र की कंपनी स्काईरूट भी विक्रम-1 रॉकेट को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। भारतीय स्टार्टअप




स्काईरूट ने पिछले दिनों दक्षिण हैदराबाद में जीएमआर एयरोस्पेस और औद्योगिक पार्क में विक्रम-1 रॉकेट का अनावरण किया। इस दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्काईरूट के नए मुख्यालय द मैक्स-क्यू कैंपस का भी उद्घाटन किया। स्काईरूट के सीओओ भरत ढाका ने कहा कि विक्रम-1 अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान का अनावरण बहुत गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि विक्रम-1 के निर्माण में हमारी डिजाइन क्षमता और अत्याधुनिक घरेलू तकनीक अभिन्न अंग रही है। हम 2024 की शुरुआत में लॉन्च के लिए इसकी तैयारी कर रहे हैं। इस मौके पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत अब अंतरिक्ष क्षेत्र में अन्य देशों का नेतृत्व करने की स्थिति में है। अपने संबोधन में उन्होंने उम्मीद जताई कि स्काईरूट संस्था जल्द ही विक्रम-1 ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल का प्रक्षेपण भी करेगी। विक्रम-1 एक छोटा लॉन्च व्हीकल है जो 480 किलोग्राम तक के पेलोड को अंतरिक्ष में 500 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जा सकेगा। इसका उद्देश्य छोटे सैटेलाइट को लॉन्च करना है।

> इसरो के पूर्व इंजीनियरों पवन कुमार चंदाना और भरत ढाका ने 2018 में स्काईरूट एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड नामक स्टार्टअप बनाया था। चंदाना आईआईटी खड़गपुर और ढाका आईआईटी मद्रास से पढ़े हैं। स्काईरूट पहला ऐसा स्टार्टअप है जिसने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ रॉकेट बनाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

# गैंगस्टर मामले में मुख्तार दोषी करार

**हमला**
- कपिल देव सिंह की हत्या मामले में आज सुनाई जाएगी सजा
- करंडा थाने में दर्ज हुआ था गैंगस्टर का मुकदमा



**गाजीपुर।** मुहम्मदबाद क्षेत्र के चकशाह मुहम्मद उर्फ मलिकपुरा निवासी मीर हसन उर्फ मीरकल्लू पर जानलेवा हमले में जिस मुकदमे में साजिशकर्ता मुख्तार अंसारी व मुख्य आरोपित सोनू यादव साक्ष्य के अभाव में पांच माह पहले बरी हो गए थे, उसी केस के आधार पर गैंगस्टर में दोनों को दोषी करार दिया गया है। मुख्य केस में बरी होने के पीछे विवेचक के मुख्तार अंसारी के खिलाफ साक्ष्य पेश न कर पाना था। मीरहसन पर 24 नवंबर 2009 को घर के पास टहलते समय जानलेवा हमला किया गया था। इस मामले में मीर हसन उर्फ मीरकल्लू ने मुहम्मदाबाद थाने में सोनू यादव निवासी परसहीं कोतवाली सदर के खिलाफ धारा 307 का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि हमलावर सोनू यादव ने तब जिला जेल में बंद मुख्तार अंसारी से नहीं मिलने पर पूरा परिवार के अंजाम भुगतने की धमकी धी थी। पुलिस ने मुख्य अभियुक्त सोनू यादव को बनाया था।

# 32 शिक्षकों व शिक्षामित्रों का एक दिन का वेतन व मानदेय रोका गया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** आकांक्षी ब्लॉकों में चल रहे विकास कार्यों की निगरानी के लिए विशेषज्ञ रखे गए हैं। यह सीएम फेलो सभी कार्यों की निगरानी करने के साथ ही विभागों को सूचना देते हैं। ईसानगर ब्लॉक के सीएम फेलो ने स्कूलों का निरीक्षण किया। सितम्बर महीने में स्कूलों के निरीक्षण में 47 शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक अनुपस्थित मिले। सीएम फेलो ने बीएसए को पत्र लिखा। बीएसए ने पहले सभी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। स्पष्टीकरण संतोषजनक न मिलने पर 32 शिक्षकों व शिक्षामित्रों का एक दिन का वेतन व मानदेय रोक दिया गया। 5 का स्पष्टीकरण संतोषजनक मानते हुए वेतन आहरित करने का आदेश दिया है।

बीएसए प्रवीण तिवारी ने बताया कि सितम्बर महीने में ईसानगर ब्लॉक के सीएम फेलो ने प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व संविलियन स्कूलों के निरीक्षण में अनुपस्थिति मिले शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों व अनुचर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया था। बीएसए ने बताया कि 47 में से 5 ने जो स्पष्टीकरण दिया वह संतोषजनक मिला। वहीं 32 ऐसे मिले जिनका स्पष्टीकरण संतोष जनक नहीं मिला।

इस पर इन सभी का एक दिन का वेतन व मानदेय रोकते हुए बाकी दिनों का वेतन व मानदेय जारी करने का आदेश कर दिया गया है। बीएसए ने बताया कि सभी शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व अनुचर समय से स्कूल पहुंचें और शिक्षण कार्य करें। इसमें लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

## पीड़ित किसानों ने शुरू कर दिया क्रमिक अनशन

**लखीमपुर खीरी।** अपनी मांगों को लेकर बेमियादी धरने पर बैठे बाढ़ पीड़ित किसानों ने । दिन बीतने के बाद गुरुवार सुबह से क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। किसान पहले दिन अनशन पर बैठे हैं। 45 गांवों के किसान इसी तरह रोज अनशन पर बैठेंगे। उनका कहना है कि मसले का हल न होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। जिले की लखीमपुर सदर, गोला और निघासन तहसील क्षेत्र के 45 गांव के किसान दिनों से धरने पर बैठे हैं। सिंघिया फॉर्म के पास किसानों ने इस जगह को अपना आंदोलन स्थल बनाया है, जहां से नदी अपना कटान शुरू करती है। धरने पर बैठे किसानों का कहना है कि जब तक बाढ़ और कटान को लेकर कोई ठोस कार्य योजना सामने नहीं आती, वे धरना स्थल नहीं छोड़ेंगे। इन किसानों से मुलाकात करने के लिए तीनों तहसीलों के अधिकारी जा चुके हैं, लेकिन बात नहीं बनी। गुरुवार को एक कदम आगे बढ़ाते हुए किसानों ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। पहले दिन 4 किसान अनशन पर बैठे। किसानों की मांग है कि नदियों की धार मोड़ी जाए, उसे मूल स्वरूप में लाया जाए। नदी कटान की वजह से बर्बाद हो चुके रास्ते दुरुस्त किए जाएं और बाढ़ कटान का स्थाई हल निकल सके।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक घायल

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ नेशनल हाईवे पर डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शहर की मोहम्मदी रोड पर सरायनन नदी के निकट निवासी रामनिवास वर्मा (42)हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनहां के प्राथमिक स्कूल में अध्यापक हैं। गुरुवार को स्कूल से वह बाइक द्वारा गोला लौट रहे थे कि नेशनल हाईवे पर हैदराबाद थाना क्षेत्र में ग्राम कुंवरपुर के पास डीसीएम ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी लाया गया है। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डीसीएम चालक वाहन छोड़कर भाग निकला।

## शौच को गए बुजुर्ग का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया

**लखीमपुर खीरी।** महेवागंज सदर कोतवाली क्षेत्र में शौच को गए बुजुर्ग का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शारदानगर थाना क्षेत्र के गांव मुकुन्दा निवासी सरजू प्रसाद (60) गुरुवार की अलसुबह खेतों की तरफ शौच करने गया था। गांव से दो किलोमीटर दूर रमनगरा गांव के प्राथमिक विद्यालय की मोड़ के पास उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा पाया गया। शव मिलने की सूचना पाकर तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गये। ग्राम प्रधान ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने किसी रंजिश से इनकार किया है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक शराब पीने का आदी था और वह टीबी का मरीज भी था। शारदानगर इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया कि मृतक के परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का कारण पता चल पाएगा।

# घर से लाखों का माल समेट ले गए चोर



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** थाना सकरन इलाके के उमराकला गांव निवासी माधवराम यादव पुत्र हीरालाल यादव व उनका परिवार बुधवार की रात घर में सो रहा था। रात्रि के किसी पहर में अज्ञात चोर घर में घुस गए।

चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें मौजूद एक सोने का हार, तीन सोने की मोहर, कमर बिछुआ, नथुनी, पायल, कपड़ा, माग बेंदी व 17 हजार रुपए की नगदी समेट ली। जिसके बाद चोर माल समेत मौके से फरार हो गए। इधर गुरुवार की सुबह होने पर परिवार को वारदात की जानकारी हो सकी। गृहस्वामी ने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ सकरन थाने में तहरीर दी है। गृहस्वामी ने बताया कि चोर करीब पांच लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गए हैं।

## तालाब में डूबकर हुई मौत

**सीतापुर।** तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम परसेंडी निवासी मायाराम की 16 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी देवी घर से खेतों की तरफनिकली थी। बतातें हैं कि इसी बीच लक्ष्मी करीब के एक तालाब में नहाने लगी। नहाते समय वह गहराई में पहुंच गई। तैरना न आने की वजह से वह तालाब में डूब गई। इससे पहले कि कोई मदद के लिए पहुंचता। लक्ष्मी की मौके पर ही डूबकर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि किशोरी नहाते समय गहरे पानी में पहुंच गई थी। वहीं पर डूब कर उसकी मृत्यु हो गई।

## महिला को पेड़ से बांधकर पीटा

**सीतापुर।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक महिला को पेड़ से बांधकर पीटते दिखाया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि वीडियो रामकोट थाना क्षेत्र की नवीन चौक पुलिस चौकी इलाके का है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। इस संबंध में कोई तहरीर थाने में नहीं मिली है। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत आयोजित होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विभाग के द्वारा प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र स्थानीय दस्तकारों तथा पारम्परिक कारीगरों के विकास हेतु विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की जा रही है, जिसके अन्तर्गत पारम्परिक कारीगरों की अजीविका को सुधारने का सुदृढीकरण किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत 10 दिवसीय कौशल वृद्धि प्रशिक्षण, अर्द्धकुशल श्रमिक के समान मानदेय प्रदान करना, टूलकिट वितरण की सुविधा प्रदान की जायेगी।

उपायुक्त उद्योग वीके कौशल ने बताया कि सुनार एवं टोकरी बुनकर हेतु पात्र लाभार्थी योजना में आवेदन कर सकते है, जिसका लाभ इसी वर्ष दिया जायेगा। योजना में पत्राता हेतु आवदेक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो। न्यूनतम आयु 18 वर्ष हो। आवदेक आवेदित दस्तकारी से जुडा हों। योजना हेतु परिवार का एक ही सदस्य पात्र होगा। कारीगरी से जुडे होने का प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत, नगर पालिका व नगर निगम के वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत प्रामण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## पांच दिन बाद भी पुलिस नही लगा सकी चोरों का सुराग

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बंद पड़े मकान के ताले तोड़ चोरों ने लाखों रुपए का सामान व जेवरात चुरा लिये। घटना के 5 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पायी है। पीड़ित ने पुलिस से मांग करते कहा कि शीघ्र ही घटना खुलासा कर चोरों की गिरफ्तारी की जाए और चुराया गया सामान बरामद कराया जाए।

थाना देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पॉपुलर वाली गली संकलापुरी रोड निकट मदरसा निवासी श्रीमती अंजुम पत्नी इंतजार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 19 अक्टूबर को अपने मायके खाता खेड़ी 62 फुटा रोड गई हुई थी और जब 21 अक्टूबर को उसके पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उसके घर के ताले टूटे हैं और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना पाकर वह जब घर पहुंची और घर के भीतर जाकर देखा, तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी के भी ताले टूटे है। पीड़िता श्रीमती अंजुम ने बताया कि चोरों ने उनके घर के अलमारी में रखे लगभग रूपये 50000 नकद तथा 7 तोला सोना, चांदी के जेवरात, इनवर्टर बैटरी, घर का जरूरी सामान एवं कीमती कपड़े चुरा लिए हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में तत्काल थाना देहात कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सूचना दी थी। सूचना पर थाना देहात कोतवाली से पुलिसकर्मी आए और घटनास्थल निरीक्षण कर उनसे पूछताछ की और वापस चले गए। घटना के 5 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक चोरों को सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में मांग करते हुए शीघ्र ही चोरी का खुलासा कर चोरों की गिरफ्तारी की जाए और उसका चुराया गया सामान बरामद कराया जाए।

## महिलाओं को पशु पालन व सिलाई का दिया प्रशिक्षण

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति के अंतर्गत नगर निगम द्वारा आज जनमंच परिसर स्थित 'सुमन विहार' सभागार में महिलाओं को महिलाओं के कौशल उन्नयन एवं स्वावलंबन हेतु सिलाई उत्पाद बनाना, हस्तकला, पशु पालन, मधु मक्खी पालन, पोल्ट्री, मछली पालन, पाक कला आदि का प्रशिक्षण दिया गया और अनेक योजनाओं की जानकारी दी गयी।

निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्र ने कहा कि महिलाओं का स्वालंबन ही महिला सशक्तिकरण की प्रथम सीढ़ी है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पशु पालन विभाग की डॉ.मोनिका शर्मा ने पशु पालन विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसान क्रेडिटकार्ड के अंतर्गत पशु पालकों को 25 हजार रुपये प्रति पशु का किसान क्रेडिट कार्ड बनाया जा रहा है। अधिकतम एक व्यक्ति का एक लाख 60 हजार रुपये तक का कार्ड बन सकता है।

# शाहनवाज मिर्जा बने अल्प-संख्यक सभा के प्रदेश सचिव



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी ने कोट औरंगाबाद कस्बा निवासी शाहनवाज मिर्जा को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा उत्तर प्रदेश का प्रदेश सचिव नामित किया है। उन्हें समाजवादी अल्पसंख्या सभा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शकील नदवी ने यह दायित्व सौंपा है। प्रदेश अध्यक्ष ने शाहनवाज मिर्जा को प्रदेश सचिव नामित करने के साथ दायित्व पत्र भी उन्हें सौंपा है। वहीं कहा कि उम्मीद है कि शाहनवाज मिर्जा समाजवादी पार्टी के मानक पर खरे उतरेंगे और प्रदेश में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रदेश सचिव बनने के बाद शाहनवाज मिर्जा के गांव कोट औरंगाबाद में जश्न का माहौल है। उनके घर आने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उनके आवास पर बधाई देने वालों की भीड़ लगी रही। इधर शाहनवाज मिर्जा ने बताया कि वे संगठन को मजूबत करने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। वहीं सभी समाज के लोगों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

# डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने के लिए सी एस आर द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी समिति को उपलब्ध कराई तथा विभागीय पोषण ट्रैकर के संबंधित बिंदुओं को प्रस्तुत किया गया, जिसमें बच्चों के वजन से संबंधित कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई। बैठक में कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए जाने वाले गृह भ्रमण एवं समुदाय आधारित गतिविधियों से समिति को अवगत कराया एवं बताया कि पोषण ट्रैकर पर सैम व मैम बच्चों की फीडिंग करते हुए वृद्धि निगरानी की जा रही है। एन आर सी में बच्चों की भर्ती प्रक्रिया शत प्रतिशत पूर्ण कराई जा रही है। कायाकल्प के अंतर्गत समिति को अवगत कराया गया की 23 विभागीय भवनों में 18 मानकों को पूर्ण करने के लिये तीनों अर्थॉरिटी का सहयोग अपेक्षित है, जिसके लिए जिलाधिकारी ने निर्देश



दिए की संबंधित प्राधिकरणों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कायाकल्प के अंतर्गत तैयार किया जा रहे भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित समय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने संवर्धन प्रोजेक्ट के अंतर्गत लाभार्थियों पर होने वाले व्यय की समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि छोटे-छोटे समूहों में विभिन्न सी एस आर मद एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज के सहयोग से इनको पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला पोषण समिति की बैठक के उपरांत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिलाधिकारी के समक्ष मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत प्राप्त 45 पात्र बच्चों के आवेदन स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया, जिन पर जिलाधिकारी ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए की वह शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में अधिक से अधिक बच्चियों के आवेदन कराए, ताकि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में जनपद के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसकी प्राप्ति की जा सके। जिलाधिकार ने यह भी निर्देश दिए की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित कराया जाए ताकि कोई भी पात्र बच्चा शासन की इन महत्वाकांक्षी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीतापुर से लखनऊ फिर लखनऊ से दिल्ली जाएंगे अमृत कलश



## एकत्र किए गए अमृत कलश

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का भव्य आयोजन राजकीय इण्टर कालेज परिसर में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में समस्त विकास खण्डों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों से भव्य यात्रा का आयोजन करते हुये अमृत कलश लाये गये। जिन्हे सम्मान सहित स्थापित किया गया।

एनसीसी कैडटों द्वारा इनकी अगवानी की गयी। महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इन अमृत कलशों में विभिन्न गांवों से एकत्रित की गयी मिट्टी एवं अक्षत संकलित किया गया है। जिसे जिला मुख्यालय से लखनऊ एवं लखनऊ से दिल्ली भेजा जायेगा। सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। गायिका आयुषी पाण्डेय एवं राधिका श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत व अन्य लोकगीतों का गायन किया गया। सांसद एवं सभी जनप्रतिनिधियों एवं अन्य लोगों को अमृतकाल के पंचप्रण की शपथ भी दिलायी गई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को शाल ओढ़ाकर एवं अशोक की लाट देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक सेवता ज्ञान तिवारी ने मेरी माटी मेरा देश अभियान की सार्थकता एवं महत्व के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी प्रकार पूर्व में एक अभियान चलाकर गांव-गांव घर-घर से लोहा एकत्रित किया गया था। जिसका प्रयोग दुनिया की सबसे ऊंची सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा के निर्माण में किया गया। जो कि विश्व में विख्यात है। इसी प्रकार देश के सभी गांवों की मिट्टी का एकत्रीकरण कर दिल्ली में एक भव्य वाटिका निर्माण कराया जायेगा। जो सभी देशवासियों को गौरवान्वित करेगी। कार्यक्रम को नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरू, विधायक शशांक त्रिवेदी, निर्मल वमा,ने संबोधित किया। कार्यक्रम जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, पूर्व विधायक सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे। इधर विकास खंड खैराबाद से ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा व खंड विकास अधिकारी चंद्रभान के नेतृत्व में अमृत कलश रवाना किया गया। अमृत कलश गाजे-बाजे के साथ जिला मुख्यालय भेजा गया। इस मौके पर भाजयुमों जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, प्रधान संघ के अध्यक्ष अवधेश कटियार, विवेक विश्वकर्मा, सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# केवानी नदी से आबादी में पहुंचा मगरमच्छ



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** थाना सकरन इलाके ग्राम पंचायत कल्ली मजरा मदनापुर गांव निवासी गोबरे पुत्र सकरू का परिवार बुधवार की रात घर में सो रहा था। रात्रि के किसी पहर में उनके घर पर मगरमच्छ पहुंच गया।

सुबह जब परिवार की नींद टूटी, तब उन्हें मगरमच्छ नजर आया। उसे देखते ही परिवार के लोग शोर मचाते हुए घर से बाहर भाग आए। परिवार ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों से संयम बरतने को कहा। जिसके बाद वन विभाग ने ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को पकड़ा। वन दरोगा नरेन्द्र पाल ने बताया कि मदनापुर गांव केवानी नदी के किनारे बसा है। यह मगरमच्छ केवानी नदी से ही बाहर आया है। वन विभाग की टीम नें बुधराम, रामू, मुलायम, मुंतसिर, देउका, शिवा, ओमकार की सहायता व पुलिस द्वारा मगरमच्छ को काबू में पाया। कमाल अहमद सिद्दीकी ने बताया पकड़े गए घड़ियाल को चहलारी छोड़ा जाएगा।

# चोरी की योजना बनाते 4 गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** कोतवाली देहात पुलिस टीम ने रेलवे क्रासिंग के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खिद्दीरपुर निवासी महेश पुत्र कन्हैया लाल व प्रमोद पुत्र छोटेलाल को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से एक प्लास्टिक के थैले में एक प्लास, पेचकस, लोहे की सरिया, प्रमोद के पास से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों चोरी की योजना बना रहे थे। इधर मानपुर थाना पुलिस ने चोरी की योजना बनाते .रोहित पुत्र रामराज पासी निवासी ग्राम मल्लाहपुर हुसैनगंज थाना सिधौली व पप्पू पुत्र स्वर्गीय मुरली लोनिया निवासी ग्राम नकरा थाना मानपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चाभियों का गुच्छा, एक प्लास आदि उपकरण बरामद किए है।

# जिलाधिकारी ने की जेल समिति और जिला कौशल समिति प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने उप्र कौशल विकास मिशन के अंतर्गत जेल समिति एवं जिला कौशल समिति प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ समीक्षा बैठक बचत भवन में की। जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से इस संबंध में अब तक हुई प्रगति के संबंध में जानकारी ली। जिला सेवा योजन अधिकारी तनूजा यादव द्वारा कर में प्रगति नहीं किए जाने पर जिलाधिकारी ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी की अगली बार कार्य मे प्रगति नहीं हुई तो कड़ी प्रशानिक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी में जेल में बंद कैदियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में भी जानकारी ली। जीजीआईसी और कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ रही छात्राओं की प्रशिक्षण दर कम होने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा बताया गया कि बच्चे विद्यालय छोड़ के चले जाते है जिसके कारण उनका आंकड़ा पूरा नहीं हो पता। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि उन कारणों का पता लगाया जाए कि बच्चे क्यों विद्यालय छोड़ के जा रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि कौशल संस्थान ठीक से कार्य करें। यदि वह ठीक से कार्य नहीं करते हैं तो उनका भुगतान रोक दिया जाएगा। समिति के सदस्य समय समय पर संस्थानों का निरीक्षण करते रहे और यह सुनिश्चित किया जाए की चिंहित स्थान पर ही संस्थान क्रियाशील हो। जिलाधिकारी ने संस्थाओं के सदस्यों से कहा कि यदि किसी प्रकार की परेशानी हो तो प्रशासन से संपर्क करें। साथ ही स्थानीय स्तर पर ग्रामीण प्रधानों से सहयोग ले।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, जिला अर्थ एवं सांख्यकीय अधिकारी पन्ना लाल उपस्थित रहे।

## हत्या की घटना का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**रायबरेली।** सलोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत दयाराम गौतम पुत्र बुद्धान निवासी ग्राम बेबली थाना सलोन जनपद रायबरेली द्वारा थाना सलोन पर तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र रितिक कुमार का शव महेश की बाग में चिलबिल के पेड़ से लटका हुआ मिला है तथा उसके पुत्र के कान में मोबाइल की लीड लगी हुई थी । उसके पुत्र को किसी ने बात करके आत्महत्या के लिए उकसाया है । थाना सलोन पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए मृत्यु का सही कारण ज्ञात करने के लिए मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सलोन पर मु.अ.सं. 554/2023 धारा 306 भा.द.वि. बनाम अज्ञात अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ की गई । पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अभियोग में धारा 306 को धारा 302 भा.द.वि. में तरमीम किया गया । अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत आज दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को थाना सलोन पुलिस टीम द्वारा मुखविरखास की सूचना पर मु.अ.सं-554/2023 धारा-302 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त ननकू उर्फ लल्लन पुत्र दयाराम निवासी बेबली थाना सलोन रायबरेली को थाना क्षेत्र के बेबली को जाने वाले मार्ग से आलाकत्ल एक अदद डण्डा नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग उठायी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियो का भव्य स्वागत किया गया और रेल प्रशासन से नई पेंशन स्कीम को तुरंत बंद कर पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किए जाने की मांग की गई।

रेलवे स्टेशन पर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यूनियन के महामंत्री बीसी शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार व मंडल सचिव मनमीत सिंह का सहारनपुर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री बीसी शर्मा ने कहा कि नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) को तुरंत बंद करके पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया जाये तथा रेलवे में ठेकेदारी प्रथा को बंद करने व खाली पड़े पदों को तुरंत भरा जाये। उन्होने कहा कि यह सरकार हमेशा रेल कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। जैसे छोटे-छोटे रूट की गाड़ियों को कोरोना के बाद बंद कर दिया गया है, जिस के कारण स्टाफ कम होता जा रहा है और इन ट्रेनों के बंद होने से स्थानीय लोगों को भी परेशानी हो गयी है। उन्होने सभी चारों शाखाओं के पदाधिकारियों से वार्ता की तथा सभी समस्याओं को सुना। सहारनपुर में गाडी सं. 14512/11 नौचन्दी-एक्सप्रेस का प्राइमरी रख रखाव को प्रयागराज संगम में शिफ्ट करने के कारण सहारनपुर की वाशिंग लाइन बंद हो गयी है। इस वाशिंग लाईन को चालू करने हेतु कोई भी गाड़ी मेन्टीनेन्स के लिए दी जाये, ताकि कर्मचारियो का ट्रांसफर दूसरे स्टेशन पर न किया जायें, क्योंकि उससे उनके परिवार भी प्रभावित होंगे। मंडल सचिव मनमीत सिंह ने बताया कि सहारनपुर में नई वाशिंग लाइन बनवाने हेतु प्रयास किये जा रहे हे तथा शालीमार एक्सप्रेस को सहारनपुर से चेकिंग स्टाफ चलाते थे, लेकिन कुछ दिन पूर्व यह गाड़ी अम्बाला स्टाफ को दे दी गयी है। उन्होने यह आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही शालीमार सहारनपुर स्टाफको ही दे दी जायेगी। उन्होंने सहारनपुर के स्टाफ की सभी समस्याओं को हल करवाने का आश्वासन भी दिया।

# जिले में नही है बालू का ठेका फिर भी हो रहा है खनन

## विभाग और पुलिस की मिलीभगत से हो रहा अवैध बालू खनन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** खनन विभाग और स्थानीय पुलिस की संरक्षण में सफेद बालू खनन का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। प्रशासन द्वारा कार्रवाई के नाम पर सिर्फ माफियाओं की नावें तोड़ी जा रही हैं। खनन माफियाओं पर शिकंजा कसने मे प्रशासन पुरी बौना बना हुआ है। यही वजह है कि जिले में करीब बीस नदी के घाटों पर बदस्तूर बालू का अवैध खनन हो रहा है, जबकि एक भी बालू घाट का ठेका नहीं है। पूर्व में बरवापट्टी एसओ और सिपाही बालू खनन कराने के आरोप में निलंबित भी हो चुके हैं। कुंभकर्णी निद्रा मे सोए खनन विभाग का दावा है कि अवैध खनन की जानकारी होने पर कार्रवाई की जाती है।

**कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कोरमपूर्ति, माफियाओं पर शिकंजा कसने मे प्रशासन नाकाम**


छोटी गंडक नदी घाट पर अवैध बालू खनन करते मजदूर

### बोले खनन अधिकारी...

खनन अधिकारी का दावा है कि जिले में बालू खनन घाट का एक भी ठेका नहीं है और सफेद बालू खनन पर रोक लगी है। खनन अधिकारी का कहना है कि बड़ी गंडक नदी या छोटी गंडक व बांसी नदी में अवैध बालू खनन की सूचना मिलने पर बालू घाटों पर छापा मारा जाता है। नावों को तोड़ दिया जाता है और खनन सामग्री को कब्जे में ले लिया जाता है। बालू लदे वाहनों को थाने के सुपुर्द कर जुर्माना लगाया जाता है।

### माफियाओं के हैं लंबे हाथ

बेशक बालू माफियाओं की ऊंची पहुंच और विभागीय संरक्षण के कारण अधिकारी इन अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करने से कतराते हैं। जानकार बताते है कि जब मामला फसता है या फिर हाई-प्रोफाइल होता है तो अधिकारी कार्रवाई के नाम पर जुर्माना लगाकर बडी आसानी से खनन माफियाओं को बचा लेते है। एक माह के अंदर खनन विभाग और कप्तानगंज तहसील प्रशासन की ओर से 20 हजार से अधिक जुर्माना सफेद बालू लदे वाहनों पर लगाया है, लेकिन बालू माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया है और न ही उन्हें चिह्नित करने का प्रयास किया जाता है।

जिले के कप्तानगंज तहसील क्षेत्र में छोटी गंडक नदी में खोटही, हरदी छपरा, बालाछत्तर, पगार मुरलीछपरा, सुअरहा, बड़हरा लक्ष्मीपुर, टेढ़िया, मदरहवा, बभनौली, सेमरा, भूतहिया, कोटिया, बालाछत्तर, मिश्रौली, मलुकही, अथरहा सहित कई घाटों पर अवैध रूप से बालू खनन किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो कुछ घाटों पर रात में तो कुछ घाटों पर दिन के उजाले में नदी से बालू निकाला जा रहा है और फिर दिन के उजाले में पहले तय स्थान पर पहुंचा दिया जाता है। इसी तरह हाटा तहसील क्षेत्र के लालीपार, स्वांगीपट्टी, पिपरा, दुबौली, गड़ेरीपट्टी, मुड़िला हरपुर, रगड़गंज, अकटहां में गंडक नदी के घाटों पर अवैध तरीके से बेखौफ दिन में बालू खनन किया जाता है।

बालू खनन से जहां प्रति माह लाखो रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं नदी के किनारे किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन ऊसर होती जा रही है। अवैध बालू खनन की शिकायत क्षेत्रीय लोग दर्जनों बार कर चुके हैं, लेकिन अभी तक माफियाओ पर कोई कार्रवाई नही हुई है। कोरमपूर्ति के तौर पर प्रशासन ने दो माह पूर्व फरदहां, रगड़गंज, सुअरहा, अकटहां के बालू घाटों पर पहुंचकर नावों को तोड़वाया था और बाहर निकाले गए बालू को नदी में फेंकवा दिया था। सूत्रों का कहना है कि बरवापट्टी थाना क्षेत्र के धोकरहा घाट, बरवापट्टी घाट, जमुआन घाट और किशुनवा घाट पर पुलिस की मिलीभगत से गंडक नदी में बालू माफिया अवैध रूप से बालू खनन कर रहे है।

कहना न होगा कि मई माह में एक बालू तस्कर और पुलिस के बीच तय रकम के लेन देन को लेकर हुई बातचीत की रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी। पुलिस अधीक्षक ने इसको संज्ञान से लेते हुए मामले की गंभीरता से जांच करायी, जांच मे खनन माफियाओं से मिलीभगत की पुष्टि होने पर तत्कालीन एसओ सुरेशचंद्र राव और सिपाही मंगेश चौहान निलंबित कर दिया था। बताया जाता है कि इन दिनों बालू माफिया फिर सक्रिय हो गये है। नतीजतन बालू खनन का अवैध कारोबार जोरो पर चल रहा है। कसया के बैदौली निवासी मुन्ना निषाद की बीते माह महुआडीह घाट पर रात को बालू खनन करते समय बालू के अड़ार में दबकर मौत हो गई थी। इसकी वजह से कुछ दिनो तक बालू खनन बंद रहा, लेकिन इन दिनों बालू खनन फिर जोर पकड़ा है। इस घाट पर रात को बालू का खनन होता है। रात में ही डीसीएम से बालू को तय स्थानों पर पहुंचा दिया जाता है।

# समीक्षा बैठक में धीमी प्रगति से कार्य करने वाले पांच अफसरों से स्पष्टीकरण

**सीडीओ ने सीएम डैशबोर्ड के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सीएम डैश बोर्ड के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति को बताएगा, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जाए। पोर्टल पर अपलोड फीडिंग के आधार पर ही जनपद की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी।

उन्होने बताया कि पोर्टल पर जनपद की 67 योजनाओं के आधार पर रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। भविष्य में और योजनाओं की भी रैंकिंग में शामिल किया जाएगा। बैठक की समीक्षा ई रैंकिंग से की गई-अर्थात जिन विभागों की सूचना शून्य है। उन्होंने ने बताया कि इसमे कुछ तकनीकी समस्याएं हैं, अपने निदेशालय से सम्पर्क स्थापित कर समस्या दूर करायें। उन्होंने कहा कि प्रयास हो कि किसी भी विभाग का ई रैंकिंग या डी न आये। समीक्षा की शुरुआत उद्योग विभाग द्वारा की गई जिसके अंतर्गत उद्योग स्थापित किए जाने सम्बन्धी ओएमयू की कार्यवाही पूर्ण नही पाए जाने की जानकारी होने पर जिलाधिकारी से अनुमोदन लेने पश्चात ऑनलाइन की प्रक्रिया पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिए गये। खादी ग्रामोद्योग की समीक्षा दौरान ई रैंकिंग पाए जाने व प्राप्त एक ही आवेदन को निस्तारित नही करने पर स्पष्टीकरण लिए जाने का निर्देश दिए गए। ओडिओपी अंतर्गत टूल किट योजना में प्रगति शून्य पाए जाने एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत समयान्तर्गत प्रशिक्षण नही कराए जाने पर उपायुक्त उद्योग से स्पष्टीकरण लिए जाने का निर्देश दिए गए।माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा दौरान बालक/बालिकाओं हेतु शौचालय, पेय जल व्यवस्था सहित कुल 52 इंडिकेटर के सम्बन्ध में संतोषजनक जानकारी/बिना तैयारी के बैठक में आने/कार्यो में प्रगति नही पाए जाने पर स्पष्टीकरण जारी किए जाने हेतु निर्देश सम्बन्धित को दिए।



### 38वें स्थान लाने पर कृषि अधिकारी से भी स्पष्टीकरण

कृषि रक्षा रसायन की समीक्षा दौरान विगत माह में प्रथम स्थान व इस माह में 38वें स्थान पर आने, बैठक से पूर्व अध्ययन नही करने पर जिला कृषि अधिकारी को स्पष्टीकरण दिए जाने का निर्देश दिये गये। 102 एम्बुलेंस, 108 रेडियोलॉजी, दवाओं की उपलब्धता, आदि की समीक्षा दौरान संतोषजनक प्रगति नही पाए जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को स्पष्टीकरण दिए जाने का निर्देश दिए गये। समीक्षा बैठक में दिव्यांग पेंशन योजना, जलजीवन मिशन, पंचायतीराज, सामाजिक वानिकीकरण, बेसिक शिक्षा, पशुपालन, निराश्रित गोवंश, टीकाकरण सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई।

## कैंसर पीड़ित दलित के साथ जिले के राजस्व अधिकारी कब करेंगे न्याय

अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार जन समस्याओं के निस्तारण के लिये पूरी तरह कृत संकल्प है मुख्यमंत्री स्वयं जन शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता दे रहे हैं उसके बावजूद जनपद स्तर पर संपूर्ण समाधान दिवस व तहसील आदि पर आने वाले जन शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता खासकर राजस्व मामले सबसे ज्यादा हैं यह मामला केवल उतरौला तहसील ही नहीं बलरामपुर तुलसीपुर ये भी है जहां साल साल भर लोग अपनी जमीनों की पैमाइश सीमांकन के लिये अधिकारियों कर्मचारियों के चक्कर लगाते रहते हैं मामलों के निस्तारण के लिये किसानों का काफी पैसा भी खर्च होने के बाद भी मामले लंबित ही रहते हैं आपको बताते चलें कि बलरामपुर तहसील अंतर्गत जनपद मुख्यालय पर स्थित बलरामपुर चीनी मिल फुलवरिया बाईपास के ग्राम में कैंसर पीड़ित दलित की कीमती जमीन जो गोंडा उतरौला आसाम रोड बाईपास के चौराहे के करीब मुख्य मार्ग पर स्थित है पर एक दबंग आरा मिल मालिक द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है बताते चलें कि उक्त व्यक्ति की जमीन ग्राम बिशुनीपुर में है जबकि पीड़ित की जमीन विशुनापुर में है तथा दोनों ग्रामों के सीमा पर है इसके बावजूद उक्त दबंग द्वारा सीमा को दरकिनार कर विशुनापुर ग्राम में स्थित उसकी जमीन पर न केवल जमीन पर कब्जा कर लिया बल्कि उस पर दीवार उठाकर टीन का छाजन भी कर लिया और पीड़ित दलित थाना पुलिस एसडीएम के कार्यालयों का चक्कर लगाता रहा और उक्त जमीन पर निर्माण होता रहा जिसको लेकर पीड़ित ने अपने जमीन का सीमांकन कराया इस बीच सीमांकन के लिए तैयार पत्रावलियां कार्यालय से गायब हो गई काफी प्रयास के बाद सीमांकन आदि हो गया उसके बाद निर्माण ध्वस्तीकरण के लिये भी न्यायालय से आदेश निर्गत कराया गया इसके 1 वर्ष बाद भी मामला जहां का तहां ही रहा अब पीड़ित थक हार कर माननीय उच्च न्यायालय से डायरेक्शन भी चार माह पूर्व में लाया वह भी लगभग वे असर ही रहा ।

## दोषियों के खिलाफ सरकार सख्त कार्यवाही करें

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद मुख्यालय के तहसील उतरौला के थाना गैडास बुजुर्ग अंतर्गत एक दलित की आत्म दाह करने के मामले का प्रदेश सरकार को गंभीरता से लेना चाहिये और संबंधित दोषी कर्मियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर उन पर कार्यवाही करनी चाहिये अन्यथा ऐसे मामले होते रहेंगे और दो एक दिन सरकारी बयानों के बाद मामले की इतिश्री हो जाएगी पर यह वर्तमान सरकार के लिये काफी महंगा पड़ेगा उक्त जानकारी एक लिखित विज्ञप्ति में बलरामपुर विकास मंच के संयोजक घनश्याम मिश्र ने दी।

## विधायक ने किया छठ पूजा स्थल का शिलान्यास



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के पथरा पुल के पास विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून द्वारा विधायक निधि से लगभग 5 लाख रुपये की लागत से होने वाले छठ पूजा स्थल का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें क्षेत्र के विकास के लिए अपना विधायक चुना है। वह जनता की उद्देश्यों को पूरा करने के लिए भरपूर प्रयास कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छठ पूजा स्थल का विकास भी उसी का ही एक हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके द्वारा बिना किसी भेदभाव के हिंदू व मुस्लिम सभी धार्मिक स्थलों के विकास कार्य किया जा रहा है। क्योंकि उनका उद्देश्य क्षेत्र का विकास करना है। इस दौरान पर बब्लू दुबे, जी0 एम0 पाठक, अनिल मिश्रा, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, सुन्दर यादव, कुँवर श्रीवास्तव, बहरैची प्रधान, इरफान मिर्जा, इक़बाल मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** वाहन की टक्कर लगने से मृतक का शव घर पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई।पूरे गांव में सन्नाटा छा गया। हर किसी के चेहरे पर उदासी दिखाई दे रही थी और हर व्यक्ति की आंखें नम थी। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डबरी निवासी सूरज राजपूत पुत्र रुकमंगल सिंह की उम्र 26 वर्ष जो बुधवार देर शाम राजेपुर कस्बा बाजार में किसी काम से आया था जहाँ से वह वापस अपने घर लौट रहा था तभी राजेपुर मोड़ से लगभग 500 मीटर दूर डबरी मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन नें उसे टक्कर मार दी।बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।उसे इलाज के लिए राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।जिसकी सूचना थाना प्रभारी राजेपुर को दी गई।मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद सरोज ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया ।जब इस बात की जानकारी मृतक के परिजनों को लगी। तो मृतक की पत्नी ज्ञान देवी व माँ महादेवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।राजेपुर थाना पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## टिक्की खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** युवक के टिक्की खाने से युवक की उल्टियां होने से हालत बिगड़ गई और उसे बेहोशी हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ग्राहक ने एसपी व खाद्य सुरक्षा अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। ग्राहक ने टिक्की में पड़े कीड़े का वीडियो बनाकर वायरल किया है। पीड़ित का आरोप नीलकंठ स्वीट्स की टिक्की में जहरीला कीड़ा निकलने की शिकायत करने पर दुकान मालिक ने गाली गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। मोहल्ला अंगूरी बाग निवासी युवक लकी पाल ने प्रार्थना पत्र में बताया की 22 अक्टूबर को वह नीलकंठ स्वीट्स पर आया था और वहां उसने 60-60 रुपया की दो टिक्कियां खरीदी, जब उनको खाया तो अजीब सी बदबू आई देखने पर पता चला कि उसमें कई कीड़े पड़े हैं और जब दुकानदार से शिकायत की तो वह धमकाने लगा तब कीड़ा पड़ी हुई टिक्की खाने के चलते उसकी हालत बिगड़ गई और उल्टियां होने लगी, उसके साथियों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

## अनुपम दुबे की 100 करोड़ की संपत्ति हो चुकी है कुर्क

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आगरा जेल में बंद माफिया बसपा नेता अनुपम दुबे की 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति को गुरुवार को पुलिस प्रशासन ने ढोल नगाड़े से मुनादी कराकर करोड़ों की संपत्ति को कुर्क कर लिया है। पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। बसपा नेता की अवैध तरीके से अर्जित की गई 10 करोड़ 60 लाख की संपत्ति को ढोल नगाड़े बजाकर के मुनादी करा कर कुर्क किया गया। एसपी, सीओ सिटी, तहसीलदार सदर श्रद्धा पाण्डे के नेतृत्व में ढोल नगाड़ों से मुनादी कराकर कार्यवाही की गई। एसपी विकास कुमार और तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने बताया कि पुराना कोठा पार्चा, बढ़पुर, फतेहगढ़ तीन जगह पुलिस और प्रशासन ने कार्यवाही की है द्यअब तक अनुपम दुबे की 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति को पुलिस प्रशासन कुर्क कर चुका है। पांचाल घाट चौकी क्षेत्र में भी कई करोड़ की संपत्ति भी कुर्क किए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## दो बाईकों की टक्कर में तीन घायल

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मलुकही ईट भट्ठा के पास गुरुवार की शाम दो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार हाटा कोतवाली क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी अनुराग उम्र 30 वर्ष अपने बाइक से दो लोगों के साथ लेकर कप्तानगंज से हाटा की तरफ जा रहा था कि मलुकही ईट भट्ठा के पास पहुंचा ही था कि बगल के गांव नरायनपुर निवासी सोनु पुत्र एकलाख उम्र 25 वर्ष व बाबू पुत्र अनवर उम्र 17 वर्ष से दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में नरायनपुर निवासी सोनू पुत्र एकलाख व बाबू पुत्र अनवर तथा हाटा कोतवाली के सिकटा निवासी अनुराग घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से गम्भीर रूप से घायल दो युवकों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज भेजवाया गया जहां चिकित्सकों ने डाक्टरों ने सोनू व बाबू की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

## जनपद स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता

**फर्रुखाबाद।** महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़ मे राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 का प्रोजेक्ट प्रस्तुतिकरण का जनपद स्तरीय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य दीषिका राजपूत व प्रधानाचार्य बलविन्दर सिंह आर.पी. इण्टर कॉलेज द्वारा किया गया कार्यक्रम प्रभारी निर्मला सिंह ने बताया कि इस वर्ष स्वास्थ्य और कल्याण के लिये परितंत्र विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में 20 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग एवं जूनियर वर्ग में 13 27 प्रोजेक्ट प्रस्तुत हुये। निर्णायक मण्डल में कन्हैया माहुर आर0 पी0 डिग्री कॉलेज, शिल्पी प्रवक्ता रा0 वा0 उ0 का फतेह है रहे। जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान सिट्टी एवं शिवा राजपूत रा0 वा0 इ0 का 0 राजेपुर की छात्राओं ने बाढ़ नियंत्रण का प्रोजेक्ट बना कर प्राप्त किया । कार्यक्रम मे सहयोगी के रूप में ज्योति स्थितियो मांनी चौक, दीप्ति सिंह ने कार्य किया।

# छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित मोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा

अवधनामा संवाददाता




**मैनपुरी।** मेरी माटी-मेरा देश अमृत कलश यात्रा के अंतिम चरण के तहत मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित मोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मा सरस्वती शारदे वंदना से किया, कुं. आर.सी. इंटर कॉलेज की छात्राओं ने आयो रे शुभ दिन आयो रे' पर आधारित स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया, प्राथमिक विद्यालय चनेपुर छबीलेपुर के छात्रों ने ''सुनो गौर से दुनिया वालो, बुरी नजर न हम पर डालो, सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी'' पर रिंग डांस प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राथमिक विद्यालय रुद्रपुर के बच्चों ने हास्य पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया, नन्हे-मुन्ने बच्चों की ''सुबह से हो गई, शाम कान्हा कहां मिलेंगे'' पर आधारित हास्य मंचन की प्रस्तुति बेहद आनंद दायक थी, सैनिक स्कूल के छात्रों ने ''तेरे साथ होगी मेरी दुआएं, आए तुझ पर कभी न कोई बलायें'', संदेशे आते हैं, हमें तड़पाते हैं, चिट्ठी आती है कि घर कब आओगे'' देशभक्ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। संस्कृति विभाग उ.प्र. में पंजीकृत मथुरा की लोक कलाकार वंदना एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा अनेक संस्कृतियों को समेटे हुए अनेकता में एकता का संदेश देने वाला ''उमंग भरा उत्तर प्रदेश पर आधारित ''श्रीराम पधारे, दीपावली आई रे'', 'आज बृज में होली रे रसिया'' की प्रस्तुति देकर उ.प्र. की सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश की, डा. किरन सौजिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने महाभारत पर आधारित चीर हरण का मंचन किया वहीं अमर शहीद इंटर कॉलेज बेवर के छात्रों ने आजादी के आंदोलन के दौरान बेवर में निकाले जा रहे जुलूस में 03 विद्यार्थियों पर अंग्रेजी हुकूमत के इशारों पर गोली चलाने की प्रस्तुति विद्यालय के छात्रों ने नाटक के माध्यम से प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ''मेरी माटी-मेरा देश'' के अन्तर्गत ग्राम पंचायत से लेकर नगर पंचायतों के वार्ड स्तर तक आयोजित हुये कार्यक्रमों की झलकियां एलईडी डिस्प्ले के माध्यम से उपस्थित जन-समूह को दिखाई गयीं।

## न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी. डि.)सहारनपुर वाद सं. 152 सन 2023 ई0। ममता देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी स्व. श्री नाथीराम निवासी ग्राम मुजफ्फराबाद प. खास तहसील बेहट, जिला सहारनपुर ... सायला

बनाम 1- कु. मुस्कान पुत्री स्व. श्री नाथीराम

2- आशु पुत्र स्व. श्री नाथीराम निवासीगण ग्राम मुजफ्फराबाद परगना खास तहसील बेहट, जिला सहारनपुर। उत्तर प्रदेश। 3-आम जनता विपक्षीगण दरख्वास्त मुसम्मा ममता देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी स्व श्री नाथीराम निवासी ग्राम मुजफ्फराबाद प. खास तहसील बेहट जिला सहारनपुर ने वास्ते सूल सर्टिफिकेट वसूल जर 241.827/- रुपये किफायत द्वारा दरख्वास्त मुससम्म ममता देवी मुतवफा नाथीराम पुत्र श्री कलीराम निवासी ग्राम मुजफ्फराबाद परगना खास तहसील बेहट, जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश अपने वसूज एक्ट 7 सन 1889 ई0 बफेद 2,41,827 /- रूपये हरगाह मुसम्मी ममता देवी ने दरख्वास्त हुनूल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारिख 9 माह 11 सन 2023 ई0 वास्ते समाजत दरखास्त मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी की नरवत दरखास्त के यज हो या अतालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज सी.वि. मुकाम सहारनपुर बतारिख मुकर्रर हाजिर होकर अपना पेश करे। दरसूरत इनवजाय तारिख मजकूर के फिर उज किसी का सुना न जायेगा जिर हुक्म मुनासिब निम्न दरख्वास्त मजकूर से सादिर होगा। लअमरकूम 26 माह 10 सन 2023 ई.

आज्ञा से-मुन्सरिम

## न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) सहारनपुर प्रकीर्ण वाद संख्या 186 सन 23 लक्ष्मीकान्त पुत्र श्री स्या रामजीलाल निवासी मकान नम्बर यू-41. नियर पानी की टंकी, हकीकत नगर सहारनपुर। आवेदक - बनाम 1- अजय विक्रम सिंह पुत्र स्व. रामजीलाल निवासी मकान नम्बर यू-41 हकीकत नगर नियर पानी की टंकी, सहारनपुर। 2- शिवप्रताप सिंह पुत्र स्व. रामजीलाल निवासी मकान नम्बर यू-41 हकीकत नगर नियर पानी की टंकी, सहारनपुर। 3- श्रीमती इन्दु बाला पुत्री सा. रामजीलाल निवासी मकान नम्बर यू-41 हकीकत नगर नियर पानी की टंकी, सहारनपुर। 4 आम जनता (वि.) दरख्वास्त मुसम्मा लक्ष्मीकान्त वास्ते हसून सर्टीफिकेट वसूल जर 1,39,550/- रूपये, किफायत द्वारा दरख्वास्त मुरामा सक्त मुतवफफा रामजीलाल अपने वसूजिव एक्ट 7 सन 1889 ई0 बकँद 1,39,550/- रूपये हमराह मुसम्मा उक्त ने दरख्वास्त इसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख 2 माह 12 सन 2023 ई0 वारते समाअत दरखास्त के मुकरेर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है जिस किसी की नस्बत दरख्वास्त के राज हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज एस डी सहारनपुर दि.2/12/23 में हाज़िर होकर उजर पेश करे दस्सूरत इनकजाय तारीख मजकूर फिर उज किसी का सुना न जायेगा। हाजिर हुक्म मुनासिब निस्ब दरख्वास्त मजकूर से सादिर होगा अल्मरकूम 26/10/2023 ई.

**आज्ञा से मुंसरिम**

## सूचना

मैं मो. राशिद पुत्र श्री कयामुद्दीन नि.खान आलमपुरा निकट नई मस्जिद, थाना जनकपुरी सहारनपुर सूचित करता हूं कि मेरापुत्र मो. साजिद पुत्र मो. राशिद निवासी नई मस्जिद गली, खान आलमपुरा थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर व उसकी पत्नी श्रीमति शाहीनमेरे कहने-सुनने मे नहीं है दोनों गलत संगत का शिकार हैं इस कारण दोनो को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ मैं वा मेरा परिवार आज के बाद उनके किसी भी कु कृत्य के लिए उत्तरदायी नही होगा।

**मो राशिद**
**पुत्र कयामूददीन 26.10.23**

## मतदाता सूची में नाम जोड़वाले हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार हो: डीएम



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता व अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की उपस्थिति में सभी राजनैतिक दलों के साथ अहर्ता तिथि 01-01-2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारी सम्बन्धी आवश्यक बैठक जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की गई। बैठक दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पार्टी स्तर से एवं प्रशासनिक स्तर से नियुक्त बीएलओ के माध्यम से त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार की जानी है जिसमे आप सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से मतदान कराने हेतु शुद्ध मतदाता सूची तैयार किए जाने लिए सभी राजनैतिक दलों से सहयोग का आह्वान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे महान कार्य निर्विवाद चुनाव कार्य सम्पन्न कराना है, तथा उसका महत्वपूर्ण कार्य शुद्ध मतदाता सूची है। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को सुनिश्चित किया जाय कि आगामी तिथियों में होने वाले विशेष पुनरीक्षण कार्य का आमजन को भी पता चलना चाहिये, इसलिए इसका व्यापक प्रचार प्रसार हो। नियत तिथि पर बीएलओ बूथ पर अवश्य उपलब्ध रहे। जब दोनों पक्ष साथ मिल कर कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से अच्छा कार्य होगा। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर बिना किसी संकोच के कभी भी वे उनसे मिल सकते हैं। जिलाधिकारी द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्य हेतु निर्धारित तिथियों के सम्बन्ध में सभी को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए आमजन को जागरूक किए जाने पर बल दिया गया।

# प्रभारी मंत्री ने की मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों की बिंदुवार समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जनपद के प्रभारी मंत्री, राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान ने कलैक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था, मा. मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शासन की संचालित जन-कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजना का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले, स्वतः रोजगार के लिए संचालित योजनाओं में पात्रों को बैंकों के माध्यम से प्राथमिकता पर ऋण उपलब्ध कराया जाए ताकि वह अपना उद्योग स्थापित कर स्वावलंबी बन सके।

उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि जनपद के सभी विद्यालय 19 बिंदुओं से संतृप्त रहें, बालक,-बालिकाओं, दिव्यांग बच्चों हेतु अलग-अलग शौचालय प्रत्येक विद्यालय में हों, सुनिश्चित किया जाए, खंड शिक्षाधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षिक वातावरण में सुधार लाएं। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि पशुओं के टीकाकरण पर विशेष ध्यान दें, गौशाला में संरक्षित गोवंशों का नियमित रूप से टीकाकरण किया जाए, कोई भी निराश्रित गौवंश सड़कों पर दिखाई न दे। राजस्व राज्य मंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध रहे, जांच की सुविधा रहे, आने वाले मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं, सभी उपकरण चालू दशा में रहे, जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्रसूता को तत्काल उपलब्ध कराया जाए, डिस्चार्ज होने पर उन्हें 102 एंबुलेंस से घर तक भेजा जाए, एंबुलेंस 108 का लाभ मरीजों को मिले। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में मानक के अनुसार विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, खराब ट्रांसफार्मर निर्धारित समय-सीमा में बदले जाएं, ट्रांसफर बदलने में बकाया जमा करने की बाध्यता न की जाए, विद्युत उपभोक्ताओं को बिल आदि को लेकर कोई असुविधा न हो। उन्होंने उपायुक्त उद्योग से कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान हुए एम.ओ.यू. धरातल पर दिखें, जानकारी करने पर पाया कि जनपद में 185 उद्यमियों द्वारा एम.ओ.यू. किए गए थे, जिसमें से 113.6 करोड़ के 67 एमओयू ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार है। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण से कहा जनपद की किसी भी सड़क पर गड्ढे दिखाई न दे, नई सड़कों के निर्माण के कार्य में तेजी लाकर तत्काल पूर्ण कराया जाए। उन्होंने अतिरिक्त ऊर्जा की समीक्षा करने पर पाया कि जनपद में 139 स्ट्रीट लाइट स्थापना लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत की पूर्ति की जा चुकी है, सभी स्ट्रीट लाइटों से जन-प्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर स्थापित करायी गई है। उन्होंने कहा कि जनपद के प्रत्येक पात्र वृद्ध, निराश्रित महिला, दिव्यांग को पेंशन योजना का लाभ मिले, कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे, जानकारी करने पर पाया कि जनपद में 88 लाख 41 वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन, 29 हजार 325 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन एवं 11 हजार 156 दिव्यांगों को दिव्यांग पेंशन योजना में लाभान्वित किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मेला प्रतियोगिता का आयोजन



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत कल्पनाथ सिंह कन्या इण्टर कॉलेज लोटन के विद्यालय में आरबीएस की टीम व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं को उम्र के हिसाब से होने वाले शारीरिक बदलावों की जानकारी देने के साथ खान- पान व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं में स्वास्थ्य विषयक निबंध प्रतियोगिता तथा मेंहदी प्रतियोगिता रंगोली,खोखो भी कराया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर प्रतिभागी बालिकाओं को प्रधानाचार्य नन्द कुमार के हाथो से प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।बालिकाओं को संबोधित करते हुए अधीक्षक संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि किशोरावस्था तीव्र वृद्धि और विकास का एक चरण है जिसके दौरान शारीरिकऔर व्यवहारिक परिवर्तन होते हैं। किशोर अवस्था शारीरिक परिपक्वता की अवस्था है। इस अवस्था में बच्चे की हड्डियों में दृढ़ता आती है भूख काफी लगती है। 13 वर्ष से ही शरीर में तेजी से होने वाले बदलावा लाया जा सकता है जानकारी के अभाव में किशोर व किशोरियों में भटकाव का भी भय रहता है। डा जे एम त्रिपाठी ने कहा की खान- पान व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की विशेष आवश्यकता होती है। आरबीएस टीम द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी साझा किया। इस दौरान डा दीपक जयसवाल, डा सुप्रीय जयसवाल सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# कैम्प लगाकर लोगों को दें यातायात नियमों की जानकारी

अवधनामा संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने यातायात नियमों की जानकारी जनता को कैम्प लगाकर दिये जाने, विद्यालय के वाहनो के फिटनेस की जांच कराने, बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

कहा कि सभी वाहनों पर विशेष रूप से ट्राली पर रेडियम जरूर लगवा दे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्यतः सड़क दुर्घटना लापरवाही के कारण होती है। ओवर लोडिंग गाड़ियों नही चलनी चाहिए। सड़को पर सफेद पट्टी और स्पीड ब्रेकर पर भी सफेद पट्टी लगवाने का निर्देश दिया। सीडीओ ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्यक लगाये, तीन सवारी न चले, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। जनपद में अधिक दुर्घटना वाले स्थलो को चिन्हित कर वहां पर संकेत बोर्ड आदि लगवाने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्राधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क के किनारे अतिक्रमण एवं सड़क के किनारे/ढाबो के किनारे भारी वाहन हटवाने का निर्देश दिया। एन.एच. से लिंक रोड पर संकेताक बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया गया। एआरएम रोडवेज को बस चालको के हेल्थ परीक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया बचे हुए चालको का परीक्षण कराने का निर्देश दिया। सड़को के किनारे जहां गड्ढे है वहां मिट्टी डलवाने का निर्देश दिया। सड़को को गड्ढा मुक्त कराने के संबध में जानकारी प्राप्त की। बांसी-जोगिया के पास दुर्घटना अधिक होती है वहां निरीक्षण कर संकेताक, रिफ्लेक्टर आदि लगाने का निर्देश दिया। आरईडी द्वारा बनाई गई सड़को का सत्यापन कराने का निर्देश दिया। मंडी समिति द्वारा सड़को का अनुरक्षण कार्य जल्द कराने, जिला पंचायत द्वारा बनाई गई सड़को की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अधिशासी अभिन्ता लोनिवि जितेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता एन.एच. इन्डो नेपाल बार्डर, जेई एनएचआई, आरईडी, एआरएम रोडवेज तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### ग्राम पंचायत से आई कलश गाजे बाजे के साथ भेजी गई जिला मुख्यालय



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम अभियान के तहत मेरी माटी मेरा देश के तहत बृहस्पतिवार को अमृत कलश यात्रा विकास खण्ड लोटन परिसर से डीजे बजाते हुए लोटन कस्बा होते हुए जनपद सिद्धार्थनगर के लिए गाजे बाजे के साथ ब्लाक प्रमुख आशीष व खण्ड विकास अधिकारी रामप्रवेश की देखरेख में रवाना किया गया। ब्लाक कर्मचारी भी कलश के साथ साथ कलश पहुंचाने के लिए जिले तक गये वहां से समय निर्धारित करके प्रदेश मे पुरे जिले की कलश भेजा जायेगा। इस मौके पर बीडीओ रामप्रवेश ने लोगो से कहा की मेरी माटी मेरा देश के तहत ग्राम पंचायत से आई मिट्टी व चावल से समाज मे एक संदेश गया है इससे राष्ट्रीय एकता की भावना सबके अन्दर जाग्रति हुई है यह बड़ा ही सराहनीय कदम है। इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अरविन्द मणि त्रिपाठी, एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा, कापरेटिव युनूस अंसारी, सचिव विनोद कुमार चौधरी,प्रियंका गोस्वामी, दिलीप पटेल, मनोज कुमार, रविन्द्र कुमार जाटव ईश्वर देव, अजय श्रीवास्तव, हरीश मिश्रा, उमेश राय, मोहम्मद आरिफ, सुग्रीव, शिवम् विश्वास, उमेश सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष दिनेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, इसरार अहमद,मोलहू प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

### कोर्ट के आदेश पर चकरोड से हटा अवैध कब्जा



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के करमा गांव मे गांव के कुछ लोगो ने चकरोड के जमीन पर अबैध ढंग से कब्जा कर कच्चा दीवाल खड़ा कर लिया था व ईट रखा था। नाथू पुत्र पनाहे ने मुकदमा कर दिया था। कारण की खेती करने के लिए टैक्टर व मशीन ले जाने मे काफी परेशानी होती थी। उच्च न्यायालय इलाहाबाद मे मुकदमा विचाराधीन था।फैसला हुआ कि ग्राम करमा मे सरकारी चकरोड की जमीन से कब्जा हटाया जाए। आदेश मिलते ही एसडीएम डा, ललित कुमार ने राजस्व टीम गठित कर कब्जा हटाने का आदेश दिया। गुरुवार को टीम ने पहुंच कर चकरोड का पैमाइश किया। सीमांकन कर कब्जा हटवा दिया। राजस्व टीम मे भूलेख निरीक्षक अब्दुल क्यूम, लेखपाल महेंद्र, अखिलेश, बैजनाथ, संजय कुमार, सण्यप्रकाश, मुन्नीलाल, मनोज कुमार व सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाने के हल्का दरोगा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे की कही कोई व्यक्ति बवाल न कर सके।

### अमृत कलश गाड़ी को दिखाई हरी झंडी




**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** अमृत कलश रखी गाड़ी को मुख्य ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे व विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना तो कर दिए लेकिन गाड़ी आगे जा कर घंटो खड़ी रही और साथ में ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी के जाने का इंतजार करने लगे। ब्लाक कर्मी इतना संवेदन हीन हो गए कि घंटों कोई भी कलश के साथ जाने को तैयार ही नही दिखा। जब कि कलश के साथ जाने की जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी ने बी पीआरडी को सौंप थी। जब गाड़ी खड़ी रहने की जानकारी वीडियो को हुई तो खंड विकास अधिकारी ने कलश के साथ जिम्मेदार को भेजने के लिए परेशान दिखे। उन्होंने बीओपीआरडी से कलश के साथ जाने को कहा लेकिन बीओपीआरडी ने एक न सुनी और कार्य का हवाला देकर जाने से कन्नी काटती रही। जिस पर बीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाया और ठीक है देख लेने की धमकी दी।

### अनुराग बने ज़िला कांग्रेस सोशल मीडिया के अध्यक्ष

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला कांग्रेस सोशल मीडिया के महासचिव रहे अनुराग तिवारी को जनपद अम्बेडकर नगर कांग्रेस सोशल मीडिया का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया की चेयरपर्सन पंखुड़ी पाठक की संस्तुति पर जनपद अम्बेडकर नगर के जिलाध्यक्ष पद अनुराग तिवारी को नियुक्त करते हुए अपेक्षा की है कि वे कांग्रेस की नीतियों का परचम सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर बुलंद करेंगे। एआईसीसी सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछवी, उप्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश मिश्र,पूर्व प्रदेश महामंत्री शिव शंकर पाण्डेय,पूर्व प्रदेश सचिव राम कुमार पाल, उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी, प्रदेश सचिव मो अनीश खान, अमित जायसवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा, जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष आदित्य नारायण तिवारी बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया।



# अमृत कलश यात्रा का डीएम ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में लोहिया भवन सभागार अकबरपुर अंबेडकरनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कलश यात्रा समस्त विकास खण्डों तथा समस्त नगर पालिकाओं /नगर पंचायतो से मेरी माटी मेरा देश कलश वाहन को उत्सव के माहौल में ब्लॉक मुख्यालय अकबरपुर लाया गया। जहां से एक जुलूस के माध्यम से पटेल नगर तिराहा, जिलाधिकारी कार्यालय होते हुए लोहिया भवन लाया गया। लोहिया भवन पहुंचने पर कलश यात्रा का जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अमृत कलश यात्रा में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, जिला विकास अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा जनपद स्तरीय अधिकारी सम्मिलित होकर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद मुख्यालय लोहिया भवन में आयोजित कार्यक्रम में समस्त विकासखंडों तथा नगर पालिकाओं/नगर पंचायतो से कलश संग्रह किया गया। यह अमृत कलश जनपद मुख्यालय से 27 अक्टूबर 2023 को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए भेजा जाएगा। 30 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया गया। साथ ही साथ सांस्कृतिक विभाग द्वारा नामित कलाकार प्रतिमा यादव तथा गौरव शुक्ला द्वारा लोक गायन कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपने संबोधन में कहा कि बलिदानी, वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी-मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि देश के आम जनमानस को देश की माटी के महत्व को बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है।

# ईओ की अध्यक्षता में अमृत महोत्सव अभियान का समापन समारोह हुआ



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शासन द्वारा चलाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव अभियान का समापन समारोह के अंतर्गत मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के आयोजन हेतु जारी किए गए दिशा निर्देश के क्रम में गुरुवार को नगर पंचायत डुमरियागंज में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों के सम्मान में प्रत्येक वार्डो से अमृत कलश में संग्रहित मुट्ठी भर मिट्टी एवं चुटकी भर अक्षत चावल नगर पंचायत डुमरियागंज द्वारा सभी सभासदगण और समस्त कर्मचारियों के साथ नगर पंचायत कार्यालय से अमृत कलश यात्रा जिला मुख्यालय के लिए रवाना किया, जो दिनांक 27.10.2023 को लखनऊ के लिए रवाना किया जाएगा और दिनांक 29.10.2023 को माश मुख्यमंत्री जी द्वारा अमृत कलश यात्रा को झंडी दिखाते हुए नई दिल्ली के लिए प्रस्थान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभासद शांती देवी, सुबराती, आरती देवी, मनोज कुमार गौतम, परवेज अहमद, मो. नसीम, फैजान अहमद, मोनिका, रेनू, नन्दलाल, उमाशंकर, हरिद्वार, अभिलाषा मिश्रा, सकीना बानो, मजीबुल्लाह, सुरेश कुमार, शमशेर आलम सभासद प्रतिनिधि चंदन सिंह, रामचंद्र, राजेश कुमार, नवाब राइनी, सभी सुपरवाइजर और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोदी ने मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाओं के माध्यम से स्वावलंबी बनाया



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** बृहस्पतिवार को बस्ती के सल्टौआ गोपालपुर में विधानसभा सत्र पर नारी शक्ति वन्दन सम्मेलन का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोली सिंह ने किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय विशेष अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, संजीव राय, संजय चौधरी, ममता पाण्डेय, गीता देवी, अनिल दुबे, दुष्यन्त विक्रम सिंह, यशकांत सिंह ने दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। महिलाओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए जो काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया वह पिछले 70 सालों में नहीं हुआ था। भाजपा सरकार में महिलाओं को पूरा सम्मान मिल रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के लिए बचत खाता खुलवाना, महिलाओं के नाम राशन कार्ड, मातृशक्ति के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए उज्वला योजना, देश की लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के जरिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वावलंबी बनाया। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा पिछले 25 वर्षो से महिलाओं की भागीदारी के विधेयक को पास कर लागू करने में पिछली सरकारों ने रुचि नहीं दिखाई। लेकिन हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए 33त्न सीटों के आरक्षण का विधेयक पास कर हमारी बहनों का मान बढ़ाने का कार्य किया है। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने महिला आरक्षण विधेयक संसद में पास करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधेयक पास होने से लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा।

# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में बांसी पहुंचे कैबिनेट मंत्री एके शर्मा

अवधनामा संवाददाता




**बांसी सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक-तिहाई महिला आरक्षण संबंधी अधिनियम को पास कराकर ऐतिहासिक कार्य किया है। इससे देश की आधी अबादी का सम्मान के साथ विकास होगा और नारी शक्ति देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के बांसी तहसील के एक मैरिज हॉल में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्षो के शासन में कभी भी मातृ शक्ति की चिंता नहीं की,मोदी जी ने महिला आरक्षण अधिनियम को पास कराने का ऐतिहासिक कार्य किया देश की आधी आबादी का सम्मान के साथ होगा विकास केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, कल्याण और विकास पर किया कार्य, बहन मायावती जी का अपमान करने वाले भी मातृ शक्ति को पूजने का कर रहे नाटक,माँ जगदम्बा ने किया सृष्टि का निर्माण, ऐसी हमारी सांस्कृतिक मान्यता मातृ शक्ति की पूजा, उपासना और आशीर्वाद से जीवन बनता है खुशहाल,'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवता'' है। लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने नारी शक्ति को संबोधित करते हुए कहा की आज हमारी केंद्र तथा प्रदेश की सरकार नारी शक्ति को पूरा सम्मान देने का कार्य कर रही है। देश की आधी आबादी सशक्त होगी तो देश भी सशक्त होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पारित होने से महिलाओं की भी देश की तरक्की में हिस्सेदारी होगी। बांसी विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा की नारी शक्ति का मतलब ही सामाजिक चेतना होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू कर महिलाओं को उनका हक दिलवाया है। इस दौरान रामजियावन मौर्य,अनुपमा सिह, अरुणा मिश्रा, आनंद मणि त्रिपाठी, मंगल चौरसिया गौरीशंकर अग्रहरि, राकेश अग्रहरि, प्रतीमा वर्मा, सहित समूह की तमाम महिलाएं मौजूद रहे।

## पुलिस के गश्त करने के दावे को चोरों ने दी चुनौती

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस रात गस्त का दावा कर रही है और चोर इत्मीनान से ताला काटकर चोरी कर फरार हो रहे है। लाखो रुपए का सामान बगैर वाहन के कैसे चोरी हो रहा है सवाल खड़ा हो रहा है।चोरी की घटनाओ पर पुलिस अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम है। बीती रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर इनवर्टर बैटरी सीसीटीवी कैमरा मानीटर व डीबीआर समेत अन्य लाखो रुपए का सामान चोरी कर फरार हो गए। चोरी की घटना के संबंध में ग्राम पंचायत सचिव ने थाने में तहरीर दी गई है।घटना देवरहा हुसैनपुर की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना के ग्राम पंचायत देवरहा हुसैनपुर में बीती रात चोरों ने पंचायत भवन के दरवाजे का तोड़कर पंचायत भवन में रखा इनवर्टर बैट्री सीसीटीवी कैमरा डीवीआर समेत अन्य सामान उठा ले गए ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक कुमार यादव द्वारा घटना के बाबत थाने में तहरीर दी गई है। थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

# चक्रवर्ती सम्राट अशोक विजय धम्म पर निकली मोटरसाइकिल से शोभा यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** बुद्ध की तपोभूमि गौतम बुद्ध सिद्धार्थ के नाम से जाना जाता है। सिद्धार्थनगर जिले के आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ मे विजयदशमी के दिन छतहरा गांव से मोटर साइकिल से चक्रवर्ती सम्राट अशोक विजय धम्म शोभा यात्रा निकाली गई।

यह शोभा यात्रा छतहरा से प्रारंभ होकर चेतिया मार्ग, गड़ाकुल तिराहा (तिरंगा चौक), सरकारी अस्पताल, श्रीराम जानकी मंदिर, पुलिस पिकेट, नीबी दोहनी, डोइया चौराहा से होते हुए खुनुवा बाइपास गोपाल फौजी के ढाबा के पास में धम्म शोभा यात्रा का समापन किया गया। अशोक विजय दशमी सम्राट अशोक के कलिंग युद्ध में विजयी होने के दसवें दिन तक मनाये जाने के कारण इसे अशोक विजय दशमी कहते हैं। इसी दिन सम्राट अशोक ने बौद्ध धम्म की दीक्षा ली थी। ऐतिहासिक सत्यता है कि महाराजा अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद हिंसा का मार्ग त्याग कर बौद्ध धम्म अपनाने की घोषणा कर दी थी। बौद्ध बन जाने पर वह बौद्ध स्थलों की यात्राओं पर गए। तथागत गौतम बुद्ध के जीवन को चरितार्थ करने तथा अपने जीवन को कृतार्थ करने के निमित्त हजारों स्तंभों शिलालेखों व धम्म स्तम्भों का निर्माण कराया। सम्राट अशोक के इस धार्मिक परिवर्तन से खुश होकर देश की जनता ने उन सभी स्मारकों को सजाया और संवारा तथा उस पर दीपोत्सव किया । यह आयोजन हर्षोलास के साथ दस दिनों तक चलता रहा, दसवें दिन महाराजा ने राज परिवार के साथ पूज्य भंते मोग्गिलिपुत्त तिष्य से धम्म दीक्षा ग्रहण की था। धम्म दीक्षा के उपरांत महाराजा ने प्रतिज्ञा की थी, कि आज के बाद मैं शास्त्रों से नहीं बल्कि शांति और अहिंसा से प्राणी मात्र के दिलों पर विजय प्राप्त करूँगा। इसीलिए सम्पूर्ण बौद्ध जगत इसे अशोक विजय दशमी के रूप में मनाता है। भारतीय बौद्ध महासभा तहसील इकाई शोहरतगढ़ की अध्यक्षता में धम्म विजय दशमी का पर्व मनाया गया। बता दे कि धम्म का तात्पर्य( एक अटल सत्य से है)। माना जाता है कि जब सम्राट अशोक ने कलिंग युध्द के बाद विजय प्राप्त किया था।नरसंहार के बाद उसका हृदय परिवर्तित हुआ और उसने बौध्द धर्म अपना लिया और इसी के उपलक्ष्य में धम्म विजय दशमी मनाई जाती है। धम्म के प्रचार प्रसार के लिए 84 हजार शिला लेख गड़वाये गए थे। जनता के कल्याण के लिए श्लोक लिखवाए। अशोक स्तंभ पर जो चारों तरफ सिंह का चिन्ह है वह विश्व विजेता का प्रतीक है। आज इस धम्म विजय दशमी के पर्व पर बौद्ध नगरी सिद्धार्थ नगर जिले के शोहरतगढ़ तहसील में सम्राट अशोक विजय दशमी का पर्व मनाया गया । इसके मुख्य अतिथि के रूप में रामबख्श गौतम ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी को बुराइयों को त्याग कर नेक राह पर चलना चहिये जिससे लोगों का कल्याण हो सके और आमजन के बीच सुख, शान्ती कायम रहे।

## भियांव की प्राचीन रामलीला के मंचन का सिलसिला जारी

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** आजादी से पहले शुरू हुई दौलताबाद भियांव की प्राचीन रामलीला के मंचन का सिलसला अपने अंदर 95 वर्षो का इतिहास समेटे अभी तक जारी है। बुधवार को विधि विधान से राम जन्म के साथ रामलीला के मंचन की शुरुवात हुई।प्राचीन राम लीला समिति के तत्वाधान में आयोजक मंडल के महेंद्र प्रताप सिंह,गयादीन गौड़ व डाक्टर राधेश्याम यादव ने संयुक्त रूप से रामलीला का शुभारंभ किया जिस में भारी संख्या में महिला पुरूष दर्शक के रूप में मौजूद रहे। प्रथम दिवस मंच पर श्री राम के जन्म सम्बंधित लीला का मंचन हुआ।राजा दशरथ व तीनों रानियां पुत्र न होने के कारण व्यथित थी । कुलगुरु वशिष्ठ की सलाह से राजा दशरथ ने पुत्र कामना यज्ञ कराया।जिसमें देव योग से माता कौशल्या की कोख से विष्णु के अवतार प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया तो अयोध्या नगरी सहित पूरा विश्व मंगल गान गाने लगा।गुरु वशिष्ठ ने बताया कि उन के ये पुत्र कीर्ति पताका फहराने वाले बनेंगे।

# बांसी ब्लॉक परिसर में धूमधाम से मनाया गया सम्राट अशोक विजयदशमी

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को दी बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इण्डिया (भारतीय बौद्ध महासभा) के तत्वावधान मे महान सम्राट अशोक धम्म विजयदशमी समारोह का आयोजन स्थानीय ब्लॉक परिसर मे किया गया। सर्वप्रथम बौद्ध अनुयायियों ने अपने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के साथ पूरबौला से विश्व शांति पंचशील यात्रा निकाली। महान सम्राट अशोक अमर रहे, बौद्ध धर्म की क्या पहचान- मानव मानव एक समान आदि नारो से पूरा कस्बा गूंज उठा। पंचशील शांति यात्रा रोडवेज चौराहा होते हुए ब्लाक परिसर मे पहुंचकर एक संगोष्ठी के रूप मे परिवर्तित हो गया।जहां पर लोगों ने गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक एवं बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि कर उनको याद किया। बौद्धाचार्य लहुरी प्रसाद ने उपस्थित लोगों को त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण कराया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विजय बहादुर अम्बेडकर ने कहा कि सम्राट अशोक विजयदशमी, हिंसा पर अहिंसा की एक विजय गाथा है। इस दिन अशोक ने हिंसा का मार्ग त्याग कर अहिंसा के मार्ग बौद्ध धर्म को अपनाया था। तहसील अध्यक्ष राधेश्याम बौद्ध ने कहा कि भारत मे बौद्ध धर्म पूरी तरह से खत्म हो गया था लेकिन बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर ने अपने दस लाख अनुयायियों के साथ 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर मे विजयदशमी के दिन ही बौद्ध धर्म को स्वीकार कर इसे पुनः जीवित किया। इसलिए हम बौद्धो के लिए यह विजयदशमी बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर शिवकुमार राव, रणजीत गौतम, पन्नूराम, रविकुमार, सुधिराम,ओमप्रकाश, सुनील, राजेश, महेन्द्र, रामधनी, रामप्रकाश, जगराम, रवि शंकर, सोनू, लुचई प्रसाद, महेंद्र पाल, धीरज एवं रामवृक्ष आदि लोग भारी संख्या मे मौजूद रहे।

**भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में कस्बे के प्रमुख मार्गों पर निकाली गई पंचशील शान्ति यात्रा**

## एनपीएस बेहतर योजना

चुनावी साल करीब आता जा रहा है सत्तापक्ष चुनावी साल में काफी दबाव में आ जाती है। लोगो को लुभाने के लिये कुछ योजनायें लाने का वादा करती है विपक्ष जवाब में मुफ्तकी रेवडियां का वादा करता है। सत्ता पक्ष कर्मचारियों के एनपीएस योजना की तैयारी में है। कर्मचारियों के लिये पुरानी पेन्शन के तर्ज पर होगा। एनपीएस का पूरा फार्म है नेशनल पेन्शन योजना। देश का बड़ा वर्ग गैर संगठित और निजी क्षेत्र में रह कर जीविका उपार्जन कर रहा है। सरकारी क्षेत्र में तो आकर्षक पेन्शन योजना है जो महंगाई के साथ बढ़ती रहती है। पर गैर संगठित और निजी क्षेत्रों में कार्यरत लोगो के लिये न कोई संगठन है और न कोई संघ है। इनकी हालत संगठित क्षेत्रों और सरकारी क्षेत्रों की तुलना में बहुत दयनीय है। इनके लिये न वेतन वृद्धि न पेन्शन न अन्य सुविधाओं का प्रावधान है। इनकी जायज मांगो को भी सुनने वाला कोई भी तन्त्र नहीं है। जब चाहे तब मालिक उन्हें नौकरी से निकाल सकता है। इन सबके लिहाज से एनपीएस एक लाभदायक योजना है। इसके लिये कर्मचारी बाध्य नहीं है। इसका लाभ लेना उनकी इच्छा पर है। अपनी कमाई या बचत का कुछ हिस्सा इस योजना में डालकर देश का कोई भी नागरिक अपने लिये पेन्शन की व्यवस्था कर सकता है।

सरकार ने वित्त सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी। जिसे एनपीएस पर सुझाव देने को कहा गया था। सुझाव में अतिम वेतन का 40-50 प्रतिशत तक पेन्शन देने की बात कही गयी है। 2004 में एनपीएस लागू किया गया था। इसके तहत 10 प्रतिशत सरकारी कर्मचारी अपने अपने वेतन से कटवाते हैं। केन्द्र सरकार इसमें 14 प्रतिशत राशि जमा करती है। सरकार सम्मिलित राशि को शेयर बाजार में निवेश करती है। इससे जो राशि मिलती है उसे कर्मचारियों के खाते में डाल दिया जाता है। पेन्शन राशि इन्हीं निवेशों को मिलाकर निर्धारित होती है। पुरानी पेन्शन में आखिरी वेतन का 50 प्रतिशत सरकारी खजाने से मिलता है। पुरानी पेन्शन में वेतनभोगी का कोई अंशदान नहीं होता है। 2004 के बाद सर्विस ज्वाइन करने वाले कर्मचारियो को 2030 में रिटायर होने पर 20 से 25 हजार रूपये पेन्शन मिल सकती है। यह सच है कि दिन ब दिन पेन्शनरों की संख्या बढ़ती जा रही है जिससे सरकारी खजाने का बोझ भी बढ़ता जा रहा है जिससे सरकारी खजाने का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। विपक्ष कर्मचारियों की लगातार पुरानी पेन्शन के बहाली की मांग देख कर चुनावी वादे किये जिसका उन्हें फायदा भी मिला। सरकार इसे देख इसके काट में लग गई है।

इधर पुराने और कार्यरत कर्मचारी निजीकरण पर रोक आठवें में कमीशन का गठन बकाया डीए, डीआर का भुक्तान पुरानी पेन्शन की बहाली को लेकर बराबर उग्र से उग्रतर प्रदर्शन करते रहते है। उनकी संख्या देख सरकार के माथे पर गहरी चिन्ता की लकीरें आ गई है। क्योंकि ये बडी संख्या में मतदाता है। चुनाव भी करीब आता जा रहा है। विपक्ष इसका फायदा देख तमाम तरह के वादे लुभाने के लिये बढ़ा चढ़ा कर करता जा रहा है। मतदाता भी समझता है विपक्ष के वादे तो चुनावी वादे है जो वादे ही रहेगा। जो कुछ मिलेगा वह सत्तापक्ष से ही मिलेगा। इसलिये मतदाता सत्तापक्ष का सहानुभूत भी बटोरना चाहता है और उस पर दबाव भी बनाना चाहता है। अगले चुनाव के नतीजे बतायेगे कि मतदाता ने किनके वादो पर विश्वास किया। किसको अपने हितैषी मान सकता है कर्मचारी सरकार के दबाव के समझता है क्योकि वह भी प्रशासन के हिस्सा होता है।

## स्वच्छता में पीछे छूटते गांव

**बिमला**

वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में वर्ष 2022 में भी लगातार छठी बार इंदौर को देश का सबसे साफ़ शहर के रूप में चुना गया है। जबकि एक लाख से कम की आबादी वाले शहर में महाराष्ट्र के पंचगनी को सबसे साफ़ शहर के रूप में चुना गया है। पिछले सात सालों से लगातार केंद्र सरकार की ओर से यह सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इस अभियान को अगर क्रांतिकारी अभियान कहा जाए तो गलत नहीं होगा। यह एक ऐसा अभियान है जिसने न केवल शहर से लेकर गांव तक में साफ़ सफाई को बढ़ावा दिया है, बल्कि इसके प्रति लोगों की सोच को भी बदला है। अब पहले की तुलना में शहर और गांव ज़्यादा साफ़ रहने लगे हैं। इसकी वजह से शहरों में जहां कूड़ा करकट का उचित निपटान होने लगा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र भी इसकी वजह से खुले में शौच से मुक्त होने लगे हैं। जिससे गांव पहले की तुलना में अधिक साफ़ और लोग स्वस्थ रहने लगे हैं।

हालांकि अभी भी देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जो इस अभियान में पीछे छूटते जा रहे हैं। राजस्थान के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के कई गांव इसका उदाहरण हैं। जहां आज भी कूड़ा करकट का उचित निपटारन नहीं होने से गंदगी जहां तहां फैली रहती है। जिससे हर समय बीमारी का खतरा बना रहता है। हालांकि ऐसा नहीं है कि इन गांवों में स्वच्छ भारत अभियान पूरी तरह से नाकाम हो गया है। सामाजिक संगठनों और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों से इस ब्लॉक के ज़्यादातर गांव खुले में शौच से मुक्त हो चुके हैं। गांव के लगभग सभी घरों में इज़्ज़त घर यानि शौचालय का निर्माण हो चुका है और लोग खुले में शौच की बजाये शौचालय का प्रयोग करते हैं। इसका सबसे अधिक लाभ गांव की महिलाओं और किशोरियों को होने लगा है, जिन्हें घर में ही शौचालय की सुविधा मिलने से न केवल खुले में शौच से मुक्ति मिल गई है बल्कि अब वह कई प्रकार की बीमारियों से भी सुरक्षित हो गई हैं। ऐसी ही कुछ स्थिती बच्चों की भी है जो खुले में शौच और इससे होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रहने लगे हैं।

स्वच्छ भारत अभियान के कारण भले ही गांव खुले में शौच से मुक्त हो गया है, लेकिन कूड़ा करकट के उचित निपटान की समस्या लूणकरणसर के कई गांवों में अभी भी बनी हुई है। लोग जहां तहां अपने घर का कूड़ा फेंक देते हैं। जिससे न केवल गंदगी फ़ैल रही है बल्कि इससे कई प्रकार की बीमारियां भी उत्पन्न होती रहती हैं। इसी ब्लॉक के नकोदेसर गांव की 18 वर्षीय किशोरी सीता सिद्ध कहती है कि उसके गांव में न केवल लोग अन्यत्र ही कूड़ा फेंक देते हैं बल्कि सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण खुले में शौच भी कर रहे हैं। जिससे न केवल पूरे गांव का वातावरण अशुद्ध हो रहा है बल्कि लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। इसका सबसे अधिक दुष्परिणाम बच्चों और बुज़ुर्गों को हो रहा है। वह बताती है कि जागरूकता के अभाव में लोग खुले में ही अपने घर के कचरे को फेंक देते हैं। घरों से निकलने वाली नालियों का पानी जहां तहां फैला रहता है, जिसमें मच्छर पनपते रहते हैं। यही कारण है कि इस गांव में हर साल लोग डेंगू, मलेरिया अथवा चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का सामना करते रहते हैं। सीता के अनुसार नकोदेसर गांव में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाने की ज़रूरत है ताकि गांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

वहीं लूणकरणसर की एक किशोरी अंजलि बताती है कि गांव में कूड़ा उठाने के लिए गाड़ी तो आती है, लेकिन इसके बावजूद लोग खुले में भी घर का कचरा निकाल कर फेंक देते हैं। कुछ लोग गाड़ियों के आने पर घर का कचरा फेंकते है तो कुछ ऐसे भी घर हैं जहां लोग साफ़ सफाई के महत्व से अनजान होने के कारण इसकी महत्ता नहीं समझते हैं और खुले आसमान में ही उसे फेंक देते हैं, जो बीमारियों को न्योता देने के लिए पर्याप्त होती है। इसी ब्लॉक के दुलमेरा स्टेशन की मीरा बताती है कि उसके गांव के लोग कूड़े के निपटान का देसी परंतु वैज्ञानिक तरीका अपनाते हैं। लोग अपने घरों के कूड़े को गाड़ी में डालने की जगह उसे अपने खेतों में दबा देते हैं, जिससे वह खाद बन जाता है और फिर उसे खेतों में फैला दिया जाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

इतिहास के पन्ने पलटे तो जब सोमनाथ चटर्जी लोकसभा अध्यक्ष थे, तब 11 सांसद आरोपित हुए थे कि वे नकद कबूल कर संसद में सवाल पूछते थे। प्रथमद्रष्ट्या सांसद भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए, नतीजतन स्पीकर ने उनकी सांसदी खारिज कर दी थी। उनमें भाजपा के सांसद भी थे। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी और डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। इस मामले पर संसद के भीतर और बाहर खूब हंगामा मचा था। दरअसल वह एक मीडिया ऑपरेशन था, जिसमें छिपे कैमरे से वह भ्रष्टाचार रिकॉर्ड किया गया था।

# पैसे लेकर सवाल पूछना गंभीर मामला



बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्राई ने आरोप लगाया है कि महुआ मोइत्रा ने सवाल करने के बदले हीरानंदानी ग्रुप के सीईओ दर्शन हीरानंदानी से पैसे लिए थे। इसको लेकर हीरानंदानी का एक एफिडेविट भी सामने आया है। इसमें वो इस बात को स्वाकीर करते हुए कह रहे हैं कि गौतम अडानी को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वो पीएम मोदी की छवि खराब करना चाहती थीं। इस मामले में महुआ मोइत्रा की परेशानी बढ़ने जा रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक निगरानी संस्था लोकपाल में शिकायत दर्ज कराई है।



राजेश माहेश्वरी

निशिकांत दुबे ने इससे पहले महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों की जांच के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से जांच समिति गठित करने की मांग की थी। उन्होंने यह भी मांग की थी कि मोइत्रा को तुरंत सदन से निलंबित किया जाए। ओम बिरला को लिखे अपने पत्र में दुबे ने कहा था कि हाल के दिनों में मोइत्रा ने संसद में 61 सवाल किए। इनमें से 50 अडानी ग्रुप पर फोकस थे। दुबे ने कहा, 'महुआ मोइत्रा ने संसद में सवाल पूछकर व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के व्यावसायिक हितों को हासिल करने और उनकी रक्षा करने के लिए आपराधिक साजिश रची। यह 12 दिसंबर 2005 के 'कैश फॉर क्वेरी' प्रकरण की याद दिलाता है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के लगाए गए आरोपों के बाद से ही राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। महुआ और निशिकांत के बीच एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस पूरे प्रकरा पर टीएमसी ने कहा कि महुआ मोइत्रा मामले पर अपना रुख स्पष्ट कर चुकी हैं तो ऐसे में अब संसद की एथिक्स कमेटी की जांच का इंतजार करेगी। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमने मीडिया में आई खबरें देखी हैं. पार्टी नेतृत्व की ओर से मोइत्रा को अपने ऊपर लगे आरोपों के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की सलाह दी गई है, हालांकि, वह पहले ही ऐसा कर चुकी हैं।

बीजेपी सांसद निषिकांति दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के पत्र का हवाला देते हुए दावा किया कि उनके पास 'अकाट्य' सबूत हैं कि मोइत्रा और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के बीच रिश्वत का आदान-प्रदान हुआ था। इसके जवाब में मोइत्रा ने निशिकांत दुबे और जय अनंत देहाद्राई को कानूनी नोटिस भेजा था। मोइत्रा ने कहा कि उनपर लोकसभा के सदस्य के रूप में अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए लाभ लेने के आरोप लगाए गए हैं। ये आरोप अपमानजनक, झूठे और आधारहीन हैं। इसका कोई सबूत नहीं है।

आरोपी बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी ने अपने हलफनामे में कहा कि कई मौकों पर उसकी महुआ मोइत्रा से मुलाकात हुई थी और वह टीएमसी सांसद से रोजाना से लेकर साप्ताहिक तौर पर बातचीत करता था। उसने हलफनामे में कहा, 'उन्होंने एक सांसद के रूप में अपनी ईमेल आईडी मेरे साथ साझा की, ताकि मैं उन्हें जानकारी भेज सकूं और वह संसद में सवाल उठा सकें. मैं उनके प्रस्ताव के साथ गया, कुछ जानकारी मेरे साथ साझा की गई, जिसके आधार पर मैंने जरूरत पड़ने पर उनके संसदीय लॉगिन का उपयोग करके प्रश्नों का मसौदा तैयार किया और पोस्ट करना जारी रखा।' हीरानंदानी ने यह भी दावा किया कि टीएमसी नेता ने उनसे कई तरह की मदद मांगी. उन्होंने कहा कि कई बार मुझे लगा कि वह मेरा अनुचित फायदा उठा रही हैं और मुझ पर उन चीजों को करने के लिए दबाव डाल रही हैं, जो मैं नहीं चाहता था, लेकिन उपरोक्त कारणों से मेरे पास कोई विकल्प नहीं था।

इतिहास के पन्ने पलटे तो जब सोमनाथ चटर्जी लोकसभा अध्यक्ष थे, तब 11 सांसद आरोपित हुए थे कि वे नकद कबूल कर संसद में सवाल पूछते थे। प्रथमद्रष्ट्या सांसद भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए, नतीजतन स्पीकर ने उनकी सांसदी खारिज कर दी थी। उनमें भाजपा के सांसद भी थे। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी और डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। इस मामले पर संसद के भीतर और बाहर खूब हंगामा मचा था। दरअसल वह एक मीडिया ऑपरेशन था, जिसमें छिपे कैमरे से वह भ्रष्टाचार रिकॉर्ड किया गया था। मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा, लेकिन उसने स्पीकर के संवैधानिक अधिकार और निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाएं स्वीकार नहीं कीं और सांसदी बहाल नहीं हो सकी। उन सांसदों में से शायद ही कोई सांसद नया चुनाव जीत कर लोकसभा में वापसी कर पाया था! स्पीकर का वह निर्णय एक उदाहरण बन गया। ऐसा ही मामला एक बार फिर स्पीकर ओम बिरला तक पहुंचा है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के गंभीर आरोप हैं कि तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा सदन में अडाणी समूह पर प्रायोजित सवाल पूछती रही हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और संसद की संवेदनशीलता को दांव पर रखने वाला तथ्य यह है कि सांसद के तौर पर महुआ की ई-मेल आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल दुबई में बैठे उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी करते रहे हैं। वह ही अडाणी समूह पर सवाल बनाते रहे हैं और लोकसभा को महुआ के नाम से भेजते रहे हैं। यह गोपनीयता और संसदीय सुरक्षा का घोर उल्लंघन है, लिहाजा अपराध भी है। अब लोकसभा की आचरण समिति इन आरोपों की जांच कर रही है। सांसद निशिकांत दुबे और महुआ दोनों से ही सवाल-जवाब किए जाएंगे। इस सांठगांठ का महत्त्वपूर्ण आयाम यह है कि उद्योगपति हीरानंदानी ने सांसद महुआ को 2 करोड़ रुपए नकद भी दिए। उनकी घरेलू और विदेश यात्राओं के खर्च उठाए। सांसद के नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास की मरम्मत और उसका नवीकरण भी कराया। सरकारी आवासों में ऐसा काम सरकारी एजेंसियां ही करती रही हैं। फिर सांसद ने उद्योगपति से पैसा क्यों लगवाया?

हीरानंदानी ने महुआ को बेशकीमती तोहफे भी दिए। संभव है कि दोनों औद्योगिक घरानों में व्यापार की प्रतिद्वंद्विता हो, लिहाजा सांसद के जरिए अडाणी समूह को बेनकाब किया जा रहा हो! उद्योगपति ने यह भी खुलासा किया है कि सांसद महुआ बेहद महत्त्वाकांक्षी हैं। उन्होंने अडाणी समूह को निशाना बनाया, लेकिन वह प्रधानमंत्री मोदी की छवि दागदार करना चाहती थीं। अडाणी से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज सांसद ने विपक्ष के अन्य नेताओं से भी साझा किए थे, ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ एक संगठित अभियान चलाया जा सके। हालांकि पार्टी प्रमुख एवं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इतना 'अडाणी-विरोध' के पक्ष में नहीं रही हैं, लिहाजा कई बार सांसद को डांट भी चुकी हैं। अब भी इस रहस्योद्घाटन पर ममता बनर्जी बिल्कुल खामोश हैं और विपक्ष का भी कोई महत्त्वपूर्ण बयान सामने नहीं आया है। लोकसभा सचिवालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने अपनी प्राथमिक जांच कर ली होगी कि आरोपित सांसद का 'लॉग इन' कहां से किया गया? वह देश के भीतर या विदेश में किस शहर, किस स्थान से इस्तेमाल किया गया? संचार की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी इनका आसानी से खुलासा कर सकती है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद पर चस्पां किए गए आरोपों और उद्योगपति के साथ उनकी सांठगांठ, भ्रष्ट मिलीभगत की पुष्टि तो नहीं की जा सकती, लेकिन मामला संसद से जुड़ा है।

# विधायकों की दौड़ में केंद्रीय मंत्री, भाजपा की मजबूरी या रणनीति

भाजपा ने मध्य प्रदेश में सांसदों और मंत्रियों को मैदान में क्यों उतारा ? ये सवाल राजनीतिक हल्के में गूंज रहा है। वैसे इसके पश्चिम बंगाल में भी सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को टिकट दिया गया था, लेकिन वहां ये फार्मूला फुस साबित हो गया था, और भाजपा केवल 77 सीटों पर ही सिमट गई थी। लेकिन मध्य प्रदेश की स्थिति भिन्न है। यहां भाजपा 19 साल से सरकार में है और पश्चिम बंगाल जैसी मेहनत भी नहीं करनी है।

मध्य प्रदेश में भाजपा एक बार फिर से हर हाल में सत्ता पाना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश का कई दौरा कर चुके हैं। यही नहीं चुनावी वैतरणी पार करने के लिए उत्तर प्रदेश के नेताओं, विधायकों और मंत्रियों की भी तैनाती मध्य प्रदेश में की गई है। वहीं भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को भी टिकट दे कर मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश के लगभग हर अंचल में पार्टी ने एक सांसद को टिकट दिया है।तभी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय उम्मीदवारों की फेहरिस्त में अपना नाम देखकर हैरान रह गए थे और मीडिया से बात करते हुए आश्चर्य व्यक्त किया था। हांलाकि विजयवर्गीय ऊंची महत्वकांक्षा वाले व्यक्ति हैं और उनकी चाहत प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने की रही है, इस लिए वह इससे भी खुश हुए। वैसे मीडिया इसे भाजपा का मास्टर स्ट्रोक बता रहा है, लेकिन क्या ये ज़मीनी हकीकत की परख है या फिर कांग्रेस-इंडिया की दहशत कि मध्यप्रदेश चुनाव में अब भाजपा ने अपना सबकुछ झोंक दिया है। यूं तो ये है विधानसभा चुनाव, लेकिन भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व बिसात इस तरह बिछा रहा है जैसे वह लोकसभा चुनाव में मुकाबला कर रहे हों। मध्य प्रदेश आरएसएस का गढ़ रहा है और भाजपा इसमें किसी भी हाल में मात नहीं खाना चाहती है। विधानसभा चुनावों के लिए बीजेपी ने अबतक अपने सात सांसदों को चुनावी समर में उतार दिया है, जिनमें से तीन तो केंद्रीय मंत्री ही हैं। यही नहीं भाजपा आलाकमान ने बहुत पहले 75 साल से अधिक उम्र वाले नेताओं को टिकट न देने का फैसला किया था। लेकिन मध्य प्रदेश में उम्रदराज नेताओं को टिकट न देने का फार्मूला भी दरकिनार हो गया है। भाजपा की सूची में 81 की उम्र तक पहुंच चुके नेताओं के भी नाम हैं, वह नेता भी अपने नाम देख कर हैरान हैं।



शाहिद नकवी

भाजपा ने मध्य प्रदेश में सांसदों और मंत्रियों को मैदान में क्यों उतारा? ये सवाल राजनितिक हल्के में गूंज रहा है। वैसे इसके पश्चिम बंगाल में भी सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को टिकट दिया गया था, लेकिन वहां ये फार्मूला फुस साबित हो गया था, और भाजपा केवल 77 सीटों पर ही सिमट गई थी। लेकिन मध्य प्रदेश की स्थिति भिन्न है। यहां भाजपा 19 साल से सरकार में है और पश्चिम बंगाल जैसी मेहनत भी नहीं करनी है। तब क्यों भाजपा ने लगातार चुनाव जीतने वाले विधायकों को नाराज़ किया। क्या इसकी वजह ये है कि अब केंद्रीय नेतृत्व मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को किनारे करना चाहता है और अपने हेविवेट मंत्रियों और सांसदों को विधानसभा का टिकट देकर ये मैसेज देना चाहता है कि अब मध्यप्रदेश की राजनीति भोपाल नहीं, दिल्ली से तय होगी। या पुनः सरकार बनाने की बेताबी है?

भाजपा एक तीर से दो शिकार कर यही है। अब अगर इसे बीजेपी की रणनीति के तौर पर देखें तो साफ दिखता है कि मध्यप्रदेश के हर एक क्षेत्र में बीजेपी ने अपने एक बड़े नेता पर दांव लगा दिया है। ग्वालियर-चंबल संभाग नरेंद्र सिंह तोमर के जिम्मे है तो बुंदेलखंड प्रहलाद पटेल के जिम्मे है। विंध्य क्षेत्र में गणेश सिंह और रीती पाठक हैं तो महाकौशल में राकेश सिंह को आगे किया गया है। निमाड की जिम्मेदारी उदय प्रताप सिंह की है तो मालवा में कैलाश विजयवर्गीय को मोर्चा संभालना है।उधर आदिवासी बहुल इलाके का नेतृत्व अब फग्गन सिंह कुलस्ते के जिम्मे है।यानी कि अब मध्यप्रदेश में विधानसभा का दारोमदार मध्यप्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान के पास न होकर हर अंचल में बड़े कहलाने वाले बड़े चेहरों पर है, जिन्हें दिल्ली ने भेजा है। ये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए सहज तो नहीं रहने वाला है। जानकार ये भी कह रहे है कि सन् 2017 में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में बिना किसी चेहरे के चुनाव लड़ा था और कामयाब भी हुई थी। लेकिन ये नहीं भूलना चाहिए कि यूपी में भाजपा 14 साल से सत्ता में नहीं थी, तो किसी चेहरे की जरूरत नहीं थी। लेकिन मध्य प्रदेश में जो 16 साल से भाजपा का चेहरा रहा हो और जनता जिसके चेहरे को सामने रख कर भाजपा को विजई बनाती रही हो, उसे दरकिनार कर सात सांसदों के सामूहिक चेहरे पर मैदान में उतरना कहीं साल 2021 में पश्चिम बंगाल की तरह नज़ीर न बन जाए। राजनीतिक विश्लेषकों का ये भी मानना है कि जैसे-जैसे मध्य प्रदेश की राजनीति में शिवराज सिंह चौहान का कद बढ़ता गया उनके समकक्ष रहे पार्टी के नेता उनके सामने फीके पड़ने लगे। यही कारण है कि प्रदेश की राजनीति में कोई दूसरा बड़ा चेहरा उनके बराबर नहीं रहा। इसी वजह से पार्टी को, देर या सवेर से ही, दूसरे चेहरों या नेताओं को भी प्रासंगिक बनाए रखना था।



कुछ जानकारों को ये भी लगता है कि इस कार्यकाल में शिवराज सिंह चौहान ने अपनी कार्यशैली भी बदली जो सबको स्पष्ट रूप से दिखने भी लगी। यही वजह है कि केन्द्रीय नेतृत्व को उनका विकल्प ढूंढ़ने की आवश्यकता दिखने लगी। कई लोग यह भी मानते हैं कि पिछला जनादेश चूँकि शिवराज सिंह के साथ नहीं था, फिर भी उन्होंने सरकार बना ली इसलिए जनता के बीच भी इसका सही संदेश नहीं गया और सत्ता विरोधी लहर और तेज़ हो गई है। ऐसा लगता है कि भाजपा आप ने शिवराज सिंह चौहान के पर कतरने के साथ सत्ता विरोधी लहर को कम करने के लिए सात सांसदों के समूह को मैदान में उतारा है। यूं तो अगर देखा जाए तो शिवराज सिंह चौहान 'चुनावी राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी वरिष्ठ' हैं। कहा जाता है कि जब 2014 के लोकसभा में बीजेपी ने पार्टी के पीएम पद के दावेदार का नाम ज़ाहिर नहीं किया था तो शिवराज सिंह चौहान के नाम की ख़ासी चर्चा थी। उनके बाद छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह और गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम थे, जो भाजपा के सबसे ज़्यादा लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री थे। चुनावी आंकड़े ये भी बताते हैं कि शिवराज सिंह चौहान 1990 में विधायक बन गए थे जबकि लगभग 11 साल बाद यानी 2001 में नरेंद्र मोदी पहली बार विधानसभा में जीतकर आए थे। शायद केंद्रीय नेतृत्व को ये एहसास तब हुआ जब एमपी में विकास और जन आशीर्वाद यात्राएं निकाली गई, लेकिन ये यात्राएं बेअसर रही और संदेश गया कि एक ही चेहरे से प्रदेश के लोग ऊब चुके हैं।इस लिए भी आलाकमान ने मध्य प्रदेश के दिग्गजों के समूह को मैदान में तीर-कमान लेकर उतार दिया। शिवराज सिंह ने अपनी उदारवादी छवि से बाहर निकलने के लिए एमपी में यूपी की बुलडोजर राजनीति भी शुरू कि और साथ में मठ मंदिरों के पुनर्निर्माण की शुरुआत की। उन्होंने काशी की ही तरह उज्जैन में महाकाल के महालोक का निर्माण शुरू कराया। इनमें सबसे ज़्यादा अहम है ओंकारेश्वर में नर्मदा के तट पर आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना।बहरहाल अब भाजपा ने मामा को भी टिकट दे दिया है,तो अब देखना है कि जनता शिवराज के शासन को अहमियत देती है या सांसदों को इलाकेवार परखती है।

# कठोर नियम बनाकर रोकी जा सकती है निठारी कांड जैसी घटनायें?

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार 1 जनवरी 2018 से 30 जून 2023 की अवधि में भारत में कुल 2,75,125 बच्चे लापता है। यह वो आकड़ें है जो सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है और जो दर्ज नहीं है ? गायब होने वाले कुल बच्चों में 62,237 लड़के और 2,12,825 लड़कियां है। देश में प्रतिवर्ष 96,000 बच्चे गायब होतें है। सबसे अधिक बच्चे मध्यप्रदेश, गुजरात, दिल्ली, ओडिशा, और छत्तीसगढ़ राज्य से गायब होते है।

वर्ष 2006 में देश के समाचारों की सुर्खियों में मार्मिक एवं कष्टपूर्ण घटना के रूप में नोएडा सीरियल हत्याएं सभी के जेहन में है जिसे हम सभी निठारी कांड के नाम से भी जानतें है। वर्ष 2005 से 2006 के बीच की अवधि में बच्चे और महिलाएं लापता हो रहे थे जिनकी निर्मम तरीके से रेप एवं हत्या की गयी थी। ये सारी हत्याओं को डी- 5 कोठी पर अंजाम दिया गया था और इस कोठी का मालिक व्यवसायी मोनिंदर सिंह पंढेर था। डी-5 कोठी के पीछे नालें में 19 मानव कंकाल बच्चों एवं महिलाओं के मिले थे। इस पूरी घटना के मुख्य आरोपी मोनिंदर सिंह पंढेर एवं उसका नौकर सुरिंदर कोली बनाया गया। पंढेर का घरेलु नौकर बच्चों को मिठाइयाँ और चांकलेट देने का लालच देकर घर में लाता और उनका यौन शोषण और हत्या कर देता था। इस पूरी घटना में एक दो नहीं बल्कि अनेकों ऐसी बातें सामने आयी जिसे सुनकर सभी का खून खौल गया था और आरोपियों से लोगों को नफ़रत हो गयी। पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध रही, सही समय पर यदि पुलिस ने अपना कार्य किया होता तो शायद कई लोगों को बचाया जा सकता था। दिसम्बर 2006 में दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब पुनः यह केस चर्चा में है क्योंकि 16 अक्टूबर 2023 को इलाहबाद हाईकोर्ट ने इस मामलें में मुख्य आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। जबकि निठारी कांड में सीबीआई ने कुल 16 मामले दर्ज किए थे। इनमें से सुरेंद्र कोली को 14 मामलों में फांसी की सजा मिल चुकी है। जबकि मनिंदर सिंह पंढेर के खिलाफ 6 मामले दर्ज थे, इनमें से 3 मामलों में फांसी की सजा सुनाई गई थी। कोली को 12 केस, जबकि पंढेर को 2 केस में कोर्ट ने बरी कर दिया।



डॉ अजय मिश्रा

अपराध के मामलों में देश का कानून इस बात को लेकर प्रतिबद्ध रहता है की भले ही अपराध को अंजाम देने वाले लोग सबूतों के आभाव में छूट जाए परन्तु निर्दोष व्यक्ति को सजा न हो। इसी वजह से एक दो नहीं बल्कि कई बड़े अपराधों में दोषी व्यक्ति सबूतों के आभाव में आसानी से छूट जातें है। पर पीड़ित परिवार की बेदना, दुःख और अपनों को खोने के गम के साथ 17 वर्षो से न्याय के लिए प्रतिदिन के संघर्ष की आस टूटना समाज के लिए भी चिंता का विषय है। हम सभी को इस पर नए सिरे से सोचने के साथ कार्य करने की जरूरत है। अपराधियों द्वारा अपने स्वयं के बयान में कई बातों को स्वीकार किया गया है परन्तु अदालतें तो सबूतों पर चलती है। किसी के प्रेम लगाव, स्वजनों के वियोग से उन्हें लेनादेना नहीं होता। किसी भी घटना को रोकने की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है और यदि घटना घटित हो जायें तो पुनः उसी तरह की घटना न हो इसी अनुभव से कार्य करता है।



आश्चर्यजनक तथ्य यह भी है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार 1 जनवरी 2018 से 30 जून 2023 की अवधि में भारत में कुल 2,75,125 बच्चे लापता है। यह वो आकड़ें है जो सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है और जो दर्ज नहीं है ? गायब होने वाले कुल बच्चों में 62,237 लड़के और 2,12,825 लड़कियां है। देश में प्रतिवर्ष 96,000 बच्चे गायब होतें है। सबसे अधिक बच्चे मध्यप्रदेश, गुजरात, दिल्ली, ओडिशा, और छत्तीसगढ़ राज्य से गायब होते है। क्या इनमें कई मामले मानवतस्करी और बालमजदूरी से जुड़े नहीं है ? चलिए एक और आंकड़ों को साझा करते है एनसीआरबी के अनुसार वर्ष 2021 में 18 वर्ष से अधिक उम्र की कुल गायब होने वाली महिलाओं की संख्या 3,75,058 है। क्या यह और अधिक पीड़ा और दर्द पूर्ण नहीं है की वर्ष 2019 से 2021 के मध्य 13 लाख से अधिक लड़कियां और महिलाएं गायब है ?

राज्य और देश महज चुनावी चर्चा और वोट बैंक की राजनितिक का केंद्र बिंदु बनकर रह गया है। क्या देश की राज्य सरकारें और केंद्र सरकार मिलकर इस तरह के बड़े मुद्दों पर लगाम नहीं लगा सकती ? अपनों का अपनों से दूर होने का दर्द और उसकी पीड़ा समझने के लिए विषय की गंभीरता और कठोर नियमों की आवश्यकता है। इसके लिए राज्य एवं केंद्र दोनों सरकारों को साथ मिल कर कार्य करने और तकनीकी रूप से सक्षम नियमों के बनाने की आवश्यकता है। बनाये गये नियमों का कठोरता से पालन हो यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। यदि हम सब मिलकर अपनों को सुरक्षा नहीं प्रदान कर सकतें तो बाहरी आडम्बर को भी प्रदर्शित नहीं करना चाहिए। सेवा से पहले सुरक्षा का होना चाहिए क्योंकि लोग सुरक्षित रहेगें तभी सेवा की जरूरत होगी और यह तभी संभव हो पायेगा जब देश की सभी राजनितिक पार्टियाँ वोट बैंक के चश्मे से हटकर इस विषय की गंभीरता को समझेगी, अन्यथा कितने निठारी कांड अभी भी छिपे है या कितने भविष्य में होगे इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

युद्ध,मासूमों की सिसकियांद्ध
हाय बेवजह युद्ध ?
तेरी एक सनक ने
एक हठधर्मिता ने
इसराइल और पिलिस्तीन के लाखों नन्हे
मासूमों की जान ले ली,
महिलाओं की
कोख उजाड़ दी
न जाने कितनी
अबलाओं को बेघर
कर उनके पतियों को
मीनारों में दफ़न कर दिया,
तेरी एक बारूद की
चिंगारी ने हजारों लाखों
जीवन में अंधकार भर दिया, लानत है
अनावश्यक मर्दानगी पर
तुम्हारे बलशाली होने पर
कभी एक मासूम
अनाथ नन्हे की
जिंदगी सवार कर देखो,
किसी अबला को
सबला बना कर देखो,
उनकी रक्तिम आंसुओं
की चित्कार सुनों
और उनके आंसू
पोंछकर देखो,
तेरे पागलपन ने
दोनों देशों के हजारों
लाखों सैनिकों को
अस्तित्वहीन कर दिया ,
क्या यही युद्ध का उन्माद है ?
अगर तू अपनी शक्ति का
सदुपयोग मानव कल्याण
में करता तो तू
बुध, गांधी और मदर टेरेसा
और नेल्सन मंडेला होता,

**-संजीव ठाकुर**

# यातायात सुगमता के लिए समानान्तर रूप से सर्विस रोड का निर्माण कराया जाये

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने आज यहां लखनऊ में राष्ट्रीय मार्ग मुंशीपुलिया चौराहे एवं खुर्रमनगर चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पॉलीटेक्निक ग्राउण्ड पर कास्टिंग यार्ड का भी निरीक्षण किया और फ्लाईओवर को आगामी जनवरी माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि यातायात सुगमता के लिए समानान्तर रूप से सर्विस रोड का निर्माण कराया जाये तथा समस्त कार्य पूर्ण गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता से पूर्ण किया जाये।

लोक निर्माण मंत्री द्वारा विभागीय अधिकारियों, ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर तथा कंसलटेंट के साथ कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। उनके द्वारा सर्विस रोड का निर्माण कार्य समानान्तर रूप से



किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि यातायात को कोई दिक्कत न हो। निरीक्षण के समय राष्ट्रीय मार्ग के मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री जी कहा कि मुंशीपुलिया फ्लाईओवर को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 06 सितम्बर है, परन्तु विभाग द्वारा इस कार्य को जनवरी 2024 में ही समय से पूर्व पूर्ण किये जाने की लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार खुर्रमनगर फ्लाईओवर को निर्धारित तिथि जनवरी 2024 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है।

श्री प्रसाद ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर फ्लाईओवर के निर्माण हेतु 120.00 करोड़ रुपये का आगणन भारत सरकार को प्रेषित किया जा चुका है तथा इसकी स्वीकृति शीघ्र की प्राप्त होने की संभावना है। इस फ्लाईओवर की लम्बाई 890 मी0 तथा

■ लोक निर्माण मंत्री द्वारा मुंशीपुलिया चौराहे एवं खुर्रमनगर चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण

चौड़ाई 22.50 मीटर प्रस्तावित है। इस फ्लाईओवर के निर्माण से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी तथा पॉलीटेक्निक चौराहा होते हुये सीतापुर की ओर जाने वाले वाहनों को सुगत यातायात उपलब्ध हो सकेगा। मुंषीपुलिया चौराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य 135.56 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। इस फ्लाईओवर में 1400 मीटर लम्बाई का एलीवेटेड वायाडक्ट एवं 460 मीटर लम्बाई में दोनो ओर अप्रोच रोड एवं स्थानीय यातायात की सुविधा हेतु 3720 मीटर सर्विस रोड का प्राविधान रखा गया है।

## फसल बीमा अवश्य कराएं किसानः कृषि मंत्री

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा प्रदेश के सभी किसानों से अपील की गई है कि वे रबी सीजन 2023 में अपनी फसलों का बीमा अवश्य करायें। उन्होंने कहा कि इससे आपदा की स्थिति में संभावित क्षति की भरपाई हो सकेगी। यह महत्वपूर्ण योजना है जो विषम परिस्थितियों में किसानों को सुरक्षा कवच प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि रबी फसलों के बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में रबी की फसलों के लिए मात्र 1.5 प्रतिशत प्रीमियम ही किसान भाइयों को देना पड़ता है। शेष प्रीमियम की धनराशि राज्य सरकार और केंद्र सरकार अपने बजट से देती है। राज्य सरकार के द्वारा रु0 172.33 करोड़ रुपये राज्यांश की धनराशि किसानों के फसल के प्रीमियम के लिए जारी की जा चुकी है। पिछले 6 वर्षों के भीतर करीब 48 लाख किसानों को 4155.66 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति प्राप्त हुई है।

# 'मेरी माटी मेरा देश' के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का राज्य स्तरीय आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का राज्य स्तरीय आयोजन 28 अक्टूबर को अपराह्न 04:00 बजे वसुधा वंदन अमृत वाटिका, गोमती तट झूलेलाल पार्क लखनऊ में किया गया है। इस कार्यक्रम में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, केन्द्रीय राज्य मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय कौशल किशोर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चन्द्र यादव, महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा व डा अशोक बाजपेयी भी मौजूद रहेंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 अक्टूबर को अपराह्न 04 बजे इस महोत्सव में शामिल होंगे : जयवीर सिंह



इसके अलावा अध्यक्ष जिला पंचायत लखनऊ आरती रावत, विधान परिषद सदस्य मोहसिन रजा, मुकेश शर्मा, डा महेन्द्र सिंह, बुक्कल नवाब, श्री उमेश द्विवेदी, अवनीश कुमार सिंह, डा0 लालजी प्रसाद निर्मल के अलावा विधानसभा सदस्य आशुतोष टंडन, डा0 नीरज बोरा, जय देवी, योगेश शुक्ला, अमरेश कुमार तथा डा0 राजेश्वर सिंह को भी आमंत्रित किया गया है।

## महाकवि सूरदास की तपोस्थली पर होगा विभिन्न कार्यक्रम : जयवीर सिंह

सूरदास की तपोस्थली गोवर्धन के गांव परासौली स्थित चंद्र सरोवर पर शरद पूर्णिमा को शरदोत्सव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से द्वापरयुग की शोभा को जीवंत करने का प्रयास किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान गोपी-गीत तथा पद गायन किया जायेगा। इस आयोजन के दौरान हजारों की संख्या में दीप प्रज्वलित करके चंद्र सरोवर को जगमगाया जायेगा। शरद पूर्णिमा के दिन समूचे ब्रज में प्रेम और रस भाव की दिव्यता के साथ शरदोत्सव मनाया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गोवर्धन के गांव परासौली स्थित चंद्र सरोवर पर महारास की अनूठी परंपरा है। चंद्र सरोवर के किनारे सूर कुटी ही सूरदास जी की साधना स्थली है, जहां उन्होने कालजयी पदों की रचना की थी।

# विदेशी कोयला खरीदने का दबाव उपभोक्ता विरोधी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की तरफ से एक बार फिर देश में सभी राज्यों के ऊर्जा सेक्टर को विदेशी कोयला खरीदने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं सबसे बडा चौंकाने वाला मामला यह है कि कहीं भी कोई बिजली संकट आता नहीं की तुरंत विदेशी कोयला खरीदने की बात शुरू हो जाती है सिक्किम में बाढ के चलते हाइड्रो में उत्पादन में गिरावट आई तुरंत विदेशी कोयला 6 प्रतिसत खरीदने की बात शुरू हो गई शायद ऊर्जा मंत्रालय और कॉल मंत्रालय में आपस में समन्वय नहीं है क्योंकि 11 अक्टूबर को कोयला सचिव अमृतलाल मीणा ने कैबिनेट सेक्रेटरी भारत सरकार को जो पत्र लिखा है उसमें कहा है सितंबर 2023 में जहां 67.27 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हुआ वही सितंबर 2022 में केवल 58.07 मिलियन टन कोयले का उत्पादन हुआ था जो वर्ष 2022 की अपेक्षा वर्ष 2023 में 15.84 प्रतिसत अधिक है

■ सबसे ज्यादा काम कोयला उत्पादन होता है फिर विदेशी कोयला खरीद की बात क्यो : उपभोक्ता परिषद

जबकि सभी को पता है कि सितंबर के महीने में कोयले का उत्पादन सबसे खराब होता है क्योंकि बारिश के चलते खदानों में पानी आ जाता है ऐसे में जब सितंबर में कोयले का उत्पादन देश में इतना अच्छा है तो फिर विदेशी कोयला खरीदने की बात करना पूरी तरीके से बिजली दलों में बढोतरी के लिए आगे बढाने जैसा है।

उपभोक्ता परिषद ने कहा पहले भी विदेशी कोयले की लडाई उपभोक्ता परिषद ने जीता था और उत्तर प्रदेश में विदेशी कोयला नहीं खरीदा गया था इस बार भी जरूरत पडी तो पुणे पूर्व वर्षों की बात उपभोक्ता परिषद की आज का दाखिल करेगा क्योंकि इसमें कहीं ना कहीं देश के एक बडे निजी घराने को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

## अब तक 28794.26 मीट्रिक टन बाजरा और 2846.75 मीट्रिक टन मक्के की हुई खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोटे अनाज के तहत 28794.26 मीट्रिक टन बाजरा और 2846.75 मीट्रिक टन मक्का की खरीद कर ली गयी है। इस वर्ष समर्थन मूल्य 2500 रूपये प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से बाजरा और 2090 रूपये प्रति कुन्तल की दर से मक्का की खरीद की जा रही है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 2265.35 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई है। बाजरा की खरीद जनपद बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, बरेली, बदायूँ, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, अमरोहा, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, वाराणसी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ में की जा रही है।

# दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा भारत : मोहन भागवत

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सहारनपुर जनपद के सरसावा के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। श्री कृष्ण मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में आज यहां देश भर से साधु-संत जुट रहे हैं, जिसमें सर संघचालक मोहन भागवत बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंचे हैं। कार्यक्रम को लेकर पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट है। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत में एक विशेषता है कि वह पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा है। सर संघचालक मोहन भागवत कार्यक्रम में करीब दो घंटे रुकने के बाद सहारनपुर के पंत विहार स्थित श्री कृष्ण ज्ञान मंदिर के रजत जयंती महोत्सव में भी शिरकत करने पहुंचे।

आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन



भागवत ने कहा कि भारत में एक विशेषता है कि वह पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा है। भले ही पंथ ओर सम्प्रदाय अलग अलग हों, लेकिन काम सभी एक ही कर रहे हैं। धर्म सभी को जोड़कर रखता है।

कहा कि धर्म साश्वत है, अगर यह खत्म हुआ तो श्रृष्टि भी खत्म हो जाएगी। इसलिए कुशलतापूर्वक कार्य करें। कभी भी अपने अंदर अंहकार मत लाओ। पवित्रता जरूरी है। भागवत गीता में भारत के जीवन का

■ रखें श्रद्धा-दान और त्याग की भावना

निचोड़ है। व्यक्ति को श्रद्धा, दान और त्याग की भावना रखनी होगी। जो भी करो वह उत्तम होना चाहिए।

कहा कि जीवन मे आने वाली परिस्थितियों से भागना नहीं है, इनका मुकाबला करो। यदि भाग गए तो जिंदा होते हुए भी मौत के समान है। प्रकृति के साथ चले, यह धर्म की आवश्यकता है। दुनिया मे ऐसे भी लोग हैं जो दुष्ट हैं, उनसे घबराना नहीं है। हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है। सभी को साथ लेकर चले। वहीं आचार्य कारंजेकर बाबा ने कहा कि हमने देवबंद में श्री कृष्ण मंदिर का निर्माण करने के लिए लोक निर्माण विभाग के मंत्री से जमीन मांगी है। उन्होंने वहां पर जमीन दिलाने का आश्वासन दिया है अगर जमीन मिलती है तो हम देवबंद में भी श्री कृष्ण मंदिर बना देंगे।

# ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है : उमानंद



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 'समरविल स्कूल बी-ब्लाक, राजाजीपुरम, लखनऊ' के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 397वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकत्री श्रीमती पद्मा गुप्ता ने अपने सम्मानित पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया तथा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है'' गायत्री परिवार की डॉ0 नीलम गुप्ता ने भी अपने विचार रखे तथा संस्था की प्रधानाचार्या श्रीमती संचिता सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, डॉ0 नीलम गुप्ता, श्रीमती पद्मा गुप्ता, संस्थान के निदेशक श्रीमती प्रतीक्षा शुक्ला, प्रधानाचार्या श्रीमती संचिता श्रीवास्तव, शिक्षक/शिक्षिकायें सहित छात्र-छात्रायें, मौजूद थे।

# कांग्रेस छोड़कर सपा में लौटन राम निषाद की पुनर्वापसी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राम में आस्था न रखने के कारण समाजवादी पार्टी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष चौ.लौटनराम निषाद को 24 अगस्त 2020 को पदच्युत कर दिया गया था।अयोध्या में कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद प्रेस कांफ्रेंस में एक नेशनल चैनल के रिपोर्टर द्वारा कहा गया कि निषादराज तो राम के मित्र थे और निषाद समाज तो राम का भक्त होता है,आपकी राम में आस्था है कि नहीं।निषाद ने कहा कि मेरी राम में आस्था नहीं,यह मेरी निजी राय है,मेरी आस्था संविधान में है,डॉ.अम्बेडकर, शाहूजी महाराज, ज्योतिबा फूले, पेरियार, बीपी मंडल, कर्पूरी ठाकुर, रामचरणलाल निषाद, रामप्रसाद अहीर, स्वामी ब्रह्मानंद लोधी, सावित्रीबाई फूले, बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा आदि महापुरुषों में है,जिनके संघर्षों,बलिदानों से पिछड़ों, दलितों, वंचितों को पढ़ने, कुर्सी पर बैठने,



सम्मान से जीने, नौकरियों में प्रतिनिधित्व पाने का अधिकार मिला है। इसी बयान के कारण उन्हें पद से हटा दिया गया था।

इसके बावजूद लौटनराम निषाद भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रुप में जातिगत जनगणना, समानुपातिक प्रतिनिधित्व की मांग, कोलेजियम, लेटरलइन्ट्री, ओबीसी, एससी, एसटी की हकमारी के विरोध में आवाज उठाते रहे। विधानसभा चुनाव से पूर्व छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्या ग्रहण कर लिए, इसके बावजूद समाजवाद और सामाजिक न्याय का मुद्दा उठाते रहे। उन्होंने कहा कि अपनी वैचारिकी के कारण कांग्रेस में असहज महसूस कर रहा था।आज अपने पुराने घर में वापसी के बाद काफी आह्लादित हूँ और परिवार की तरह महसूस हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने लौटनराम निषाद लिखित निषाद समाज का वृहद् इतिहास नामक पुस्तक का विमोचन किए। अखिलेश यादव ने कहा कि लौटनराम निषाद अब हमारे साथ आ गये हैं।

# प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा बीमार : सुधाकर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने हापुड़ में एक मुस्लिम युवक (इरशाद मोहम्मद, 25) की लिंचिंग (भीड़ हत्या) की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने कहा है कि भाजपा द्वारा नफरत की राजनीति को हवा देने के चलते लिंचिंग गिरोहों को शह मिल रही है और वे प्रदेश में फिर से सर उठा रहे हैं। यह तब है, जब देश की आला अदालत ने भीड़ हत्या के खिलाफ राज्य सरकारों को कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं।

भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि भीड़ हत्या के नामजद आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए। ऐसी घटनाएं सख्ती से रोकी जाएं। जानकारी के अनुसार, जिले में लुहारी गांव के रामलीला स्थल के निकट बीते मंगलवार को दशहरा उत्सव से जुड़े एक व्यक्ति को इरशाद की बाइक से टक्कर लगने के कारण

■ हापुड़ में मुस्लिम युवक की लिंचिंग (भीड़ हत्या) की माले ने कड़ी निंदा की

उसकी भीड़ हत्या कर दी गई। उसके बचाव में आये एक मुस्लिम व्यक्ति को भी घायल कर दिया गया।

एक अन्य बयान में, माले राज्य सचिव ने कहा कि प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा बीमार हो गया है। वह स्वास्थ्य के बजाय बीमारी बांटने लगा है। कानपुर मंडल के जिलों के 14 बच्चों को इलाज के नाम पर बीमारी बांटी गई। माले नेता सुधाकर ने कहा कि संक्रमित खून चढ़ाने से मासूमों को हेपेटाइटिस व एचआईवी जैसी मिली नई बीमारियां स्वास्थ्य विभाग के नाकारापन और भ्रष्टाचार की देन हैं। यदि विभाग सजग व सक्रिय होता, तो बच्चों के जीवन पर खतरा और न बढ़ता। अस्पतालों ने खून चढ़ाने से पहले उसकी सावधानी से जांच नहीं की और जरुरी एहतियात नहीं बरते। यह खून के अवैध व्यापार से भी जुड़ा मामला हो सकता है।

# यूनिटी कालेज के कायम अब्बास नेशनल एथलेटिक्स में लेंगे हिस्सा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूनिटी कालेज के कक्षा 10 के छात्र कायम अब्बास जैदी ने सीआईएससीई जोनल व रीजनल में स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल प्रतियोगिता में जगह बनायी। कायम अब्बास नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को अमौसी एयरपोर्ट से कर्नाटक रवाना होंगे। गुरुवार को कालेज के प्रधानाचार्य कैस्टीलिनो फ्रांसिस और सचिव नजमुल हसन रिजवी सहित खेल अध्यापक आमिर अली व समस्त कालेज स्टाफ ने कायम अब्बास को नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन व स्वर्ण पदक हासिल करने की शुभकामनाएं दी।

यूनिटी कालेज के पीटीआई व पूर्व हाकी खिलाड़ी आमिर अली ने बताया कि कालेज के छात्र कायम



■ आज अमौसी एयरपोर्ट से कर्नाटक होंगे रवाना

■ 100 मीटर दौड़ व दो रिले प्रतियोगिता में होंगे शामिल

अब्बास फुटबॉल के उम्दा खिलाड़ी है साथ ही एथलेटिक्स में भी हुनर रखते हैं। उन्होंने बताया कि कर्नाटक के तुमकुर में कायम अब्बास सीआईएससीई नेशनल प्रतियोगिता की 100 मीटर, 400 गुणे 100 और 4 गुणे 400 मीटर रिले में हिस्सा ले रहे हैं। आमिर अली ने बताया कि कायम अब्बास 100 मीटर दौड़ में माहिर हैं। उम्मीद है कि स्वर्ण पदक जीतने में कायम अब्बास पूरी तरह कामयाब होंगे। उन्होंने बताया कि 27 से 30 अक्टूबर तक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 31 अक्टूबर को कायम अब्बास को लखनऊ एयरपोर्ट से लेने के लिए कई बड़े खिलाड़ी जायेंगे जो कि शहर के अलग-अलग मैदानों के विभिन्न खेलों को प्रशिक्षण ले रहे हैं। कर्नाटक रवाना होने से पूर्व कालेज के खिलाडियों ने कायम अब्बास को कैम्पस में ही बधाई देते हुई विदाई दी।

## बच्चों को एड्स और हेपेटाइटिस संक्रमित रक्त चढ़ाया जाना घोर चिंता का विषय

**लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उप्र राज्य सचिव मण्डल ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा है कि कानपुर के एक अस्पताल में 14 बच्चों को एड्स और हेपेटाइटिस संक्रमित रक्त चढ़ाया जाना घोर चिंता का विषय है। यह गंभीर लापरवाही है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि उ0प्र0 में स्वास्थ्य व्यवस्था की कितनी बुरी हालत हो चुकी है। बच्चों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ करना जघन्य अपराध है। दूसरी तरफ डेंगू, चिकनगुनिया और वायरल बुखारों से लोग पीड़ित हैं। लोगों की मौतें हो रही हैं। एक बेड पर दो-दो मरीज पड़े हैं। डाक्टर, बेड और इलाज का घनघोर अभाव हैं भाजपा की योगी सरकार कोरोना की तरह ही इस महामारी को भी छिपाने की कोशिश कर रही है। भाजपा की योगी सरकार प्रदेश की जनता को राहत देने, स्वास्थ्य सेवाओं की हालत सुधारने पर कतई ध्यान नहीं दे रही है।

# ग्रीन टेक्नो 3.0 पर टीएमयू में होगी नेशनल कॉन्फ्रेंस

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से हरित प्रौद्योगिकी-रिसर्च ट्रेंड्स इन ग्रीन एसपेक्ट्स ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी-आरटीजीएएसटी पर तीसरी नेशनल कॉन्फ्रेंस हो रही है। 27 अक्टूबर को आयोजित इस ग्रीन टेक्नो 3.0 कॉन्फ्रेंस में जाने-माने वैज्ञानिक और शिक्षाविद शिरकत करेंगे। एफओई के निदेशक एवम् कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर प्रो. आरके द्विवेदी ने उम्मीद जताई है, यह कॉन्फ्रेंस साइंस और टेक्नोलॉजी के छात्रों, शोधार्थियों और फैकल्टी के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगी। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. वरूण कुमार सिंह ने बताया, कॉन्फ्रेंस में तीन बेस्ट ऑरल एंड पोस्टर प्रेजेंटेशन पुरस्कृत किए जाएंगे।

■ टीएमयू के वीसी प्रो. रघुवीर सिंह करेंगे 27 को कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, यह कॉन्फ्रेंस ग्रीन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। कॉन्फ्रेंस में जाने-माने ये साइंटिस्ट पर्यावरण को संरक्षित और संवर्धित करने के अनुभव और तकनीक को साझा करेंगे। इससे न केवल टीएमयू के स्टुडेंट्स और फैकल्टी, बल्कि देशभर के स्टुडेंट्स और फैकल्टी भी अपडेट होगी।

कॉन्फ्रेंस का आगाज तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह प्रातः 10 बजे मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग करेंगे, जबकि टीएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन की भी गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस में रिसर्च टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेट्री, एमएचएससी मुरादाबाद के जनरल मैनेजर डॉ. आरके शर्मा बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद के बॉटनी की एचओडी डॉ. अनामिका त्रिपाठी बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शिरकत करेंगी। कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के शोधार्थी तीस से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। कॉन्फ्रेंस के कंन्वीनर डॉ. गन्धर्व कांफ्रेंस की थीम और रसायन विज्ञान विभाग की उपलब्धियों का उल्लेख करेंगे। उल्लेखनीय है कि आधी सदी से औद्योगिकीकरण की अंधी दौड़ में जहरीले रासायनिक पदार्थो का अत्याधिक उत्सर्जन हो रहा है। औद्योगिकीकरण की इस दौड़ में मानव समाज ने पर्यावरण को इतना प्रदूषित कर दिया है कि इसके भयानक परिणाम विभिन्न जैविक और भौतिक आपदाओं के रूप में समय-समय पर आते रहते हैं।

# 27 देशों के 300 संगीतकारों की होगी प्रस्तुति

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की मेजबानी में आगामी 28 अक्टूबर, शनिवार को इण्टरनेशनल आर्केस्ट्रा का भव्य आयोजन सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सायं 6.00 बजे से किया जा रहा है, जिसमें 27 देशों के 300 से अधिक संगीतज्ञ एक साथ एक छत के नीचे वैश्विक धुनों व संस्कृतियों का अनुपम संगम प्रस्तुत करेंगे। आज यह सभी संगीतकार एक प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से रूबरू हुए और अपनी कला प्रतिभा से प्रेस को अवगत कराया। अब 28 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय आर्केस्ट्रा 'कार्मिना बुराना' की प्रस्तुति में 200 से अधिक गायक व 100 से अधिक संगीतकार जर्मन संगीतकार कार्ल ओर्फ द्वारा रचित गीतों को एकल व समूह गायन के माध्यम से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। प्रेस कान्फ्रेन्स में उपस्थित इण्टरनेशनल आर्केस्ट्रा 'कार्मिना बुराना' की मेजबान सी.एम.एस. राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की वरिष्ठ प्रधानाचार्या सुश्री



निशा पाण्डेय ने बताया कि यह अन्तर्राष्ट्रीय संगीत समारोह इण्डिया नेशनल यूथ आर्केस्ट्रा, फ्लिहार्मोनिक वियना आर्केस्ट्रा, आस्ट्रिया, एसोसिएटेड बोर्ड ऑफ रायल स्कूल ऑफ म्यूजिक (ए.बी.आर.एस.एम.), लंदन एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जो कि भारत-आस्ट्रिया के 75 वर्षीय राजनैतिक सहयोग को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में महती भूमिका निभायेगा। प्रेस कान्फ्रेन्स को संबोधित करते हुए श्रीमती पाण्डेय ने आगे कहा कि 'कार्मिना बुराना' का प्रस्तुतिकरण प्रख्यात संगीतज्ञ विजय उपाध्याय के नेतृत्व में किया जायेगा, जिनमें लगभग 100 वाद्ययंत्रों के साथ सामूहिक गायन प्रस्तुतियाष्ट्र होगी। इसके अलावा, एकल गायन में सुश्री जीनस येगन, सोप्रानो लुइस कार्लोस, हर्नान्डेज ल्यूक, टेनर जुबिन अमीरी एवं बैरिटोन अपनी स्वरलहरियों की छटा बिखेरकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। श्रीमती पाण्डेय ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय संगीत महोत्सव में जिन 27 देशों के कलाकार प्रतिभाग कर रहे हैं, उनमें आस्ट्रिया, अर्जेन्टीना, बोस्निया एण्ड हर्जेगोविना, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, क्रोएशिया, साइप्रस, ग्रीस, चेक

■ 28 अक्टूबर को रूबरू होंगे लखनऊवासी

■ आज एक प्रेस कान्फ्रेंस में पत्रकारों से मिले सभी 300 संगीतज्ञ

रिपब्लिक, जर्मनी, इजिप्ट, फिनलैंड, हंगरी, इटली, न्यूजीलैंड, पोलैण्ड, रूस, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया, स्पेन, स्विटजरलैण्ड, अमेरिका, वेनेजुएला एवं भारत प्रमुख हैं।

सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय आर्केस्ट्रा 'जय जगत' अर्थात 'समस्त मानवता का कल्याण हो' की भावना पर आधारित है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि इस संगीत समारोह के माध्यम से सी.एम.एस. एकता, शान्ति, सौहार्द व सहयोग की की आवाज को पूरे विश्व में बुलन्द करना चाहते हैं। यह संगीत महोत्सव लघु विश्व की अनूठी झाँकी प्रस्तुत करेगा।

# 28 को कानपुर में बुंदेलखंड क्षेत्र का अनुसूचित वर्ग का क्षेत्रीय सम्मेलन होगा आयोजन

## अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी होगें शामिल

**अवधनामा ब्यूरो**

**■ सम्मेलन के माध्यम से अनुसूचित वर्ग के लोगों को संगठित करने का प्रयास किया जाएगा: संजीव**



**इटावा।** सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में लोकसभा सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि महर्षि बाल्मीकि जयंती पर आगामी 28 अक्टूबर 2023 दिन शनिवार को कानपुर के किदवई नगर में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का अनुसूचित वर्ग का क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस, सपा एवं बसपा की गलत नीतियों से लगातार अनुसूचित वर्ग के लोगों का इनसे मोह भंग हो गया है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों पर चल रही है एवं अनुसूचित वर्ग के दबे कुचलों को उनका हक दिला रही है। सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कांग्रेस, सपा और बसपा शासन की तुलना भाजपा शासन से करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारो ने अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति को सिर्फ एक वोटबैंक के रूप मे इस्तेमाल किया है। इनको मुख्य धारा मे लाने का कोई प्रयास नही किया।

अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी शामिल होंगें।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों की 52 विधानसभा क्षेत्रों से अनुसूचित मोर्चा के लगभग 1 लाख कार्यकर्ता कानपुर के किदवई नगर में जुटेंगे। प्रत्येक विधानसभा से अनुसूचित मोर्चा के 2000 कार्यकर्ता इस क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से अनुसूचित वर्ग के लोगों को संगठित करने का प्रयास किया जाएगा तथा उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी के मूल मंत्र%सबका साथ सबका विकास% से जोड़ा जाएगा। जनपद इटावा की इटावा सदर, जसवंतनगर एवं भर्थना विधानसभा से 80 बसों एवं 100 से अधिक कारों के माध्यम से प्रत्येक विधानसभा से 2000 कार्यकर्ता कानपुर के किदवई नगर में आयोजित होने वाले अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय सम्मेलन में सम्मिलित होंगें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, अन्नू गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह कुशवाह, शिवकिशोर धनगर, विमल भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख चकरनगर राकेश यादव, जिला मंत्री डॉ.ज्योति वर्मा, रजत चौधरी, राहुल राजपूत, चक्रेश जैन जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मुकेश यादव, अमित तिवारी मानू, जिला पदाधिकारी, मोर्चाओं के अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, प्रधान सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में फर्जी आईपीएस को लगी गोली, गिरफ्तार

**■ आईजी क्राइम लखनऊ रिफाइनरी से तेल चोरी के आरोपितों को कर रहा था बचाने का प्रयास**

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** रिफाइनरी की पाइप लाइन में सेंधमारी कर तेल चोरी के आरोप में पकड़े गये आरोपितों को बचाने के लिए फोन पर खुद को आईजी क्राइम लखनऊ बता कर पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे राजस्थान के भरतपुर जिले का शातिर अपराधी मथुरा पुलिस के रडार पर था। गुरुवार को पुलिस को इनपुट मिला का शातिर मथुरा जनपद में ही मौजूद है। इसके बाद थाना मगोर्रा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने कार्यवाही की। संयुक्त टीम की मगोर्रा क्षेत्र में शातिर अपराधी के साथ मुठभेड़ हुई। थाना मगोर्रा क्षेत्रान्तर्गत सौंख रोड पर हुई मुठभेड़ में गोली लगने से राधेश्याम उर्फ सुभाष कुन्तल पुत्र पूरन सिंह निवासी अजान थाना उद्योग नगर जिला भरतपुर (राजस्थान) घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। शातिर फर्जी आईपीएस सुभाष कुन्तल आईपीएस अफसर बनकर अपने मोबाइल नम्बर से थाना प्रभारियों के नंबर पर मुकदमों में वांछित व्यक्तियों और उनके परिवारजनों के नाम व पते व मोबाइल नम्बर प्राप्त कर मुकदमे से नाम निकालने का आश्वासन देकर जनता से अवैध धन वसूली का कार्य करता है। फर्जी आईपीएस हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर 13 मुकदमे पंजीकृत हैं। जिसमें जनपद मथुरा से कुल छह मुकदमे हैं जिसमें थाना हाईवे क्षेत्र में वर्ष 2014 में ट्रिपल मर्डर में चार वर्ष मथुरा जेल में निरुद्ध रहा है। इसके कब्जे से 21 फर्जी आईपीएस विजिटिंग कार्ड, एक फर्जी आईएएस विजिटिंग कार्ड, एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर बरामद हुए हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# योगासन एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में आयोजित डॉ राजेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय योगासन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र जसवन्तनगर के सभागार में किया गया जिसका उद्घाटन अलकेश सकलेचा खण्ड शिक्षा अधिकारी के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत किया गया। उन्होंने बच्चों के कार्यक्रमों को खूब सराहा विशिष्ट अतिथि के रूप में मधुर श्रीवास्तव बेसिक शिक्षा प्रभारी अटेवा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी विजेताओं खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। समूह नृत्य में कन्या यूपीएस जसवन्तनगर की टीम विजेता घोषित हुई जबकि समूह गान में यूपीएस नगला छत्ते की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगासन एवं अंत्याक्षरी में यूपीएस धरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकांकी में यूपीएस जसवन्तनगर टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगासन में यूपीएस धरवार विजेता यूपीएस नगला छत्ते उपविजेता रही।

प्रतियोगिता का संचालन राजेश जादौन ब्लाक व्यायाम शिक्षक द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका बलबीर यादव देवेंद्र कुमार सत्यनारायण प्रसाद प्रियंका सिंह ने निभाई कार्यक्रम में लाली बहन जी शिवानी ललिता सुनीता योगेंद्र कुमार विमल कुमार हंसराज कैलाश नकुल ने सहयोग प्रदान किया। राजेश जादौन ने बताया कि आज दिनाँक 27 अक्टूबर को यही विजेता प्रतिभागी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में महात्मा ज्योतिबा फूले स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतिभाग करेंगें।

# तीन चोर किये गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** महानगर की जमुनापार थाना पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 14 चुराए हुए मोबाइल फोन बरामद हुए है। एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि जमुनापार पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये जमुनापार क्षेत्र से 26/27 और 30/31 अगस्त की रात्रि में हुयी नकबजनी की घटना में वांछित तीन शातिर चोर तनुज उर्फ तनुआ पुत्र नन्द कुमार निवासी शाहपुर ठठोई थाना इगलास जिला अलीगढ, अंकित शर्मा पुत्र संजय शर्मा निवासी बारह सैनी मौहल्ला सासनी थाना सासनी जिला हाथरस, शुभम पुत्र स्व. सीताराम निवासी शाहपुर ठठोई थाना इगलास जिला अलीगढ को ढहरूआ फाटक से सिद्धार्थ नगर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। ये शातिर चोर दुकान की छत से पटिया काटकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के 14 मोबाइल, एक पैन ड्राइव, डीवीआर व 2 पैकेट बादाम, 2 पैकेट काजू, एक पैकट बीडी, एक पैकेट सिगरेट व बेल्चा बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र.नि जमुनापार सूरज प्रकाश शर्मा, स्वाट टीम प्रभारी अभय कुमार शर्मा, सर्विलांश टीम प्रभारी विकाश शर्मा, उ.नि. मोहित कुमार, उ.नि. सत्यवीर सिंह थाना जमुनापार मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने किया मण्डलीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

**वहाज अली निहाल**



**■ खेल के समय अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और जीतने से ज्यादा सीखने की भावना से खेले: सरिता भदौरिया**

**इटावा।** सदर विधायक सरिता भदौरिया ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं शांति दूत कबूतर एवं गुब्बारे उड़ाकर तथा छात्रों को मशाल देकर 34 वीं मण्डलीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता का ज्योतिवा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम इटावा में उद्घाटन किया।

उन्होंने इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुये बच्चों से कहा कि खेल के समय अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और जीतने से ज्यादा सीखने की भावना से खेले। उन्होंने कहा कि पूरे कानपुर मंडल के जनपदों से बच्चें चयनित होकर आज यहां तीन दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एकत्रित हुये है यह बहुत अच्छी बात है। आप यहां भली प्रकार सीखे और सीख कर आगे प्रदेश, देश व अर्न्तदेशीय प्रतियोगिताओं में भाग लें और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हर एथलेटिक्स(खेल)की अपनी बारिकियां होती हैं उन बारिकियों को सीखे तभी आगे बढ़ सकते है। उन्होंने कहा कि पहले माना जाता था कि खेल-कूद में कोई भविष्य नहीं है लेकिन अब हर कोई मानता है कि खेलों में बहुत बेहतर भविष्य है। शासन द्वारा भी खिलाड़ियों को विभिन्न प्रकार का प्रोत्साहन दिया जा रहा है और खेल के कोटे से भी नौकरियां दी जाती है, साथ ही उन्होंने कहा कि आप ख्वाब देखे मगर नींद के नहीं खुली आँखों से वे निश्चित ही पूरे होंगे।

एथलेटिक्स उद्घाटन के अवसर पर शिवाजी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की मोहक प्रस्तुति दीं गयी, इसके उपरांत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं सोरावाल बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया साथ ही आर्यकन्या इंटर कॉलेज की बालिकाओ द्वारा सामूहिक लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दीं गयी एवं अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्ति के गीत पर प्रस्तुतीकरण किया गाया। मण्डल के समस्त जनपदो के प्रतिभागियों एवं जनपद कर एन.सी.सी. एवं स्काउट एवं गाइड के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट कर विधायक को सलामी दी गयी। इस प्रतियोगिता में शुक्रवार को सीनियर बालक, जूनियर बालक, सब जूनियर बालक तथा सीनियर बालिका, जूनियर बालिका, सब जूनियर बालिकाओं की विभिन्न दूरी की दौड़े, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक एवं लम्बी कूद आदि प्रतियोगिताएं होनी है।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक/सह सयोजक मनोज कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.मुकेश यादव, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, मण्डलीय क्रीड़ा सचिव एवं जनपद के समस्त विद्यालयों के सम्मानित प्रधानाचार्य गण एवं प्रतियोगिता आयोजक प्रधानाचार्य द्वय सनातन धर्म इंटर कॉलेज संजय कुमार शर्मा एवं गुफरान अहमद एच. एम.एस.इस्लामिया इण्टर कॉलेज एवं जनपदीय क्रीड़ा सचिव नरदेव आर्य एवं समस्त व्यायाम शिक्षक अपने उत्तरदायित्वों के साथ उपस्थित रहे, सनातन धर्म इंटर कॉलेज से सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी कुलदीप कुमार व एन.सी.सी प्रभारी ऊषा यादव राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अरशद मलिक इस्लामिया इंटर कॉलेज, सुशील यादव राजकीय इंटर कॉलेज, प्रियांक मिश्रा सनातन धर्म इंटर कॉलेज एवं स्काउट एवं गाइड प्रभारी कृष्ण कुमार सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सुनीता साहू आर्यकन्या इंटर कॉलेज इटावा का विशेष सहयोग रहा। अंत में प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभिक संचालन इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रवक्ता डॉ.कुश चतुर्वेदी एवं प्रतियोगिता संचालन आशा वशिष्ठ, सुशील कुमार द्विवेदी, आशुतोष नारायण, परम यादव द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवपाल पहुँचे इकदिल, देखा रावण वध व मेला



**इटावा, इकदिल, अवधनामा ब्यूरो।** श्री प्रताप रामलीला समिति इकदिल के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय इकदिल के मैदान में आयोजित रामलीला में कलाकारों द्वारा राम-रावण युद्द हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने इकदिल पहुंचकर भाग लिया। उन्होंने कहा कि बुराई का अंत होना निश्चित है इसलिए हमें श्री राम जी के आदर्शो पर चलना चाहिए। श्री यादव का रामलीला समिति के अध्यक्ष सुनील टंडन एड., प्रबन्धक उमेश राजपूत डुल्ले ने भगवान श्री कृष्ण जी की प्रतिमा भेंट की। रामलीला समिति के मंत्री रजत वर्मा ने संचालन किया। इस मौके पर उमा शंकर पांडेय, सुघर सिंह राजपूत, नितिन गुप्ता, रोहित राजपूत, सुशील टंडन, संमुखम राजपूत, उत्तम राजपूत, सुमित गोयल, पम्मी राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### 5 लोग विधुत चोरी करते पाए गए



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अधीक्षण अभियंता अधिशाषी अभियन्ता प्रथम के निर्देश में उपखंड अधिकारी पीयूष मौर्य, अवर अभियनंता शिवम शर्मा तथा प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम ने 33/11 के0वी0उपकेन्द्र से संबंधित क्षेत्र अवन्ती नगर मे लाइन लास कम करने के लिए विद्युत चोरी पकड़ने के लिए अभियान चलाया। उक्त अभियान में 5 लोग चोरी करते पाए गए सभी की धारा 135 में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### मेरी मॉटी मेरा देश, मिट्टी कार्यक्रम से लोगों में देश प्रति समर्पण की भावना जागी हैं: जय प्रकाश



**हरदोई।** रसखान प्रेक्षागृह में मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन, वीर वंदन अमृत कलश यात्रा, देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को सर्मपित कार्यक्रम एवं मिशन शक्ति के तहत आयोजित भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद हरदोई जय प्रकाश रावत ने विशिष्ट तिथि सांसद अशोक रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर सांसद जय प्रकाश रावत ने कहा कि देश के लोगों को एक सूत्र में बांधने के लिए प्रधानमंत्री जी द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है ताकि लोग अपने देश एवं देश की मॉटी के प्रति सर्मपित हो और देश के उत्थान के लिए आगे आये। उन्होने कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान के लिए जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं में उत्साह बढ़ता है और वह देश के प्रति होने वाले रंगारंग कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते है। सांसद ने कहा आज मिशन शक्ति के तहत महिलाें एवं बालिकाओं का आत्म सम्मान बढ़ा है और अब वह निडर होकर किसी भी समय घर के बाहर निकल सकती है।

# लांर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल अडिग जिला मथुरा उत्तर प्रदेश की ओर से राष्ट्रीय एकता अखंडता खुशहाली एवम् सामाजिक समरसता के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह एवं राजू ठाकुर पत्रकार मथुरा की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से हक इंसाफ और इंसानियत की वैचारिक क्रांति एव बृजवासी गौ रक्षक सेना के राष्ट्रीय कवि लेखक ऋषि पाल भदाना जिला सोनीपत हरियाणा ने महापुरुषों व शहीदों को याद करते हुए स्कूल सदस्यों के साथ दीपक जलाकर राष्ट्र के प्रति उनके सच्चे प्रेम को नमन किया इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति कविता भजन प्रस्तुत किए गए जिनको मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता अखंडता के लिए सत्य ईमानदारी से मिल जुलकर काम करने की शपथ भी दिलाई गई व राष्ट्र की उन्नति एवं खुशहाली के लिए पौधारोपण भी किया गया ।इस अवसर पर ऋषि पाल भदाना ने अपनी स्वय रचित देशभक्ति एवं सामाजिक कविताओं के माध्यम से उपस्थित जनों को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराते हुए व उसे बचाने की अपील करते हुए कहा मां और मातृभूमि में कोई अंतर नहीं होता एक मां जहां हमें जन्म देखकर हमारा पालन पोषण करती है वही दूसरी मां हमें अन्न धन देकर बलशाली व शक्तिशाली बनती है इसलिए इसकी सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है उन्होंने कहा जब से अपने प्यारे देश भारत में पश्चिमी सभ्यता का विस्तार हुआ है भारतीय संस्कृति पर प्रहार हुआ है फैशन की होड़ में जिंदगी की भाग दौड़ में इसे खोने की नहीं बचाने की जरूरत है हमें दूसरों को नहीं पहले खुद को जगाने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह यादव एवं स्कूल स्टाफ के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि ऋषि पाल भदाना जिला सोनीपत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया मंच का संचालन अशोक यादव अध्यापक ने किया सम्मानित बच्चों में कनक, खुशी, करिश्मा, तान्या, सोनिया, निशा, पानी, अनु, कल्पना, अंशदीप, राजू, अक्षय, लक्ष्य, धर्मेंद्र, सौरभ आदि रहे इस अवसर पर अतिथि गण राजू ठाकुर पत्रकार मथुरा, खन्ना सैनी पत्रकार, लक्ष्मी नारायण यादव, सौरभ व लक्ष्मण सिंह, धर्मेंद्र पत्रकार सहित, अरविंद चौधरी, संजू शर्मा, सुधांशु, सुधा शर्मा, बिजेंद्र यादव, सुमन देवी, प्रभा, लक्ष्मी देवी एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# पांच नवम्बर को मनेगी अहोई अष्टमी, तैयारियों शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**■ अहोई अष्टमी मेला पर पुख्ता इंतजाम, मंथन किया**

**■ एसडीएम और सीओ ने स्थानीय लोगों से मांगे सुझाव**


**मथुरा।** कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी यानि अहोई अष्टमी स्नान मेला पांच नवंबर को राधारानी कुंड लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त आस्था के गोते लगायेंगे। जिसको लेकर प्रशासन गंभीर है। पुलिस चौकी राधाकुंड पर कस्बे के लोगों के साथ पुलिस अधिकारियों ने बैठक की और तैयारियों को लेकर सुझाव और फीडबैक लिया। अहोई अष्टमी स्नान मेला में पुख्ता इंतजाम और चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स रहेगी, दो दर्जन मुख्य बैरियल, नगर के करीब दो दर्जन से अधिक जगहों पर बेरिकेटिंग, आधा दर्जन जगहों पर पार्किंग स्थल रहेगी आदि जगहों की व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम मयंक गोस्वामी, सीओ राम मोहन शर्मा, थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्र, इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह चौहान, चौकी प्रभारी शैलेंद्र शर्मा आदि ने नगर के संभ्रांत व्यक्तियों, साधू संत, व्यापारी आदि व्यक्तियों के साथ पुलिस चौकी राधाकुण्ड में बैठक कर मेला की व्यवस्था पर मंथन किया गया. एसडीएम मयंक गोस्वामी ने बताया की राधारानी परिक्रमा मार्ग और नगर की मुख्य रास्ते, गालियां कुंड के घाटों को लेकर सुजाब मांगे और मंथन हुआ। राधाकुंड नगर पंचायत कर्मचारियों को बैरियल, बेरिकेटिंग आदि व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सीओ राम मोहन शर्मा ने बताया कि इस वर्ष अहोई अष्टमी स्नान मेला पर पुख्ता इंतजाम रहेंगे। पर्याप्त पुलिस बल रहेगा। मेला की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वन वे सिस्टम रहेगा वहीं साड़ों को नगर पंचायत कर्मियों द्वारा पकड़वा कर एक जगह पर बन्द रखा जाएगा।

## इजराइल फिलिस्तीन विवादः एआइपीएमएम ने जूम मीटिंग का किया आयोजन

# फिलिस्तीन के आम नागरिकों को निशाना बनाया जाना निन्दनीय: एआइपीएमएम

**अवधनामा संवाददाता**

**■ संगठन ने आम नागरिकों के मारे जाने पर दुख व्यक्त किया**



**लखनऊ।** विगत दिनों इसराइल एवं फिलिस्तीन के मुद्दे पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ एक जूम मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में शामिल सभी लोगों ने इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी युद्ध में आम नागरिकों के मारे जाने पर अत्यंत दुख व्यक्त किया। इसराइल और फिलिस्तीन में मारे गए आम नागरिकों के प्रति ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की ओर से शोक संवेदना प्रकट किया गया। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने कहा है कि हम पसमांदा मुस्लिम समाज के लोग किसी भी प्रकार की हिंसा के पक्षधर नहीं है और संगठन का मानना है कि मौजूदा विवाद का हल बात चीत से होना चाहिए। महाज़ ने यूएनओ,अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गुजारिश की है कि दोनों पक्षों को बिठाकर इसका मुनासिब हल तलाश करें। संगठन ने इस बात पर सहमति जताई है कि हमास ने जो हमला किया था वह निन्दनीय था और इसराइल के नागरिकों की हिफाज़त करना उनकी सरकार का दायित्वा है लेकिन इसका ये मतलब बिलकुल नहीं है कि बदला लेने के लिए फिलिस्तीन के आम नागरिकों को निशाना बनाया जाए। इसराइल ने बीते सप्ताह में जिस तरह से आम नागरिकों जिसमें बच्चे महिलाएं एवं बूढ़े लोगों को बदर्दी से मारा है और आम नागरिकों के घरों, हॉस्पिटल, स्कूल एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनो के सेंटर को बर्बाद किया है ये पूरी तरह से गलत है।

भारत सरकार द्वारा फिलीस्तीन को दी जाने वाली मानवीय मदद के लिए ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने भारत सरकार को बधाई दी है और देश की मानवीय मूल्यों पर गर्व करते हुए अपने पूर्वजों की फिलिस्तीन के प्रति सहानभूति के बारे में याद दिलाया है। संगठन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार की देश हित में जो भी रणनीति है वो ही संगठन की राय है। इस ऑनलाइन बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस, कार्यवाहक अध्यक्ष शरीक अदीब, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अंसारी, शफकत हुसैन अंसारी प्रभारी झारखण्ड, रहीमुद्दीन सैफी, पसमांदा एक्टीविस्ट अख्तर हुसैन ,राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी कुतुबुद्दीन अंसारी, शकील लेड़ी आदि पसमांदा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** रसखान प्रेक्षागृह में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, नायब तहसीलदारों, सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि कल 27 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य मे पूरी तरह से निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ कराया जाए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। मतदाता सूची तत्काल सुपरवाइजरों के माध्यम से बीएलओ को उपलब्ध करायी जाए। ईआरओ आयोग के निर्देशों के क्रम में पदावीत अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करें। बीएलओ बूथ पर अपना व्यवहार ठीक रखें। सभी ईआरओ सूचना प्रेषण हेतु विधानसभा वार वाट्सएप ग्रुप बनाएं। वोटर लिस्ट की प्रविष्टि में संशोधन, मतदाता पहचान पत्र में फोटो प्रतिस्थापन, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन व निवास परिवर्तन के लिए फॉर्म 8 प्रयोग करें।

# एशियाई पैरा खेलों में भारत ने रचा इतिहास, रिकॉर्ड 80 पदक तक पहुंचा

भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए एशियाई पैरा खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाया। चौथे दिन भारत के कुल पदक की संख्या को 80 तक पहुंच गई है। इसमें 18 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। वहीं भारत ने इंडोनेशिया में 2018 में 72 पदक जीतने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है।

गुरुवार को भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए एशियाई पैरा खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाया। चौथे दिन भारत के कुल पदक की संख्या को 80 तक पहुंच गई है। इसमें 18 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं।

वहीं भारत ने इंडोनेशिया में 2018 में 72 पदक जीतने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। भारत ने अब तक 18 गोल्ड, 23 सिल्वर और 39 ब्रॉन्ज सहित कुल 80 पदक जीते हैं। खेलों में अब दो दिन बाकी हैं और भारत हांगझोउ खेलों में 100 पदक जीतने के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है।



बता दें कि, भारत ने जकार्ता में पिछले पैरा एशियाई खेलों में 15 गोल्ड, 24 सिल्वर और 33 ब्रॉन्ज पदक सहित 72 पदक जीते थे। गुरुवार को पुरुष एफ46 गोला फेंक स्पर्धा में सचिन सर्जेराव ने 16.03 मीटर के खेलों के रिकॉर्ड थ्रो के साथ भारत को दिन का पहला गोल्ड मेडल दिलाया। रोहित कुमार ने 14.56 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। पैरा निशानेबाज सिद्धार्थ बाबू ने आर6 मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन एसएच1 स्पर्धा में 247.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। शीतल देवी और राकेश कुमार की तीरंदाजी की कंपाउंड मिश्रित टीम ने चीन के लिन युएशान और ऐइ शिनलियांग को फाइनल में 51-149 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी और नवीन दलाल की तीरंदाजी पुरुष युगल जोड़ी ने डब्ल्यूवन स्पर्धा में कजाखस्तान की जोड़ीह को 125-120 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। सिमरन और भाग्यश्री माधवराव जाधव ने महिला टी12 100 मीटर और महिला एफ34 गोला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीते। सिमरन ने 26.12 सेकेंड का समय लिया जबकि भाग्यश्री ने 7.54 मीटर की दूरी तय की। नारायण ठाकुर ने पुरुष टी35 100 मीटर में 14.37 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता जबकि श्रेयांश त्रिवेदी (12.24 सेकेंड) को भी पुरुष टी37 100 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक मिला।

पैरा बैडमिंटन में सुकांत इंदूकांत कदम (पुरुष एकल एसएल4), सिवन नित्या सुमथी (महिला एकल एसएच6), मनीषा रामदास (महिला एकल एसयू5), मनदीप कौर और मनीषा (महिला युगल एसएल3-एसयू5), कृष्णा नागर और सिवराजन एस (पुरुष युगल एसएच6) तथा प्रमोद भगत और सुकांत (पुरुष युगल एसएल3-एसएल4) ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले गंवाने के बाद कांस्य पदक जीते। शतरंज में भावेशकुमार रति हिमांशी ने महिला व्यक्तिगत स्टैंडर्ड वी1-बी1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

# टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका! लिगामेंट फटने के कारण हार्दिक पंड्या नहीं खेल पाएंगे विश्व कप के 3 मैच



टीम इंडिया के उप-कप्तान हार्दिक पंड्या को मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ खेल के दौरान टखने में चोट लग गई। चोट, जो पहले इतनी गंभीर नहीं थी, के कारण यह ऑलराउंडर तीन नहीं तो कम से कम दो गेम से चूक सकता था। ऐसा लगता है कि टीम इंडिया के उप-कप्तान हार्दिक पंड्या पिछले हफ्ते पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के खेल में टखने की चोट के बाद लंबे समय तक बाहर रह सकते हैं। हार्दिक ने फॉलो- में गेंद को रोकने के प्रयास में अपना दाहिना पैर बढ़ाया, लेकिन गिर गए और उनका बायां टखना मुड़ गया। चोट, जो पहले गंभीर नहीं लग रही थी, न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल के लिए धर्मशाला की यात्रा नहीं करने के बाद भारतीय ऑलराउंडर को कुछ और खेलों से चूकना पड़ सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, हार्दिक के लिगामेंट में मोच आ गई है, जिसे टीओआई ने मामूली चोट बताया है, जिसे ठीक होने में दो हफ्ते तक का समय लग सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, यह ग्रेड 1 मोच है, जिसका अर्थ है हल्का खिंचाव और लिगामेंट के तंतुओं (फाइब्रिल्स) को कुछ नुकसान। हार्दिक के 29 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाले इंग्लैंड मैच और 2 नवंबर को श्रीलंका के खिलाफ मुंबई में होने वाले अगले मैच में नहीं खेलने की संभावना है। हालांकि, अगर यह फट गया, तो यह संभावना नहीं है कि हार्दिक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में 5 नवंबर के मैच में भाग लेंगे। एनसीए के एक सूत्र ने बताया, हार्दिक अभी भी दवा ले रहे हैं। उनके बाएं टखने की सूजन काफी कम हो गई है, लेकिन वह सप्ताहांत में ही गेंदबाजी करना शुरू करेंगे। फिलहाल, महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें ठीक होने के लिए समय दिया जाए। मोच की खबर की पुष्टि करते हुए बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से कहा गया, पांड्या को गंभीर मोच आई है, लेकिन सौभाग्य से फ्रैक्चर नहीं हुआ है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम अधिकतम एहतियात बरतना चाहती है। उनके अगले दो से तीन मैचों में चूकने की संभावना है। टीम चाहती है कि वह नॉक-आउट चरण के लिए पूरी तरह फिट हो। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में हार्दिक की जगह सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर की जगह मोहम्मद शमी को टीम में लिया गया। हालाँकि, ऐसा लगता है कि टीम लखनऊ में तीन स्पिनरों के साथ उतर सकती है, लेकिन जब तक हार्दिक वापस नहीं आते, तब तक प्लेइंग इलेवन का संतुलन बिगड़ जाएगा और टेबल-टॉपर्स को इसके आसपास अपने तरीके से काम करने की उम्मीद होगी।

# मैच के बीच में लाइट शो खिलाड़ियों के लिए अच्छा नहीं : मैक्सवेल

मैक्सवेल ने यहां नीदरलैंड के खिलाफ रिकॉर्ड शतकीय पारी खेलने के बाद कहा कि यह दर्शकों के लिए अच्छा है, लेकिन खिलाड़ियों के लिए भयानक है। उन्होंने कहा, मैंने बिग बैश लीग के इस तरह का अनुभव किया है। उस दौरान पर्थ स्टेडियम में रोशनी चली गयी थी।

भारत में हो रहे आईसीसी विश्व कप के दौरान दर्शकों के मनोरंजन के लिए स्टेडियम में ड्रिंक ब्रेक के दौरान लाइट शो का आयोजन किया जा रहा है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल इससे खुश नहीं है। मैक्सवेल ने बुधवार को यहां नीदरलैंड के खिलाफ रिकॉर्ड शतकीय पारी खेलने के बाद कहा कि यह दर्शकों के लिए अच्छा है, लेकिन खिलाड़ियों के लिए भयानक है। उन्होंने कहा, मैंने बिग बैश लीग के इस तरह का अनुभव किया है। उस दौरान पर्थ स्टेडियम में



रोशनी चली गयी थी। लाइट शो के लिए अंधेरा होने के बाद जब फिर से लाइट जलने पर ऐसा लगाता है जैसे इससे आंखे चौंधिया रही है और सिरदर्द हो रहा है।

उन्होंने कहा, लाइट शो के बाद आंखों से सामंजस्य बैठाने में थोड़ा समय लगता है। मुझे लगता है कि यह क्रिकेटरों के लिए सबसे बेवकूफी भरा विचार है। उन्होंने कहा, पर्थ स्टेडियम की रोशनी खराब हो गई थी और मैं बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर पर था और मुझे फिर से सामंजस्य बैठाने में काफी समय लग गया।

ऐसे में बस जितना संभव हो मैं आंखों को छिपाने की कोशिश करता हूं और इसे अनदेखा करने की कोशिश करता हूं। यह एक भयानक विचार है। उन्होंने कहा यह प्रशंसकों के लिए अच्छा है लेकिन खिलाड़ियों के लिए भयानक है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला, खतरे में बाबर की कप्तानी

हार की हैट्रिक के बाद पाकिस्तान को टूर्नामेंट में बने रहने के लिये शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भिड़ना है। पाकिस्तान के लिए ये मुकाबला 'करो या मरो' का होगा। क्योंकि इसमें हारने पर उसके लिए नॉकआउट के रास्ते तो बंद होगे ही साथ ही बाबर आजम की कप्तानी पर भी गाज गिर सकती है।

वर्ल्ड कप 2023 में हार की हैट्रिक के बाद पाकिस्तान को टूर्नामेंट में बने रहने के लिये शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भिड़ना है। पाकिस्तान के लिए ये मुकाबला 'करो या मरो' का होगा। क्योंकि इसमें हारने पर उसके लिए नॉकआउट के रास्ते तो बंद होगे ही साथ ही बाबर आजम की कप्तानी पर भी गाज गिर सकती है।

दरअसल, पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना झेल रहे बाबर को पता है कि इस मैच में हारने का हश्र क्या हो सकता है। अब से पाकिस्तान को हर मैच जीतना है और यह दुआ भी करनी है कि आस्ट्रेलिया बाकी चार में से कम से कम दो मैच हारे।



इस अहम मैच से पहले टीम और बाबर पर दबाव बनाते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा ,'' विश्व कप में टीम के प्रदर्शन को देखते हुए आगे बोर्ड वही फैसले लेगा जो पाकिस्तान क्रिकेट के हित में है। इस समय पीसीबी फैंस, पूर्व खिलाड़ियों और संबंधित पक्षों से टीम के साथ खड़े रहने का आग्रह करता है।''

बता दें कि, क्रिकेट जगत में कहा जाता है कि पाकिस्तान टीम कब क्या कर गुजरे, कोई नहीं जानता। एक दिन वह विश्व विजेता नजर आती है तो अगले ही दिन कमजोर सी टीम से हार भी सकती है। विश्व कप जैसे टूर्नामेंट में पाकिस्तान का फॉर्म में होना जरूरी है और बाबर को पता है कि जबर्दस्त प्रदर्शन कर रही दक्षिण अफ्रीका को हराने के लिये चमत्कार से कम पर गुजारा नहीं होगा।

वहीं दक्षिण अफ्रीका को भले ही धर्मशाला में नीदरलैंड ने हरा दिया था लेकिन दोनों टीमों के बीच जमीन आसमान का अंतर है। क्विंटोन डिकॉक और हेनरिच क्लासेन ने बल्लेबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन किया है जिनका एडेन मार्कराम ने बखूबी साथ निभाया है। वहीं पाकिस्तान के नामी गिरामी बल्लेबाज नाकाम साबित हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने अब तक 155 चौके और 59 छक्के मारे हैं जबकि पाकिस्तान पांच मैचों में 24 छक्के और 136 चौके ही लगा सका है।


दक्षिण अफ्रीका के डिकॉक, क्लासेन, मार्कराम, डेविड मिलर और मार्को जानसेन का स्ट्राइक रेट 100 से ऊपर रहा है जबकि पाकिस्तानी टीम में सिर्फ सउद शकील और इफ्तिखार अहमद का स्ट्राइक रेट सौ के करीब रहा है। गेंदबाजी में शाहीन शाह अफरीदी फ्लॉप रहे हें जबकि हारिस रऊफ भी प्रभावित नहीं कर सके हैं। पाकिस्तान को नसीम शाह की कमी बुरी तरह खली है। हसन अली वनडे के लिये मुफीद गेंदबाज नहीं है लिहाजा जमान खान या मुहम्मद वसीम जूनियर को उतारा जा सकता है। पाकिस्तान की सबसे कमजोर कड़ी एक अच्छे स्पिनर का अभाव है। लेग स्पिनर उसामा मीर दोनों मैचों में नाकाम रहे। शादाब खान भी अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। उनका प्रदर्शन ऐसा है कि वह भारत की प्रथम श्रेणी टीम में भी जगह नहीं बना सकेंगे।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका अगर जीतता है तो सेमीफाइनल का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा। बल्लेबाजी में डिकॉक शानदार फॉर्म में हैं और टूर्नामेंट में अब तक सर्वाधिक रन बना चुके हैं। गेंदबाजी में कैगिसो रबाडा, जानसेन और गेराल्ड कोत्जी ने उम्दा प्रदर्शन किया है। केशन महाराज ने 4 . 60 की इकॉनॉमी रेट से सात विकेट लिये हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए 82 मुकाबलों में दक्षिण अफ्रीका ने 51 जीते हैं।

# आलिया भट्ट की लिपस्टिक पोछने वाले बयान के जवाब में फिर झलका रणबीर कपूर घमंड!

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट का रिश्ता तब गहन जांच के घेरे में आ गया जब उन्होंने एक ब्यूटी वीडियो में कहा कि उन्हें उनका लिपस्टिक लगाना पसंद नहीं है। ऐसा लगता है कि उन्हें उनके होठों की प्राकृतिक छटा ज्यादा पसंद है।

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट का रिश्ता तब गहन जांच के घेरे में आ गया जब उन्होंने एक ब्यूटी वीडियो में कहा कि उन्हें उनका लिपस्टिक लगाना पसंद नहीं है। ऐसा लगता है कि उन्हें उनके होठों की प्राकृतिक छटा ज्यादा पसंद है। आलिया भट्ट ने कहा कि जब वह उन्हें लिपस्टिक में देखते थे तो उन्हें इसे पोंछने के लिए जरूर कहते थे। इस बयान पर सोशल मीडिया पर जबरदस्त हंगामा हुआ। नेटिज़ेंस ने कहा कि रणबीर आलिया पर हावी हो रहे थे, वह आलिया को कंट्रोल कर रहे थे। इस तरह की बाते हुई। ज़ूम के साथ इंटरव्यू करने वाले रणबीर कपूर ने आखिरकार इस बारे में बात की है। हालांकि उन्होंने



लिपस्टिक मुद्दे पर विशेष रूप से बात नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि उन्हें विषाक्त करार दिया गया था।

रणबीर कपूर ने कहा कि उन्होंने वही पढ़ा जो लोग उनके बारे में कहते थे कि वह जाहिर तौर पर एक विषाक्त व्यक्ति हैं लेकिन उन्होंने कहा कि वह उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि वह उन लोगों का पक्ष लेते हैं जो जहरीली मर्दानगी के खिलाफ लड़ते हैं और यह ठीक है अगर वे उन्हें इसके लिए चेहरा बनाते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई उनकी राय को बुरा मानने से कहीं बड़ी है। युवा सुपरस्टार ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर नहीं हैं इसलिए वह ज्यादातर नकारात्मक टिप्पणियों से बचे हुए हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि जब तक लोग उनके काम को मौका देंगे तब तक उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि वह बॉलीवुड में सिर्फ अभिनय करने आये हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं।

रणबीर कपूर ने ये भी कहा कि उनकी ये छवि शायद उनकी फिल्मों या मीडिया में दिखाई जाने वाली चीजों की वजह से बनी है। एनिमल स्टार ने कहा कि जिस कलाकार को बाहर काम करना है उसके लिए कुछ नकारात्मकता महत्वपूर्ण है।

रेडिट पर लोगों ने कहा है कि रणबीर कपूर वास्तव में आत्म-जागरूक और स्मार्ट हैं। दूसरों ने कहा कि वह असली स्टार मैटेरियल हैं। उनके प्रशंसकों ने कहा कि किसी भी ट्रोल को वास्तव में जहरीली मर्दानगी की परवाह नहीं है, लेकिन उन्होंने एनिमल अभिनेता को एक पंचिंग बैग बना दिया है।

एनिमल के टीज़र ने जबरदस्त सुर्खियां बटोरीं। रणबीर कपूर पहली बार संदीप रेड्डी वांगा के साथ काम कर रहे हैं। यह फिल्म द गॉडफादर की तर्ज पर है।

# कंगना रनौत से लेकर आमिर खान तक, अपने करियर को बनाने के लिए इन 10 सितारों ने की थी अपने मां-बाप से बगावत

यहां कंगना रनौत, टॉम क्रूज़, आमिर खान और अन्य लोकप्रिय हस्तियों की सूची दी गई है, जिन्होंने फिल्मों में करियर बनाने के लिए अपने माता-पिता के खिलाफ बगावत की।

माता-पिता आमतौर पर अपने बच्चों के लिए एक सुरक्षित नौकरी का निर्णय लेते हैं और चाहते हैं कि उनका भविष्य सुरक्षित हो। अधिकांश माता-पिता यह भी चाहते हैं कि उनके बच्चे ऐसा करियर बनाएं जिसे वे अपनाने में सक्षम नहीं थे। इससे माता-पिता और बच्चों के बीच टकराव होता है। क्या आप जानते हैं, आमिर खान, सारा अली खान, कंगना रनौत, राधिका आप्टे और अन्य सितारों सहित बॉलीवुड हस्तियों ने अपने वांछित करियर को आगे बढ़ाने के लिए अपने माता-पिता की इच्छाओं के खिलाफ कदम उठाया? फिल्मी परिवार से होने के बावजूद बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के माता-पिता ने उन्हें इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने की सलाह दी थी। आमिर के पिता निर्देशक ताहिर हुसैन ने उनके बॉलीवुड में शामिल होने का विरोध किया था और कहा था कि यह इसके लिए अच्छी जगह नहीं है।

तेजस एक्ट्रेस कंगना रनौत ने फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। खैर, उसके इस कदम का असर उसके परिवार के साथ उसके रिश्ते पर पड़ा। कंगना के पिता चाहते थे कि वह डॉक्टर बनें।



दिवंगत बॉलीवुड स्टार इरफान खान के परिवार ने कभी नहीं सोचा था कि वह एक अभिनेता के रूप में अपना करियर बनाएंगे। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह एक पारंपरिक सामंती परिवार से आते हैं और वे कभी नहीं चाहते थे कि वह अभिनेता बनें।

चार साल पहले फिल्म केदारनाथ से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री सारा अली खान ने खुलासा किया था कि उनके पिता सैफ अली खान को उनके करियर का फैसला मंजूर नहीं था क्योंकि वह उनके लिए घबराए हुए थे। उन्होंने कहा कि सैफ सबसे स्थिर प्रोफेशन नहीं है।

अभिनेत्री राधिका आप्टे के पिता ने उनसे कहा था कि यह काम उन्हें उदास कर देगा क्योंकि यह बिना दिमाग वाला पेशा है। लेकिन, अब एक्ट्रेस इंडस्ट्री में नाम कमा चुकी हैं।

हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज़ अभिनय करियर बनाना चाहते थे लेकिन उनके पिता ने उनसे कैथोलिक पादरी बनने का आग्रह किया। उद्योग में शामिल होने से पहले टॉम मूल रूप से कैथोलिक पादरी बनने के लिए प्रशिक्षण ले रहे थे।

यह एक सर्वविदित तथ्य है कि किसी भी कपूर महिला ने इंडस्ट्री में काम नहीं किया है। लेकिन, इसके बावजूद अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने अपने पिता रणधीर कपूर के खिलाफ जाकर 15 साल की उम्र में अपना अभिनय करियर शुरू करने का फैसला किया।

हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर लॉरेंस अपने धार्मिक माता-पिता के साथ बड़ी हुई, जिन्होंने सोचा था कि फिल्म स्टार बनना कोई यथार्थवादी लक्ष्य नहीं है। उनके करियर संबंधी निर्णय को उनके माता-पिता ने अस्वीकार कर दिया था। जेनिफर की मां चाहती थीं कि वह फेल हो जाएं ताकि वह घर आ सकें।

अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने अपने समुदाय में पितृसत्ता से जूझने के बारे में अपने दिल की बात कही। अभिनेत्री घर से भाग गई क्योंकि उसके माता-पिता ने उसके फिल्मी करियर को अस्वीकार कर दिया था और उसके पिता ने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने अभिनय करना शुरू किया तो वह उसे छोड़ देगी। उन्होंने कहा कि उनके पिता का मानना था कि उनके अभिनय से परिवार को शर्मिंदगी उठानी पड़ेगी. वह विद्रोही हो गई और उनका उपनाम हटा दिया।

# बिग बॉस 17 7 जब मन्नारा चोपड़ा ने श्रद्धा दास के साथ की थी मारपीट की, प्रियंका चोपड़ा ने किया था अपनी बहन का बचाव

बिग बॉस 17 की शुरुआत मिली-जुली रही। मन्नारा चोपड़ा उन प्रतियोगियों में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। फैंस को उनका चुलबुला और मस्ती भरा अंदाज पसंद आ रहा है। इसके अलावा, मुनव्वर फारुकी के साथ उनकी दोस्ती ने भी सोशल मीडिया पर लोगों को चर्चा में ला दिया है।

बिग बॉस 17 की शुरुआत मिली-जुली रही। मन्नारा चोपड़ा उन प्रतियोगियों में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। फैंस को उनका चुलबुला और मस्ती भरा अंदाज पसंद आ रहा है। इसके अलावा, मुनव्वर फारुकी के साथ उनकी दोस्ती ने भी सोशल मीडिया पर लोगों को चर्चा में ला दिया है। अब एक्ट्रेस की पिछली हिस्ट्री चर्चा में आ गई है। 2014 में खबर आई थी कि जिद के सेट पर श्रद्धा दास के साथ एक सीन करते वक्त वह काफी हिंसक हो गई थीं। इस पर श्रद्धा दास ने एक इंटरव्यू भी दिया था। अचानक मामला सोशल मीडिया पर आ गया है।

श्रद्धा दास ने 2014 में बॉलीवुड लाइफ को एक इंटरव्यू दिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि मन्नारा चोपड़ा हमेशा कहती थीं कि वह नरम हो जाएंगी लेकिन जब सीन होता था तो वह बहुत आक्रामक हो जाती थीं। ऐसा लगता है कि एक



एक्शन सीन में उन्होंने अपने सीने के नीचे जोर से लात मारी और दास के शरीर पर खून के थक्के जम गए। उन्होंने कहा कि मन्नारा चोपड़ा ने उन्हें बांस के डंडे से मारा। श्रद्धा दास ने कहा कि फाइट सीक्वेंस के बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। जब जिद के लिए पार्टी रखी गई थी तो प्रेस ने मन्नारा चोपड़ा से इस बारे में पूछा था। प्रियंका चोपड़ा उनके बचाव में सामने आई थीं।

वीडियो में हम देख सकते हैं कि प्रियंका चोपड़ा कहती हैं कि वह भी कई बार सेट पर घायल हो चुकी हैं। वह कहती हैं कि एक एक्टर की जिंदगी में ऐसे जोखिम होते हैं। वह यहां तक कहती हैं कि यह अविश्वसनीय है कि कोई छड़ी उठाएगा और किसी की पिटाई करेगा। इस कार्यक्रम में प्रियंका चोपड़ा मुख्य अतिथि बनकर पहुंची थीं। वह बिग बॉस 17 की यात्रा में मन्नारा चोपड़ा का समर्थन करती रही हैं। अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा के मामा की बेटी हैं। कई लोगों को लगता है कि वह दबी जुबान में शेहनाज गिल को कॉपी करने की कोशिश कर रही हैं।

# यूआरआई के बाद भारत-पाक संघर्ष पर फिर से फिल्म बना रहे हैं निर्देशक आदित्य धर, साल 2023-24 में आने वाली हैं देशभक्ती मूवीज

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आदित्य धर और टीम ने इस विषय पर महीनों तक शोध किया है। उनके पास हत्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी है। रिपोर्ट में कहा गया है, यूआरआई की तरह, यह भी बड़े पर्दे पर सामने आने वाली एक रोमांचक और रोमांचक कहानी होगी।

चाहे फिल्मों में भारत बनाम पाकिस्तान हो या भारत बनाम पाकिस्तान मैच, इन्हें देखने के लिए दर्शक बड़ी संख्या में सिनेमाघरों और स्टेडियमों में उमड़ते हैं। सनी देओल और अमीषा पटेल अभिनीत गदर 2 का असर हम देख चुके हैं। यह तारा सिंह के सीटीमार संवादों और भरपुर एक्शन के साथ प्रशंसकों के लिए एक दृश्य उपहार था। और अब यूआरआई फेम आदित्य धर कथित तौर पर अपनी अगली अनटाइटल्ड फिल्म पर काम कर रहे हैं जो भारत-पाकिस्तान थीम पर भी आधारित होगी।



पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। आदित्य ने इस विषय पर शोध किया है और जिस तरह से ऑपरेशन किया गया, उससे वह काफी प्रभावित हुए। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान में आतंकवादी हत्याओं को भारतीय खुफिया एजेंसियों द्वारा समर्थित बताया जाता है। सूत्र ने पिंकविला को बताया कि आदित्य धर इस अनकही कहानी को भुनाने का इरादा रखते हैं।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आदित्य धर और टीम ने इस विषय पर महीनों तक शोध किया है। उनके पास हत्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी है। रिपोर्ट में कहा गया है, ÷यूआरआई की तरह, यह भी बड़े पर्दे पर सामने आने वाली एक रोमांचक और रोमांचक कहानी होगी। वह इसे बड़े पर्दे पर पेश करने की योजना बना रहे हैं और अप्रैल-मई 2024 में इसकी शूटिंग शुरू होगी। एक अनाम थ्रिलर जो जल्द ही कास्टिंग चरण में आगे बढ़ेगी। वह चाहते हैं कि कोई ए-लिस्ट अभिनेता मिशन-आधारित फिल्म का नेतृत्व करे। आदित्य की तीन प्रोडक्शंस भी रिलीज के लिए हैं। इसमें यामी गौतम और प्रतीक गांधी अभिनीत धूम धाम, एक राजनीतिक थ्रिलर और बारामूला शामिल हैं।

खैर, आदित्य धर की यह फिल्म सिर्फ ऐसी नहीं है जो भारत बनाम पाकिस्तान युद्ध पर आधारित होगी। सनी देओल अभिनीत लाहौर, 1947 है, जिसे आमिर खान द्वारा निर्मित किया जाएगा। इसमें विक्की कौशल अभिनीत सैम बहादुर भी हैं। यह फिल्म सैम मानेकशॉ के जीवन पर एक बायोपिक है। सलमान खान और कैटरीना कैफ स्टारर नई फिल्म टाइगर 3 में भारत-पाकिस्तान का एंगल भी है। स्काई फोर्स भी है। अक्षय कुमार, वीर पहरिया स्टारर फिल्म भारत पाकिस्तान वायु युद्ध के आसपास सेट है। कंगना रनौत अभिनीत इमरजेंसी भी पाइपलाइन में है। बॉर्डर 2 को लेकर भी चर्चा है. और फिर, गदर 2 के निर्माताओं ने गदर 3 का भी संकेत दिया।

अवधनामा



# 'संविधान में संशोधन करने का नहीं कोई प्रस्ताव'

## इंडिया की जगह भारत वाले मामले पर बोले राज्यपाल

**तिरुवनंतपुरम।** एनसीईआरटी की किताबों में अब इंडिया की जगह भारत का जिक्र होने का दावा किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि एनसीईआरटी की एक कमेटी ने न सिर्फ इंडिया की जगह भारत लिखने की सिफारिश की है, बल्कि भारतीय ज्ञान प्रणाली को शामिल करने की अनुशंसा की है। अब एनसीईआरटी की किताबों में इंडिया की जगह भारत होगा या नहीं इसे लेकर सियासी हलचल बढ़ गई है। वहीं, मामला यह भी गर्मा रहा है कि किताबों में अगर नाम बदलेगा तो क्या संविधान में भी संशोधन किया जाएगा। अब इस मुद्दे पर केरल के

**बदलाव**

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, यानी एनसीईआरटी की किताबों में जल्द ही एक बदलाव देखने को मिल सकता है।**



राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का कहना है कि संविधान में दोनों शब्दों का इस्तेमाल किया गया है।

आरिफ मोहम्मद खान ने कहा, 'वास्तव में हमारा संविधान कहता है कि इंडिया, जो कि भारत है, राज्यों का एक संघ होगा।' उन्होंने आगे कहा कि किसी ने भी संविधान में कोई संशोधन करने का प्रस्ताव नहीं दिया है।

गौरतलब है, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, यानी एनसीईआरटी की किताबों में जल्द ही एक बदलाव देखने को मिल सकता है। दरअसल, एनसीईआरटी द्वारा गठित एक समिति ने किताबों में 'INDIA' को बदलकर 'Bharat' करने की सिफारिश की थी। पैनल द्वारा पुस्तकों के अगले सेट में इंडिया के बजाय भारत प्रिंट करने के प्रस्ताव को सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लेने पर किताबों में बदलाव देखने को मिल सकता है।

**महीनों पहले रखा गया था प्रस्ताव**

पैनल के सदस्यों में से एक सीआई इस्साक के मुताबिक, यह प्रस्ताव कुछ महीने पहले रखा गया था। प्रस्ताव के तहत पाठ्यपुस्तकों में इंडिया के स्थान पर भारत नाम रखने, पाठ्यक्रम में प्राचीन इतिहास के बजाय शास्त्रीय इतिहास और हिंदू योद्धाओं की जीत की कहानियों को शामिल करने की सिफारिश की है। भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को भी शामिल करने का सुझाव दिया गया है।

अगर प्रस्ताव स्वीकार होता है तो एनसीईआरटी की नई किताबों में इंडिया की जगह भारत मुद्रित किया जाएगा। हालांकि, एनसीईआरटी के अधिकारियों ने कहा कि पैनल की सिफारिशों पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

**लागू हो भारतीय ज्ञान प्रणाली**

समिति के अन्य सदस्यों में आईसीएचआर के अध्यक्ष रघुवेंद्र तंवर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की प्रोफेसर वंदना मिश्रा, डेक्कन कॉलेज डीम्ड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति वसंत शिंदे और हरियाणा के एक सरकारी स्कूल में समाजशास्त्र पढ़ाने वाली ममता यादव शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष सी आई इस्साक ने यह भी बताया कि एनसीईआरटी पैनल ने सभी विषयों के पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली को शामिल करने की सिफारिश की है।

**इंडिया बनाम भारत**

अब एनसीईआरटी की किताबों का एक नया दस्ता जारी किया जाएगा। नई किताबों में बच्चे अब इंडिया नहीं, बल्कि भारत पढ़ेंगे। बता दें कि भारत बनाम इंडिया पर चर्चा की शुरुआत तब हुई जब केंद्र ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित जी20 रात्रिभोज के निमंत्रण को "President of India" के बजाय "President of Bharat" के नाम से भेज दिया, जिससे राजनीतिक विवाद शुरू हो गया। सितंबर में, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम में जी20 लीडर्स शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, तब उनकी नेमप्लेट पर भी भारत प्रदर्शित किया गया था।

संविधान के अनुच्छेद 1 (1) में हमारे देश का नाम इंडिया, अर्थात भारत राज्यों का संघ होगा परिभाषित किया गया है।

# रिटायर्ड एसीपी ने ऑनलाइन ऑर्डर किए सूखे मेवे, खाते से निकल गए 31 हजार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक रिटायर्ड एसीपी से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। खबर के अनुसार, रिटायर्ड अधिकारी ने ऑनलाइन सूखे मेवे खरीदने के लिए ऑर्डर किया था। जिसके बाद उनके बैंक खाते से कथित रूप से 31 हजार रुपये निकाल लिए गए। रिटायर्ड अधिकारी ने मुंबई पुलिस से इसकी शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**क्या है मामला**

पीड़ित की पहचान पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस ज्ञानदेव वानखेड़े के रूप में हुई है। बता दें कि ज्ञानदेव वानखेड़े भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी समीन वानखेड़े के पिता हैं। समीर वानखेड़े आर्यन खान ड्रग्स मामले में चर्चा में रहे थे। खबर के अनुसार, ज्ञानदेव वानखेड़े ने फेसबुक पर बीती 22 अक्तूबर को सूखे मेवे का एक विज्ञापन देखा था। इस पर वानखेड़े ने विज्ञापन में दिए नंबर पर कॉल करके सूखे मेवे का ऑर्डर दिया।

ज्ञानदेव वानखेड़े ने 2000 रुपये का ऑर्डर दिया और यूपीआई के



जरिए पैसों का भुगतान किया। ऑर्डर करने के कुछ ही देर बाद उन्हें एक फोन आया, जिसमें वानखेड़े को बताया गया कि उनका ऑर्डर तैयार है लेकिन जीएसटी की वजह से डिलीवर नहीं हो पा रहा है। इस पर रिटायर्ड अधिकारी ने ऑर्डर रद्द करने को कहा और अपने पैसे वापस मांगे। इसके बाद कॉलर ने पैसे वापस करने के बहाने वानखेड़े को एक लिंक भेजा और उस पर कुछ नंबर्स डालने को कहा। वानखेड़े के ऐसा करते उनके खाते से 31 हजार रुपये कट गए। इसके बाद वानखेड़े ने पुलिस से इसकी शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में पहुंचे शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के अलावा बहुत ही कम ऐसे देश हैं जहां बाजरे का उत्पादन होता है। आज पूरी दुनिया अच्छी गुणवत्ता वाले बाजरे की बीज की मांग कर रही है। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) द्वारा आयोजित सहकारी क्षेत्र में उन्नत और पारंपरिक बीजोत्पादन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। उन्होंने इस संगोष्ठी में कहा कि पीएम मोदी की पहल से बाजरा के लिए एक बाजार विकसित हो गया है।

वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, भारत के अलावा बहुक ही कम ऐसे देश हैं जहां बाजरे का उत्पादन होता है। आज पूरी दुनिया अच्छी गुणवत्ता वाले बाजरे की बीज की मांग कर रही है। अगर उन्हें अच्छी गुणवत्ता वाली बाजरे और ज्वार के बीज की जरूरत है तो भारत के अलावा उन्हें कोई भी यह उपलब्ध नहीं करा सकता है। अमेरिका मक्का दे सकता है।

उन्होंने आगे कहा, रागी, बाजरा ज्वार जैसे अन्य कई मोटे आनाजों पर भारत का एकाधिकार हो सकता है। हम बाजरे के मूल्यवर्धित उत्पादों पर भी काम करने जा रहे हैं। हम अनौपचारिक बीजारोपण प्रणाली को वैज्ञानिक और औपचारिक बीजारोपण प्रणाली में बदल रहे हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि हजारों सालों से हम अनौपचारिक बीजारोपण प्रणाली का इस्तेमाल करते आ रहे हैं, लेकिन अब इसे वैज्ञानिक प्रणाली में बदलने का समय आ गया है।

# मंदिर परिसर में आरएसएस पर रोक को लेकर केरल के मंत्री की सफाई, कहा- शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए किया

**शांति**

**मीडिया से बात करते हुए राधाकृण्णन ने कहा, धार्मिक स्थानों पर हमेशा शांति बनाकर रखना चाहिए।**

तिरुवनंतपुरम। केरल के देवस्वम मंत्री के. राधाकृषणन ने त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड (टीडीबी) द्वारा मंदिरों के परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने वाले सर्कुलर को उचित ठहराते हुए इसका कारण बताया है। उन्होंने बताया कि ऐसा केवल मंदिर में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए किया गया है। देवस्वम कमिश्नर ने पिछले सप्ताह सर्कुलर जारी किया था। इस पर केरल के मंत्री ने बताया कि इस सर्कुलर का उद्देश्य किसी को भी



मंदिर के परिसर में प्रवेश करने से रोकना नहीं था। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस पर विवाद करना पूरी तरह से अनुचित है।

के. राधाकृष्णन का यह बयान तब आया जब सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथ ने टीडीबी के सर्कुलर की आलोचाना करने के साथ वामपंथ पर संघ परिवार को धार्मिक स्थानों से दूर रखने का आरोप लगाया। बता दें कि टीडीपी एक सर्वोच्च मंदिर निकाय है, जो त्रावणकोर क्षेत्र में सभी मंदिरों का प्रबंधन करती है।

मीडिया से बात करते हुए राधाकृण्णन ने कहा, धार्मिक स्थानों पर हमेशा शांति बनाकर रखना चाहिए। वहां ऐसा वातावरण होना चाहिए, जिसमें श्रद्धालु आकर शांति से प्रार्थना कर सकें। उन्होंने आगे कहा, इसका मतलब ये नहीं कि किसी को भी धर्मस्थलों में जाने से रोका जाएगा। मंत्री ने सभी से इस तरह से बहस से बचने की भी अपील की है।

**पिछले सप्ताह जारी किया गया था सर्कुलर**

टीडीबी ने पिछले सप्ताह एक नया सर्कुलर जारी किया था, जिसमें आरएसएस के कार्यकर्ताओं के मंदिर के परिसरों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देवस्वम कमिश्नर द्वारा जारी की गई सर्कुलर के अनुसार नामजाप प्रदर्शन यानी की मंत्रोच्चारण के साथ प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को मंदिरों के परिसरों में प्रवेश पर रोक लगाया गया है। 20 अक्तूबर को जारी सर्कुलर में देवस्वम ने सतर्कता विंग को मंदिर के परिसरों में छापेमारी का भी आदेश दिया है, जिससे की मंदिरों में चलाए जा रहे हथियार प्रशिक्षण या सामूहिक अभ्यास को रोका जा सके।

# बीड में भीषण सड़क हादसा, अनियंत्रित होकर पलटी बस, पांच की मौत 22 घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड में बुधवार-गुरुवार को दो भीषण सड़क हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, एक हादसा गुरुवार सुबह करीब करीब छह बजे आष्टा-फाटा रोड पर हुआ, जब मुंबई से बीड जा रही एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस का कहना है कि बस की गति तेज थी और अचानक से ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे बस पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में से चार बीड के निवासी थे और एक यवतमाल का निवासी था। हादसे में 22 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है और 22 लोग घायल हुए हैं। खबर के अनुसार, एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा गुरुवार सुबह को हुआ। हादसे की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे बीड में धामनगांव-अहमदनगर रोड पर अंभोरा में तेज रफ्तार से जा रही एक एम्बुलेंस एक ट्रक से पीछे से टकरा गई। हादसे में, एंबुलेंस में सवार चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस अहमदनगर जा रही थी। उसके चालक और दो अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल चिकित्सक की अहमदनगर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान डॉ राजेश झिनझुरके (35) और एंबुलेंस के चालक भरत लोखंडे (35) के रूप में हुई है जो आष्टी के रहने वाले हैं जबकि अन्य दो मृतक मनोज तिरपुडे और पप्पू तिरखुंडे पाथर्डी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि घायल को अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# चिंताजनक समय के बाद अच्छा संकेत, भारत की तरफ से वीजा सेवा बहाल करने पर कनाडा की प्रतिक्रिया

**प्रक्रिया**

**आपात प्रबंधन मंत्री और सिख नेता हरजीत सज्जन ने कहा कि वीजा प्रक्रिया फिर से शुरू होना अच्छी खबर है**

**टोरंटो।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत-कनाडा के बीच तनाव जारी है। हालांकि, बीते महीने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं पर पाबंदी लगाने के बाद बुधवार को भारत ने इसे दोबारा शुरू करने का एलान किया है। इसे लेकर कनाडा ने भी भारत का स्वागत किया है। कनाडा के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कनाडाई नागरिकों के लिए चिंताजनक समय के बाद एक अच्छा संकेत आया है।

कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क



मिलर ने कहा, ''हमें लगता है कि सेवाओं को निलंबित किया ही नहीं जाना चाहिए था।'' उन्होंने कहा कि ''भारत के साथ वास्तव में चिंताजनक राजनयिक स्थिति ने कई समुदायों में काफी भय पैदा कर दिया है।'' वहीं, आपात प्रबंधन मंत्री और सिख नेता हरजीत सज्जन ने कहा कि वीजा प्रक्रिया फिर से शुरू होना अच्छी खबर है, लेकिन वह इस पर अटकलें नहीं लगाएंगे कि नई दिल्ली क्या संदेश देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''यह जानकर अच्छा लगा कि उन्होंने इसे (सेवाएं) बहाल कर दिया है। यदि उन्होंने यह कदम उठाया ही नहीं होता, तो बेहतर होता।'' सज्जन ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि शादियों और अंत्येष्टि जैसे कार्यक्रमों के लिए भारतीय और कनाडाई आ-जा सकें। उन्होंने कहा कि पुलिस हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले की जांच कर रही है और ओटावा इस मामले में अब भी भारत की मदद चाहता है। देश के राजनयिक और वाणिज्यदूतावास संबंधी मामलों का प्रबंधन करने वाले 'ग्लोबल अफेयर्स कनाडा' (जीएसी) की प्रवक्ता मैरीलिन ग्वेरेमोंट ने 'सीबीसी न्यूज' से कहा कि जीएसी कनाडाई लोगों के लिए कुछ वीजा सेवाएं फिर शुरू करने के भारत के फैसले से अवगत है। उन्होंने कहा, ''कनाडा और भारत के लोगों के बीच महत्वपूर्ण आपसी संबंध हैं और भारत द्वारा वीजा सेवाएं बहाल करने से परिवारों एवं कारोबारों के लिए दोनों देशों की यात्रा करना आसान हो जाएगा।

# एससीओ की बैठक में शामिल हुए जयशंकर



**बिश्केक।** जयशंकर ने एससीओ में शामिल देशों को और करीब आने का संदेश देते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया जिस तरह आर्थिक मंदी, टूटी हुई सप्लाई चेन, खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा की समस्या से जूझ रही है। ऐसे समय में एससीओ के सहयोगी देशों को साथ आना होगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर गुरुवार को किर्गिस्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की सरकार प्रमुखों की बैठक में हिस्सा लिया है। यहां उन्होंने एससीओ में शामिल देशों को और करीब आने का संदेश देते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया जिस तरह आर्थिक मंदी, टूटी हुई सप्लाई चेन, खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा की समस्या से जूझ रही है। ऐसे समय में एससीओ के सहयोगी देशों को साथ आना होगा। इस लिहाज से मध्य एशियाई देशों की अहमियत आज और बढ़ जाती है।

जयशंकर ने कहा, भारत एससीओ के साथी देशों के साझा तौर पर फायदेमंद और आर्थिक तौर पर व्यवहार्य चीजों पर कार्य करना चाहता है। हम क्षेत्र में ही व्यापार को बेहतर करना चाहते हैं, जिसके लिए हमें अच्छी कनेक्टिविटी और इन्फ्रास्ट्रक्कर की जरूरत है। भारत ने इन चीजों को अपनी विकास यात्रा में अहमियत दी है। साथ ही कनेक्टिविटी बढ़ाने के दौरान दूसरों की क्षेत्रीय अखंडता और स्वायत्ता का भी सम्मान किया गया है।

# संघर्ष में मौतों का आंकड़ा अब 8000 के करीब, गाजा में अब सिर्फ आपात इलाज की ही सुविधा

**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष को अब 20 दिन हो चुके हैं। इस बीच दोनों तरफ से हुए हमलों में अब तक करीब आठ हजार लोगों की जान जा चुकी है। जहां हमास के हमले में इस्राइल के 1400 से ज्यादा नागरिक मारे गए हैं, वहीं इस्राइली सेना के पलटवार में गाजा पट्टी में 6500 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच गाजा पर इस्राइल की तरफ से लगाए गए आपूर्ति प्रतिबंधों की वजह से आम जरूरतों की कई चीजों की किल्लत हो गई है। ईंधन की कमी के चलते यहां अस्पतालों में भी आम लोगों की ठीक से इलाज नहीं मिल पा रहा है। आलम यह है कि डॉक्टर सिर्फ आपात मामलों को ही इलाज के लिए भर्ती कर पा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र की तरफ से गाजा में ईंधन खत्म होने के दावे पर इस्राइल ने बयान जारी किया है। इस्राइल ने इन दावों को अतिश्योक्तियों से भरा



बताया। इस्राइली सेना के प्रवक्ता ने बताया कि गाजा में अब भी बिजली और पानी की व्यवस्था है। यानी ईंधन की कमी की बात झूठी है। उन्होंने कहा यह जरूर है कि गाजा में स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, लोगों को मुश्किल आ रही है। कुछ लोगों की मौत हुई है और कई घायल हैं, जो कि खेदपूर्ण है।

इस्राइल की सेना ने दावा किया है कि हमास ने 224 लोगों को अपने यहां बंधक बना रखा है। गौरतलब है कि हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमला बोला था। इनमें 1400 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई लोगों को बंधक बना लिया गया था। इस घटना के बाद ही इस्राइल ने गाजा पट्टी पर हमले शुरू कर दिए थे।


अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल-हमास संघर्ष को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे को लेकर हाल ही में जी-20 सम्मेलन के दौरान हुआ एलान भी हमास की तरफ से इस्राइल पर अचानक किए गए हमले का एक कारण हो सकता है।

# भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा हो सकता है इस्राइल-हमास संघर्ष की वजह, बाइडन ने जताई आशंका

**स्टाफ**

**हमास के इस हमले के बाद इस्राइल ने गाजा पट्टी पर हमले किए हैं और इनमें अब तक 6500 से ज्यादा की मौत हो चुकी है।**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल-हमास संघर्ष को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे को लेकर हाल ही में जी-20 सम्मेलन के दौरान हुआ एलान भी हमास की तरफ से इस्राइल पर अचानक किए गए हमले का एक कारण हो सकता है। गौरतलब है कि यह परियोजना चीन के बेल्ट एंड रोड परियोजना को चुनौती देने वाली साबित हो सकती है। हालांकि युद्ध की वजह से तीन




अलग-अलग भू-क्षेत्रों को जोड़ने वाली इस परियोजना पर फिलहाल रोक लग गई है। बीते सात अक्तूबर को ही हमास ने अचानक इस्राइल पर हमला बोला था और 1400 से ज्यादा लोगों को मार दिया था। इतना ही नहीं हमास ने कई लोगों को बंधक भी बना लिया। हमास के इस हमले के बाद इस्राइल ने गाजा पट्टी पर हमले किए हैं और इनमें अब तक 6500 से ज्यादा की मौत हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनका यह विश्लेषण सिर्फ उनकी समझ पर आधारित है, हालांकि इसे लेकर उनके पास कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को लेकर लगभग यकीन में हूं कि जिस तरह हम क्षेत्रीय तौर पर साथ बढ़ा रहे हैं और इस्राइल भी इसमें शामिल है, तो यह तय है कि हम अब पीछे नहीं हट सकते। इस हफ्ते यह दूसरी बार है, जब बाइडन ने हमास की ओर से इस्राइल के खिलाफ जंग छेड़े जाने के पीछे भारत-मध्य पूर्व-यूरोपीय आर्थिक गलियारे को वजह बताया है। गौरतलब है कि इस बार भारत में हुई जी-20 समिट में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एलान किया था कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। यह भारत, यूएई, सऊदी अरब, श्व, फ्रांस, इटली, जर्मनी और अमेरिका को शामिल करते हुए कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे को लेकर सहयोग पर एक पहल होगी। भारत, अमेरिका, सऊदी अरब और भारत यूरोपीय संघ चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का मुकाबला करने के उद्देश्य से जी 20 शिखर सम्मेलन के मौके पर शनिवार को एक बहुराष्ट्रीय रेल और बंदरगाह सौदे की घोषणा की थी। इस सौदे की घोषणा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ मिलकर की थी।

# यूक्रेन की सहायता करना US को पड़ा भारी!

**मॉस्को।** यूक्रेन से चल रहे युद्ध के बीच रूस की संसद ने परमाणु परीक्षण को लेकर एक अहम फैसला लिया है। दरअसल, निचली सदन के बाद अब रूसी संसद के ऊपरी सदन ने भी बुधवार को वैश्विक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध के अनुमोदन को रद्द कर दिया। यानि अब रूस नया परमाणु परीक्षण करने के लिए स्वतंत्र हो गया है। हालांकि, इस कदम से मॉस्को और पश्चिमी देशों के बीच तनाव बढ़ जाएगा।

रूस ने अपने इस फैसले को अमेरिका के साथ समानता स्थापित करने का एक कदम बताया है। फेडरेशन काउंसिल ने समग्र परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) के अनुमोदन को रद्द करने वाले विधेयक को पारित किया। अब इस विधेयक को अंतिम मंजूरी के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास भेजा जाएगा। निचले सदन ने पिछले सप्ताह इस विधेयक को मंजूरी दे दी थी। पुतिन ने इस महीने की शुरुआत में चेतावनी दी थी कि मॉस्को अमेरिका के रुख की बराबरी के लिए संबंधित विधेयक को मंजूरी देने के अपने 2000 के फैसले को रद्द कर सकता है। रूस का आरोप



था कि अमेरिका ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन इसका अनुसरण नहीं किया। वर्ष 1996 में अपनाया गया सीटीबीटी, दुनिया में सभी परमाणु परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाता है। हालांकि, यह संधि कभी भी पूरी तरह से लागू नहीं हुई। मौजूदा समय में रूस और अमेरिका के बीच तनाव 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद किसी भी दौर से अधिक है। ऐसे में रूस, अमेरिका या दोनों देशों के द्वारा परमाणु परीक्षणों को फिर से शुरू करना पूरी दुनिया को अत्यधिक अस्थिर करने वाला होगा। रूस को सोवियत संघ के परमाणु हथियार विरासत में मिले हैं। पुराने सोवियत संघ से मिले इन्हीं हथियारों की बदौलत रूस के पास दुनिया का एटमी हथियारों का सबसे बड़ा जखीरा है। ऐसे में यह तनाव वैश्विक संकट खड़ा कर सकता है।

रूस के इस फैसले से अमेरिका और यूक्रेन दोनों बौखला गए हैं। दरअसल, रूस ने ये कहा है कि जिस अनुमोदन को उसने रद्द करने का फैसला किया है, उसे चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया, ईरान और मिस्र द्वारा इस संधि का अनुमोदन किया जाना बाकी है। माना जा रहा है कि रूस पश्चिम को यूक्रेन को सैन्य सहायता जारी रखने से हतोत्साहित करने के लिए परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने के लिए कदम उठा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 1945 और 1996 की व्यापक परमाणु परीक्षण-प्रतिबंध संधि के बीच पांच दशकों में, 2,000 से अधिक परमाणु परीक्षण किए गए। इनमें से 1,032 अमेरिका ने और 715 सोवियत संघ ने किए।

# अंतरराष्ट्रीय अपराध हो सकता है रोहिंग्याओं द्वारा हिंदुओं का नरसंहार

**संयुक्त राष्ट्र।** म्यांमार के लिए स्वतंत्र जांच तंत्र (आईआईएमएम) के प्रमुख निकोलस कौमजियान से एमनेस्टी इंटरनेशनल ने साल 2017 में हुए अत्याचार के बारे में पूछा। इस पर कौमजियान ने कहा कि जिस घटना के बारे में आप बात कर रहे हैं, वो वास्तव में बहुत गंभीर है। करीब 100 लोगों का नरसंहार स्पष्ट रूप से बहुत डरावना है और यह अंतरराष्ट्रीय अपराध की श्रेणी में आ सकता है। एमनेस्टी इंटरनेशनल द्वारा नरसंहार की पुष्टि करने के तीन साल बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का बयान आया है। हालांकि, यह महत्वपूर्ण है कि हिंदुओं के खिलाफ कई अपराधों में से सिर्फ एक को स्वीकार करने वाला यूएन का यह पहला बयान है। एक पत्रकार ने संयुक्त राष्ट्र के जांचकर्ता से पूछा, 'क्या आप राज्य में बदमाशी तत्वों द्वारा किए अन्य अपराधों की भी जांच कर रहे हैं।

# राम भरत के मिलन पर भावुक हुए लोग



- हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ नगर का ऐतिहासिक भरत मिलाप
- रामजी तिहारो चरित मनोहर गावै सकल अवधवासी की करतल ध्वनि पर घूम उठें राम भक्त

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (शाहगंज)** नगर का ऐतिहासिक भरत मिलाप गुरुवार की सुबह नगर के पुराना चौक में संपन्न हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का पुष्पक विमान बुधवार की देर रात संगत जी से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए गुरुवार की सुबह दस बजे भरत मिलाप स्थल पुराना चौक पहुंचा?। जहां भैया भरत, शत्रुघ्न, प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण के मिलन को देखकर समूचा नगर भावुक हो उठा। जय श्री राम के उद्घोष के बीच लोगों ने पुष्प वर्षा और आतिशबाजी की।

दशहरा के दूसरे दिन नगर का सुप्रसिद्ध भरत मिलाप में भारी भीड़ देखने को मिली। गरुड़ रूपी सजाया गया पुष्पक विमान नगर के श्री संगत जी मंदिर से रवाना हुआ। घासमंडी चौक से होते हुए विमान डाकखाना तिराहा पहुंचा। यहां से रामरथ के पीछे पीछे ग्यारह अलौकिक झांकियां (लाग) एवं दुर्गापूजा प्रतिमाओं की शोभा यात्रा निकाली गई। मर्यादापुरुषोत्तम राम के पुष्पक विमान रूपी रथ के आगे पागल, खूनी के रूप में झांकियों के अलावा मिलट्री बैंड और राम जी तिहारो चरित मनोहर गावैं सकल अवध वासी का भजन गाते मंडली के लोग रथ के आगे चलते रहे। अद्भुत झांकी द्वारा समाज की कुरीतियों एवं वर्तमान समय के समाज में व्याप्त धर्म, जाति एवं संस्कृति की राजनीति पर सीधा प्रहार किया गया था। प्रभु श्रीराम जी के पुष्पक विमान रूपी रथ के साथ हनुमान की भूमिका अजेन्द्र अग्रहरि और सुग्रीव की भूमिका पवन जायसवाल ने निभाई।

पुष्पक विमान के आगे धर्म ध्वजा लें कार्यकर्ता चलते रहे। भालू, खूनी पागल के साथ अन्य जीवन्त झाकियां शोभा यात्रा में चार चांद लगा रही थी। रामरथ के आगे आगे चल रहे कीर्तन मण्डली ने पूरे नगर के वातावरण को राममय कर दिया।

### केन्द्रीय पांडाल जेसीज चौक पर स्थापित किया गया था

विधायक रमेश सिंह, शीतल प्रसाद अग्रवाल, गीता जायसवाल, अनिल मोदनवाल, भुवनेश्वर मोदनवाल, सुशील सेठ बागी द्वारा आरती का आयोजन कर प्रभु राम की आरती की गयी प्रभु राम की आरती व्यक्के राजा राम तेरी आरती उतारुव्यक्भजन द्वारा लोगो का मन मोह लिया। रामलीला समिति अध्यक्ष संदीप जायसवाल, अनिल मोदनवाल आदि रहे। वहीं जेसीज चौक पर बनाए गए केन्द्रीय पण्डाल क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य मौजूद रहे। डाक खाना तिराहे पर बने प्रसारण मंच से मेले का संचालन हर्ष चन्द्र जायसवाल व देवेश जायसवाल ने किया। भगवान राम के दर्शन को श्रध्दालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक आदेश कुमार त्यागी द्वारा चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया।

# नौपेड़वा सहकारी संघ चुनाव में अंकित यादव चुने गए सभापति

**अवधनामा संवाददाता**

**नौपेड़वा (जौनपुर)** साधन सहकारी संघ नौपेड़वा में गुरुवार को जबरजस्त गहमा-गहमी एवं भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच अंकित यादव पुत्र महेन्द्र कुमार यादव जिला पंचायत सदस्य को निर्विरोध सभापति (अध्यक्ष) चुना गया। दोपहर बाद चुनाव अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।चुनाव अधिकारी डीडीओ विजय कुमार यादव की देखरेख में संपन्न हुए चुनाव में सभापति के लिए मात्र अंकित यादव व उप सभापति के लिए रामसूरत चौहान ने नामांकन किया। उधर तय समय अवधि बीत जाने के बाद भी भाजपा की तरफ से कोई भी सदस्य नामांकन पत्र भी खरीदने कोई नही पहुँचा जबकि इसे पूर्व सदस्य चुनाव में जनपद के बड़े नेताओं द्वारा जमकर रुचि ली गयी थी। चुनाव समय बीत जाने पर डीडीओ ने सभापति को प्रमाणपत्र प्रदान किया। अंकित ने कहा कि हम क्षेत्र के सम्मानित जनता के प्रति ऋणी रहेंगे तथा समिति के उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील रहूंगा। इसके अलावा दिव्येष कुमार, अनीता यादव, मेवालाल, विनोद कुमार, जयप्रकाश तथा राजेश कुमार को सदस्य चुना गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र कुमार यादव, ब्लॉक प्रमुख मनोज यादव, अमित पाठक, बाबूराम यादव, संघर्ष यादव, परवेज, आरपी यादव,संजय सिंह, महाजन यादव, बेचू सिह,अपरबल सिंह ,रामसरन वकील सहित बक्शा सिकरारा की पुलिस सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहें।



# मडियाहू का ऐतिहासिक भारत मिलाप संपन्न

- चारों भाइयों का मिलन देख उपस्थित लोगों की भर आई आंखें

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (मड़ियाहूं)।** श्री रामलीला समिति मडियाहू की ओर से आयोजित भारत मिलाप की मनोहर झांकी देखकर उपस्थित जनसमूह भाव बिहवल हो उठा।

पुष्प वर्षा व अमृत मय मानस की चौपाइया वातावरण को आनंद रस से शराबोर कर रही थी। भरत मिलाप की लीला देखने को हर कोई आतुर रहा। 14 वर्षों के वनवास की अवधी पुरी करके श्री राम अयोध्या लौटे तो उन्हें देखकर भरत भाऊक हो गए। भाव विह्वल हो चारों भाइयों ने बारी बारी से एक दूसरे से गले मिले।

इस दौरान छतो से महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।इस दौरान आकर्षक झांकियां निकाली गई। नगर को भव्य तरीके से झालरों से सजाया गया था।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष दिलीप साहू महामंत्री चंदन केसरी और रामलीला समिति के सभी सदस्य व पदाधिकारी मेला को संपन्न कराने में जुटे रहे। मेले में कोई अव्यवस्था ना हो इसके लिए उप जिला अधिकारी मडियाहू कुणाल गौरव क्षेत्र अधिकारी मडियाहू चौब सिंह प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# चोरी के शक में विक्षिप्त युवक की पिटाई कर खम्बे से लटकाया

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खेतासराय)** स्थानीय थाना क्षेत्र के जैगहा बाज़ार से बीती रात दुर्गा पूजा पंडाल से दान पेटिका से पैसा चोरी करने के शक में नाराज़ ग्रामीणों ने विक्षिप्त युवक की जमकर पिटाई कर दी, बाद में उसे लकड़ी के पोल पर लटका दिया। हालांकि पुलिस के पूछताछ में किसी तरह की नक़दी नही मिली। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस थाने लाई। युवक के साथ हुई दरिंदगी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेज़ी से प्रसारित हो रहा है। उक्त गांव में दुर्गा पूजा का पंडाल लगा। बुधवार को मुर्ति का विसर्जन भी हुआ। आरोप है कि इसी गांव के शंकर ताड़ीदास ने दान पेटिका से पैसा चोरी करते किसी



ने देख लिया। कुछ लोगों ने उसे बैठा लिया, तब तक भारी भीड़ इकठ्ठा हो गयी। आक्रोशित लोगों ने मोटी रकम चोरी करने का आरोप लगाते हुए धुनाई कर दी, फ़िर उसे पंडाल के पोल पर जूता का हार पहनाकर बांध दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों के कब्ज़े से मुक्ति किया।वही कुछ ग्रामीण कहते दिखे यदि उसे चोरी करते देखा गया है, तो पुलिस को सूचित करते लेकिन कुछ लोगों ने तालिबानी सज़ा की भी हद पार कर दिया। युवक का शराब का आदी और मानसिक बीमार बताया जाता।इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष चंदन राय से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि चोरी करने की शिकायत पर हिरासत में लिया गया है। वह मंदबुद्धि और शराब का आदी है। किसी तरह की नक़दी उससे बरामद नही हुई है। जाँच की जा रही है।

## अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**खुटहन (जौनपुर)** शाहगंज वाया प्रयागराज राजमार्ग के बनुआडीह पोखरे के पास गत शनिवार को दो बाइको की टक्कर में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के चाचा की तहरीर पर टक्कर मारने वाले अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दिया है।

बनुआडीह गांव निवासी रजनीकांत दूबे ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका भतीजा आयूष दूबे बाइक से पड़ोसी सनी यादव को लिवाकर बाजार से घर आ रहा था। पोखरे के पास सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। जिसमें आयूष की मौके पर मौत हो गई थी। उपचार के दौरान सनी ने भी दम तोड़ दिया था।

# नवंबर के अंतिम सप्ताह तक स्थापित होगी महाराणा प्रताप की मूर्ति

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद तिराहे पर स्थापित होने वाले महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का मुख्यमंत्री द्वारा अनावरण के संभावित कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा प्रशासनिक अमले के साथ कार्य स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह व राजपूत सेवा समिति के सदस्य ओम प्रकाश सिंह से मूर्ति की भव्यता और पार्क के सुंदरीकरण पर चर्चा किया। सीटी मजिस्ट्रेट जल राजन चौधरी, नगर पालिका के अधिशासी अभियंता पवन कुमार व चेयरमैन प्रतिनिधि डा. रामसूरत मौर्य के साथ मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य के एक- एक गतिविधि का गहनता से निरीक्षण किया। मौके पर कार्यरत मजदूरों से भी जानकारी ली।बातचीत के दौरान कृपाशंकर सिंह ने बताया कि बीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की यह भव्य मूर्ति पूर्वांचल की शान व जनपद की पहचान होगी। समिति के सदस्यों के ऐतिहासिक कार्य की सराहना किया। जिलाधिकारी ने भी आश्वासन दिया कि पार्क के सुंदरीकरण में कही से भी कोई कमी नहीं रहेगा। ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि चेतक घोड़े पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति 13 फीट ऊंची होगी जो करीब 9 फीट ऊंचे चबूतरे पर स्थापित की जाएगी। दीपावली बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों मूर्ति का अनावरण का समय मांगा गया है। जौनपुर शहर के पश्चिमी प्रवेश द्वार पर लगने वाली इस मूर्ति से न सिर्फ जौनपुर अपितु पूरे पूर्वांचल का गौरव बढ़ेगा। मौके पर राजपूत सेवा समिति के सदस्य रत्नाकर सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, श्यामराज सिंह, सिद्धार्थ सिंह सहित भारी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

## सत्यम ने जीते दो स्वर्ण, चार छात्राओं का मिला कांस्य

**प्रयागराज।** वाईएमसीए सेन्टेनरी स्कूल एण्ड कॉलेज के सत्यम यादव ने वाराणसी में 19 से 22 अक्टूबर तक आयोजित सीबीएसई क्लस्टर फाइव एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किये। स्कूल की चार छात्राओं ने रिले दौड़ में कांस्य पदक जीता।वाईएमसीए सेन्टेनरी स्कूल एण्ड कॉलेज की प्रधानाचार्या रीमा मसीह के अनुसार प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा के सत्यम यादव ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया जबकि कीर्ति यादव, अनन्या श्रीवास्तव, त्रिपर्णा दत्ता, श्रीपर्णा दत्ता और सुहानी पाल ने 4 गुणे 400 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर सत्यम यादव का चयन 5 से 7 नवम्बर 2023 तक रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

# निर्वाचन नामावलियों को लेकर हुआ मंथन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के सम्बंध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोग में लायी जाने वाली फोटोयुक्त मतदाता सूची का अवलोकन कर मतदाता सूची को सभी पहलुओं से अद्यावधिक व शुद्ध बनाये जाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बैठक में बताया गया कि मतदाताओं को बूथ लेविल अधिकारियों व सुपरवाईजरों, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्ट, इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब, वोटर अवेयरनेस फोरम, प्रिंट मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि सोशल साइट्स व अन्य प्रचार-प्रसार के माध्यमों से जागरूक किया जायेगा। इसके साथ ही भावी युवा 18-19 वर्ष के मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किए जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाये।

# मुट्ठीगंज चौराहे पर हुई लाइटिंग प्रतियोगिता

- मुट्ठीगंज रोशनी कमेटी के पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित




**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** दशहरे के पावन पर्व नवमी, दशमी एवं एकादशी के अवसर पर मुट्ठीगंज बड़े चौराहे पर शानदार लाइटिंग किए जाने पर चारों रोशनी कमेटी के अध्यक्षों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष नितिन वाजपेई ने सम्मानित किया।

उन्होने कहा कि दशहरा प्रयागराज की शान और गौरव है। एक बार फिर प्रयागराज की गौरव को स्थापित करते हुए मुट्ठीगंज के चारों रोशनी कमेटी के पदाधिकारी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर इलाहाबाद गल्ला तिलहन व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश चंद्र केसरवानी ने मुट्ठीगंज थाना अध्यक्ष नितिन वाजपेई एवं चौकी प्रभारियों को कुशलता पूर्वक तीन दिवसीय दशहरा संपन्न कराने को लेकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सम्मानित होने वाले रोशनी कमेटी के पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से न्यू बाल संघ रोशन रोशनी कमेटी के अध्यक्ष उमेश चंद्र केसरवानी दादा, श्री मुट्ठीगंज रोशनी कमेटी के अध्यक्ष सतीश केसरवानी, श्री सहयोग व्यापार मंडल रोशनी कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी एवं बाल स्वरूप की कमेटी के अध्यक्ष सतीश चंद्र केसरवानी और उनके पदाधिकारी रहे।

कार्यक्रम का संचालन राजेश केसरवानी ने किया। इस अवसर पर और पार्षद राम बाबू अग्रहरि सुभाष चंद्र केसरवानी, मुकेश चंद्र जायसवाल, रमेश चंद्र केसरवानी, राजकुमार जायसवाल, सुशील कुमार बच्चा, राजेश केसरवानी, नितिन केसरवानी, सचिन गुप्ता एवं हजारों की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भागवत श्रवण का अवसर बड़े भाग्य से प्राप्त होता है



**प्रयागराज।** बेधन अचारी पुरवा मे सुरेश शुक्ल के यहा चल रही श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस पर कथामृत की वर्षा करते हुए कुलगुरू डा0 विनोद शुक्ल ने बताया कि भागवत श्रवण का अवसर बड़े भाग्य से प्राप्त होता है। श्री गुरुदेव महाराज ने कहा कि यहा यह ध्यान देना है कि जो जीवन मिला है यह अपना नही है। यह किसी का दिया हुआ है।इसके हम अधिकारी नही है,हम इसके माध्यम से अपने कर्मो को करते हुए वर्तमानकालिक और पूर्वकालिक जीवन को सफल बनाने के लिए प्रयास करते है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास ही हमे शक्ति प्रदान करता है कि हम उस परमात्मा को धन्यबाद ज्ञापित कर सके। मानव जीवन का मिलना दुर्लभ माना गया है साथ ही यह क्षणभंगुर भी है। ऐसी स्थिति मे हमारा दायित्व और बढ जाता है कि इसका अवनयन न हो। यह तभी संभव है जब हम धर्म का पालन करते हुए प्रभु के चरणानुरागी बने और उनके चरित्र का श्रवण करे।

### सोशल मीडिया पर धर्म विशेष पर अभद्र टिप्पणी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**फूलपुर ,आजमगढ़।** पूर्व की घटना को वादी मुकदमा उ0नि0 जयप्रकाश पाण्डेय थाना कोतवाली फूलपुर जनपद आजमगढ द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत किया गया था कि प्रमोद प्रेमकर नाम से सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर कुछ ऐसी अभद्र वीडियो पोस्ट की गयी है जिसमें धर्म विशेष पर अपमानजनक शब्द लिखे गये हैं, जिससे धर्म विशेष के लोगो में आक्रोश ब्याप्त है जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 489/23 धारा 295ए, 298,505(2) भादवि पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 शंकर सिंह यादव द्वारा की जा रही थी।आज उ0नि0 शंकर सिंह यादव मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त प्रमोद प्रेमकर पुत्र नन्दलाल हरिजन साकिन चकनूरी थाना फूलपुर उम्र करीब 34 वर्ष को खुरासन रोड रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

# कुम्भ के नाम पर करोड़ों का बजट, फिर भी हालात जस का तस

- स्वच्छ भारत मिशन के सारे दावे खोखले साबित हो रहे
- गन्दी नाली में डाल दिया पीने के पानी की प्लास्टिक 3 इंच लाइन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** विकास और स्वच्छ भारत मिशन के दावों को सिरे से खारिज कर रही हस प्रयागराज के दारांगज मुहल्ले की सुनारी गली जिसकी हालत सुवर बाड़े से भी गयी गुजरी है। स्थानीय लोगो की माने तो दो साल तक वहां के निवासी पानी के लिए तरस गए। मीडिया की सुर्खी बनने पर 2 साल बाद पीने के पानी की व्यवस्था हुई। इंजीनियर और ठेकेदार की मिली भगत ने तो हद ही कर दी। इस मोहल्ले में पीने के पानी का 3 इंच की पाइपलाइन डाली गई। जिसे ठेकेदार ने पैसे की बचत करने के लिए गंदगी बहने वाली नाली में डाल दिया ताकि उसे अलग से गड्ढा ना खुदवाना पड़े। फिर उसे मिट्टी से पाट दिया इंटरलाकिंग का भी पैसा बचाकर बन्दरबाँट कर लिया। ठेकेदार द्वारा उसे वहां पहले की तरह इंटरलॉकिंग से बंद कर देना चाहिए था लेकिन ऐसा ना करके वह गली को बुरी हालत में छोड़कर भाग गया। जिससे वहां जानवर गंदगी करते हैं। नगर निगम कर्मी कूड़ा कभी उठाते हैं कभी नहीं उठाते। कभी भी संक्रामक बीमारी फैल सकती है। महीने में एक बार हल्की फॉगिंग करवाकर उसकी वीडियो सोशल मीडिया में डालकर वाहवाही लूटी जाती है। गैमेक्सीन महीने में एकबार पड़ गयी वह भी बड़ी मशक्कत करने पर।

## मुख्यालयों पर संरक्षित की गयी मिट्टी का प्रभारी मंत्री ने किया अवलोकन

**आजमगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' कार्यक्रम के तहत आज जनपद के समस्त नगर निकायों व विकास खण्डों के समस्त ग्रामों से अमृत कलश में एकत्र कर नगर निकायों व विकास खण्ड मुख्यालयों पर संरक्षित की गयी मिट्टी को हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में ससम्मान लाया गया। जिसका मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग व प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा अवलोकन किया गया एवं वीरों व शहीदों को वन्दन एवं नमन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में विद्यालयों के छात्र व छात्राओं द्वारा जो देशभक्ति गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति की गयी, इसके बाद मेरे पास कहने को कुछ शब्द नही बचे हैं। उन्होने समस्त विद्यालयों के बच्चों एवं अध्यापकों को धन्यवाद दिया, जिन्होने आज के इस कार्यक्रम में भाग लिया और जिन्होने अपने बच्चों को देश के इतिहास एवं बलिदान को जीवन्त करने का आजमगढ़ में कार्य किया है, उनका बहुत अभिनन्दन है। उन्होने जिला प्रशासन को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को बहुत अच्छे ढ़ंग से आयोजित कराया है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है।

# अखिल भारतीय टेबल टेनिस एवं जिमनास्टिक प्रतियोगिता आज से

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे के संयोजन में विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय टेबल टेनिस एवं जिमनास्टिक की प्रतियोगिता का उद्घाटन गणेश केसरवानी मेयर प्रयागराज, दिव्यकांत शुक्ला, सचिव उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र के कर कमलों द्वारा विद्यालय प्रांगण में संपन्न होगा। पांच दिवसीय उक्त प्रतियोगिता के संबंध में विद्या भारती काशी प्रांत के संगठन मंत्री डॉ राम मनोहर, प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह ने संयुक्त रूप से विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उद्घाटन, समापन एवं सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में तथा टेबल टेनिस की प्रतियोगिता अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कंपलेक्स परिसर, म्योहाल एवं जिमनास्टिक की प्रतियोगिताएं ब्वॉयज हाई स्कूल स्थित जिमनास्टिक हाल में संपन्न होगी। उक्त प्रतियोगिता में पूरे देश के आठ क्षेत्र से लगभग 350 खिलाड़ी छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करने वाले हैं। फूलपुर की सांसद केसरी देवी पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर बी. के. सिंह समापन समारोह के तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ सांस्कृतिक संध्या के सम्मानित अतिथिगण होंगे। उक्त प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को प्रतियोगिता से संबंधित विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां प्रदान की तथा विद्यालय के प्रबंधक शिवकुमार पाल, अध्यक्ष डॉक्टर आनंद कुमार श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष शरद कुमार गुप्त ने इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

# पुलिस अधीक्षक ने किया जनपद के प्रथम पिंक बूथ का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम मे आज पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा जनपद का प्रथम पिंक बूथ कलेक्ट्रेट चौराहे पर स्थापित किया गया है। महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु पिंक बूथ पर महिला पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की गयी है, जो महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निस्तारण करायेगीं। पिंक बूथ पर 01 रजिस्टर में महिलाओं की समस्याओं को अंकित कर उसका यथा शीघ्र निस्तारण कराया जायेगा।

नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में पम्पलेट के माध्यम से बताया जायेगा तथा उन सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये आवश्यक प्रमाण पत्रों के बारे मे बताया जायेगा। नारी सुरक्षा एवं अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से पिंक बूथ की स्थापना की गयी है। इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी पिंक बूथ की स्थापना की जायेगी। पिंक बूथ पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी चौकी प्रभारी सिविल लाइन के निर्देशन में कार्य करेगीं जिसकी मानिटरिंग अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर व थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा की जायेगी।

# पूर्व डिप्टी मेयर मुरारी लाल अग्रवाल का धूम धाम से मनाया गया जन्मदिन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप महापौर मुरारी लाल अग्रवाल का जन्मदिन बीजेपी के कार्यकर्ताओं के साथ साथ सभी दलों के नेताओं ने धूमधाम से मनाया , लोगों ने केक कटे और पूर्व उपमहापौर को पुष्पगुच्छ भेंट किये।

गुरुवार को बीजेपी के नेता के जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही बधाई देने वालों का ताँता लग गया , कोई फ़ोन से तो कोई व्हाट्सअप मैसेज से तो बड़े नेता फूल माला लेकर उप महापौर के आवास पर जाकर जन्मदिन की बधाई दिया। पूर्व महापौर मुरारी लाल अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह उनके चाहने



वालों का प्यार है , वे कभी अपना जन्मदिन नहीं मानते हैं , लेकिन उनके चाहने वालों ने आज असीम प्यार दिया इसके लिए वे उनके ऋणी रहेंगे। मुरारी लाल अग्रवाल बीजेपी के बहुत वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी समय समय पर जिम्मेदारी देती रहती है , इसका वे निर्वहन करते हैं। मुरारी लाल अग्रवाल के बारे में कहा जाता है कि वे अपने लोगों का हमेशा बहुत ख्याल रखते हैं और किसी के भी सुख दुःख में पहुंचने के आलावा मदद भी करते हैं। बीजेपी नेता के जन्मदिन के अवसर पर केवल बीजेपी के ही नहीं अपितु सब दलों के नेताओं , समाजसेविओं ने बधाई दिया और उनके दीर्घायु होने की कामना किया। उप महापौर ने भी सबका मुँह मीठा कराया। बधाई देने वालों में पवन अग्रवाल, जयंत अग्रवाल, मनी देवी, अंजना, अग्रवाल, कौशल किशोर दिक्षीत, कलमकार तिवारी, पुनीत वर्मा, मनोज जी, प्रकाश शुक्ला, अमित पाठक, ओमकार नाथ पांडेय, पुष्पा सिंह, डॉक्टर शागलु, किरन जयसवाल, नटवरलाल भारतीय, रोविन साहू आदि लोग शामिल रहे।

# टाटा मोटर्स की सीएसआर पहल से लोग सकारात्मक रूप से प्रभावित हुए



**मुंबई।** भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज अपनी 9वीं वार्षिक सीएसआर रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य (आरोग्य), शिक्षा (विद्याधनम), नियोजनीयता (कौशल्य) और पर्यावरण (वसुधरा) के क्षेत्रों में भारत के सबसे गंभीर और सामाजिक चुनौतियों को हल करने की दिशा में व्यापक प्रयासों पर रोशनी डाली गई है। सामूहिक रूप से, इन प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में 60 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुँचा है और इन लाभार्थियों का एक बड़ा हिस्सा हाशिये पर पड़े समुदायों से आता है।

वर्ष 2014 में, टाटा मोटर्स ने देश भर में अपनी सीएसआर पहलों को एक समान सुसंगत करने के लिए 4 स्तंभों पर आधारित एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया था। अलग-अलग इकाइयों और टीमों द्वारा प्रत्येक चिन्हित क्षेत्र में प्राप्त क्षमता, अनुभव और विशेषज्ञता की बदौलत स्पष्ट निर्धारित परिणामों और उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ फोकस्ड मध्यवर्तनों का निर्माण और कार्यान्वयन किया गया। सभी स्थानों में कार्यक्रमों में समरूपता, डिजिटल तकनीकों का लाभ, विविध हितधारकों के साथ साझेदारियों को बढ़ावा देना और समुदायों के साथ भरोसे की मजबूती के द्वारा कंपनी ने अनुमानित प्रभाव से काफी अधिक प्रभाव पैदा किया है।

इस अवसर पर टाटा मोटर्स के सीएसआर हेड, विनोद कुलकर्णी ने कहा कि, ÷टाटा मोटर्स में हमारे सीएसआर संबंधी प्रयास समावेशी विकास को बढ़ावा देने और इस प्रकार राष्ट्र-निर्माण में योगदान करने के प्रति हमारी अडिग वचनबद्धता के साथ गहराई से जुड़े हैं। हमें अपने प्रयासों से लाखों लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डालकर बहुत खुशी हो रही है। असल में, सीएसआर से सम्बंधित हमारे अनेक विचार और कार्यक्रम में से अनेक विशाल परियोजनायें हो गई हैं, जो सामुदायिक विकास के लिए मॉडल के रूप में अनुकरणीय हैं। 'मोर फॉर लेस फॉर मोर' के अभिनव दृष्टिकोण का प्रयोग करके हमने अपनी आकांक्षाओं और उपलब्ध संसाधनों के बीच अंतर को कम किया है और अनगिनत परियोजनाओं के लिए अखिल-भारतीय स्तर हासिल किया है। अपने सीएसआर एजेंडा को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता अडिग है, जैसा कि हम हम एक ज्यादा समावेशी, उचित और सतत् भारत के निर्माण के लिए प्रयास करते हैं।

## निसान ने जापान मोबिलिटी शो में पेश किया पूरी तरह इलेक्ट्रिक, हाइ-परफॉर्मेंस निसान हाइपर फोर्स कॉन्सेप्ट




**गुरुग्राम।** जापान मोबिलिटी शो में निसान मोटर कंपनी लिमिटेड ने पांच हाइपर कॉन्सेप्ट वाहनों की इनोवेटिव सीरीज़ की शानदार पेशकश निसान हाइपर फोर्स लॉन्च की। शो में 3 अक्टूबर से हर हफ्ते लॉन्च किए जा रहे एक ईवी कॉन्सेप्ट के साथ निसान ने ग्राहकों की भविष्य की ज़रूरतों और जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए नए उत्पाद पेश करने और इनोवेशन व उत्साह से लोगों के जीवन को भर देने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

निसान के प्रेसिडेंट और सीईओ मकोतो उचिदा ने कहा, आज पेश की गई सभी पांच कॉन्सेप्ट कारें, भविष्य की प्रतीक हैं और वह करने की हिम्मत करना जो दूसरे लोग नहीं कर सकते की हमारी मूल भावना को दर्शाती है। हमने अपने ईवी इनोवेशन को बेहतर बनाया है और मोबिलिटी से आगे बढ़कर हम कहीं अधिक स्थायी दुनिया बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। ये सभी ईवी अपने शौक और सपनों से समझौता किए बिना स्वच्छ, साफ और हर किसी के लिए समावेशी दुनिया बनाने के हमारे भविष्य को दर्शाते हैं। इनोवेशन की ताकत से निसान ऐसा भविष्य तैयार कर रही है जहां हर कोई मोबिलिटी के उत्साह का आनंद ले सकता है। निसान हाइपर फोर्स को रेसिंग का शौक रखने वालों और गेमर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जिन्हें रेसट्रैक की एड्रेनलिन रश पसंद होती है, लेकिन वे पर्यावरण को लेकर सजग भी होते हैं। पूरी तरह से इलेक्ट्रिक इस हाई-परफॉर्मेंस सुपरकार का उद्देश्य ड्राइविंग का बेहतर अनुभव देने के साथ-साथ पर्यावरण के लिहाज़ से अच्छी परफॉर्मेंस और रोज़ाना इस्तेमाल के लिहाज़ से आराम देना है।

# हीरो मोटोकॉर्प ने भारत में अपनी पहली अत्याधुनिक प्रीमियम डीलरशिप का उद्घाटन किया




**नई दिल्ली।** मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने आज केरल के शहर कालीकट में अपनी पहली प्रीमियम डीलरशिप हीरो प्रीमिया का उद्घाटन किया। इस डीलरशिप की मदद से ग्राहकों को प्रीमियम अनुभव देने के नए युग की शुरुआत होगी। कालीकट के ऑटो हब में स्थित, हीरो प्रीमिया अपने समझदार ग्राहकों को बिक्री और सर्विस का शानदार प्रीमियम अनुभव प्रदान करेगी। सभी आगंतुकों को एक नया ऑटोमोटिव अनुभव देते हुए, हीरो प्रीमिया में आधुनिक वास्तुकला, आकर्षक डिजाइन और नए जमाने की आकर्षक डिजिटल तकनीकें मौजूद हैं। पेशेवर रूप से प्रशिक्षित बिक्री सलाहकारों की एक टीम स्वामित्व का बेहतरीन प्रीमियम अनुभव प्रदान करते हुए ग्राहकों को उनकी मोबिलिटी से जुड़ी जरूरतों के मुताबिक व्यक्तिगत बिक्री सुझाव देगी। हीरो प्रीमिया हीरो मोटोकॉर्प के प्रीमियम उत्पादों की श्रृंखला प्रदर्शित करेगा, जिसमें नई लॉन्च की गई फ्लैगशिप मोटरसाइकिल करिज़्मा एक्सएमआर भी शामिल है। शहरी यात्रियों के लिए एक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करते हुए, हीरो प्रीमिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करते हुए वीडा वी1 स्कूटर भी प्रदर्शित करेगा। ग्राहक हीरो मोटोकॉर्प की पहली को-डेवलप्ड मोटरसाइकिल हार्ले-डेविडसन एक्स440 का अनुभव भी कर सकते हैं। इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए हीरो मोटोकॉर्प की भारत बिजनेस यूनिट के चीफ बिजनेस ऑफीसर रंजीवजीत सिंह ने कहा, भारत में अपनी पहली प्रीमियम डीलरशिप के शुभारंभ के साथ हम न केवल अपनी अलग-अलग मोटरसाइकिलों और स्कूटरों के मॉडल्स का प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि हम आवागमन के साधनों के भविष्य का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो प्रीमियम, नवीन और स्थायी है। वित्त वर्ष 24 में हमारी कंपनी पूरे भारत में अपने प्रीमियम रिटेल अनुभव को मजबूत करने का काम करेगी। इस साल नए प्रीमियम उत्पादों - करिज़्मा एक्सएमआर और हार्ले-डेविडसन एक्स440 के लॉन्च के साथ, हीरो मोटोकॉर्प का प्रीमियम पोर्टफोलियो पहले से कहीं अधिक मजबूत नजर आ रहा है और हमें पक्का भरोसा है कि हमारा ब्रांड-न्यू प्रीमियम रिटेल चैनल, हीरो प्रीमिया आने वाले महीनों में शानदार सफलता पाने के लिए तैयार है।

## प्रेस्टीज क्रिस्टा इलेक्ट्रिक डिजिटल एयर फायर लॉन्च आपके किचन के लिए एक उपयोगी घरेलू उपकरण



**नई दिल्ली।** प्रेस्टीज, किचन अप्लायंसेज में सबसे अग्रणी ब्रैंड, ने अपने नए प्रेस्टीज क्रिस्टा इलेक्ट्रिक डिजिटल एयर फायर को लॉन्च किया है। यह आधुनिक उपकरण आपके खाना पकाने के अनुभव में बड़ा बदलाव लाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। यह आपको आपके पसंदीदा फ्राइड फूड का मजा लेने का ज्यादा सेहतमंद और सहूलियत वाला तरीका प्रदान करता है।

क्रिस्टा डिजिटल एयर फायर के सबसे महत्वपूर्ण फीचर्स में एक इसके 9 प्रीसेट कुकिंग फंक्शंस है, जिसमें आप अपने पसंदीदा फूड आइटम को तल सकते हैं, भून सकते हैं, सेंक सकते हैं तथा अन्य भी बहुत से काम कर सकते हैं। प्रेस्टीज क्रिस्टा एयर फायर किचन में तरह-तरह की डिश बनाने में आपका अच्छा साथी है, जो आपकी खाना पकाने की अनेक जरूरतें पूरी करता है। चाहे आप कुरकुरे फ्राइज खाना चाहते हों या रसीला और मजेदार ग्रिल्ड चिकन खाने का मन हो या आप अच्छी तरह बेक की गई पेस्ट्री का स्वाद लेना चाहते हो, यह उपकरण आपकी सभी जरूरतों को पूरा करेगा।

किसी भी व्यंजन को बेहतर ढंग से पकाने के लिए इस होम अप्लायंस का डिजिटल डिस्प्ले आपको समय और तापमान को सेट और एडजस्ट करने की मंजूरी देता है। यह फीचर खाने के पकने या न पकने के बारे में अंदाजा लगाने का काम खत्म कर देता है। जब भी आप इसे इस्तेमाल करते हैं तो यह आपको बेहरीन रिजल्ट देता है।

इस विशेष रूप से डिजाइन की गई हाई कैपिसिटी फ्राइंग बास्केट में हाई-क्वॉलिटी नॉन-स्टिक कोटिंग का फीचर है, जिससे खाना अच्छी तरह और जल्दी पकता है। फ्रायर में गर्म हवा का तेजी से सर्कुलेशन खाने के अच्छी तरह पकने की गारंटी देता हैं। इससे खाना पकाने में बहुत ज्यादा तेल की जरूरत खत्म हो जाती है। पारंपरिक डीप फ्राइंग के तरीकों के मुकाबले टीटीके प्रेस्टीज क्रिस्टा एयर फ्रायर तेल के इस्तेमाल को 80 फीसदी तक कम करता है, जिससे खाना ज्यादा सेहतमंद बनता है और इसमें आपको स्वाद से कोई समझौता भी नहीं करना पड़ता। बात जब रसोई के उपकरणों की हो तो सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। प्रेस्टीज क्रिस्टा एयर फ्रायर सुरक्षा के लिहाज से काफी बेहतरीन हैं। इसका सेफ्टी इंटरलॉकिंग सिस्टम बिना किसी परेशानी के खाना बनाना सुनिश्चित करता है। जब इसमें से बास्केट को खींचा जाता है तो यह खाना बनाने की प्रक्रिया अपने आप रोक देता हैं। इस फीचर से न केवल हादसों से सुरक्षा होती है, बल्कि यह गर्म हवा को बाहर निकलने से रोकता है, जिससे हर समय आपकी सुरक्षा सुनिश्चित होती है। प्रेस्टीज क्रिस्टा एयर फ्रायर के इंटरनल लैंप और सी-थ्रू विंडो से खाना पकते समय उसकी निगरानी करना काफी आसान हो जाता है। खाना बनने की प्रक्रिया में कोई रुकावट डाले बिना आप आसानी से तैयार होते भोजन पर नजर सकते हैं, जिससे हर व्यंजन का अच्छी तरह बनना सुनिश्चित होता है।

## कोटक महिन्द्रा बैंक ने नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड के साथ साझेदारी की

**मुंबई।** कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल/ कोटक) ने आज नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल) के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है। यह साझेदारी एनईएसएल के प्लेटफॉर्म पर केएमबीएल की पहली इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी (ई-बीजी) जारी करने के लिये हुई है।

कोटक महिन्द्रा बैंक के प्रेसिडेंट एवं होलसेल बैंकिंग के हेड परितोष कश्यप और एनईएसएल के एमडी एवं सीईओ देबाज्योति रे चौधरी समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान करते हुए। कोटक बैंक एनईएसएल के प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी जारी करेगा

इस साझेदारी से व्यापार (ट्रेड) का डिजिटाइजेशन हो सकेगा और कागजों पर बैंक गारंटीज का इश्योएंस बंद करने में मदद मिलेगी। इस डिजिटाइजेशन में बीमा, संशोधन, समापन, डिजिटल स्टैम्पिंग और हस्ताक्षर शामिल हैं, जिससे गारंटी का टर्नअराउंड टाइम (टीएमटी) कुछ ही घंटों का हो जाता है, जबकि कागज वाली प्रक्रिया में 2-3 कार्यदिवस लगते हैं। ई-बीजी में सत्यापन के जोखिम भी नहीं रहते हैं।



कोटक महिन्द्रा बैंक के प्रेसिडेंट एवं होलसेल बैंकिंग के हेड परितोष कश्यप ने कहा, कोटक महिन्द्रा बैंक अपने ग्राहकों को बैंकिंग में सुविधा तथा आसानी देने में आगे रहा है। एनईएसएल के साथ साझेदारी करके हमारे व्यापार ग्राहकों को ई-बीजी मिलेगी और सत्यापन के विभिन्न चरणों सहित असीमित कागजी कार्यवाही में लेंडर तथा जारीकर्ता को जो समस्याएं होती हैं, वे दूर होंगी। ग्राहकों पर केन्द्रित होने और नवाचार पर ध्यान देकर हमने अपनी बैंकिंग सेवाओं में डिजिटल कायाकल्प को काफी पहले अपनाया है। हम बैंकिंग उद्योग में अपने द्वारा प्रदत्त सभी उत्पादों तथा सेवाओं में अपने ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिये प्रतिबद्ध हैं और ई-बीजी इनमें से एक है।

एनईएसएल के एमडी एवं सीईओ देबाज्योति रे चौधरी ने कहा, ई-बीजी हमारे ट्रेड फाइनेंसिंग के तरीके में एक मिसाल जैसा बदलाव करती है और यह बैंकिंग सेवाओं के डिजिटाइजेशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ई-बीजी से बैंक गारंटी के बीमा और आवाहन जैसी जीवनचक्र की अन्य घटनाओं में लगने वाला समय काफी कम होता है। इंस्टैंट मैसेजिंग के इस जमाने में यह उपयुक्त है कि जारी करने पर ई-बीजी लाभार्थियों को एक सुरक्षित तथा डिजिटल रूप में तुरंत उपलब्ध हो।

एनईएसएल- डिजिटल डॉक्युमेंट्स एक्जीक्युशन (डीडीई) टेक्नोलॉजी की मदद से लाभार्थी एनईएसएल पोर्टल पर डिजिटल तरीके से जारी बैंक गारंटी को रियल-टाइम में देख सकता है। ई-बीजी को डिजिटल तरीके से जारी करने से बैंक गारंटी के जारीकर्ता बैंक के अलग से सत्यापन की आवश्यकता नहीं होती है और आवेदक तथा लाभार्थी की अतिरिक्त मेहनत/ समय बचता है। इसके अलावा, एनईएसएल का केन्द्रीय कोष आवश्यकता होने पर जारी बैंक गारंटी की वापसी को सुविधाजनक बनाता है और गलत इस्तेमाल की संभावना को कम करता है।

## क्वांटम एएमसी ने लॉन्च किया स्मॉल कैप फ़ंड



**कानपुर।** क्वांटम एएमसी ने क्वांटम स्मॉल कैप फ़ंड के साथ एक नया फ़ंड ऑफ़र लॉन्च करने की घोषणा की है। यह सोमवार, 16 अक्टूबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और शुक्रवार, 27 अक्टूबर, 2023 को बंद होगा। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप स्टॉक में निवेश करती है। इसका सह-प्रबंधन चीफ़ इंवेस्टमेंट मैनेजर-चिराग मेहता और अभिलाषा सताले करेंगे।

इस स्कीम को S&P BSE 250 स्मॉल कैप टोटल रिटर्न इंडेक्स के सामने बेंचमार्क किया जाएगा। इसका निवेश उद्देश्य स्मॉल कैप स्टॉक में निवेश करके पूंजी वृद्धि (long-term capital appreciation) जनरेट करना है।

इस स्कीम में डायरेक्ट और रेग्यूलर प्लान होंगे। ये फ़ंड मैनेजर स्मॉलकैप कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी से संबंधित इंस्ट्रूमेंट में 65% -100% आवंटित करेंगे। क्वांटम एएमसी के चीफ़ इंवेस्टमेंट मैनेजर और फ़ंड मैनेजर, चिराग मेहता ने फ़ंड को लॉन्च करने के लिए कहा, हमारा स्मॉल कैप फ़ंडउन इंवेस्टर के लिए है जो दीर्घकालिक पूंजीवृद्धि की तलाश में हैं। हमने देखा है कि लंबी अवधि में, स्मॉल कैप स्टॉक्स में अच्छी रिटर्न क्षमता देने की संभावना होती है।

अपने कस्टमर को अच्छा रिटर्न पक्का करने के लिए, हम विकास की संभावनाओं वाले कम मशहूर, छोटे व्यवसायों में इंवेस्ट करेंगे। समय के साथ, ये कंपनियाँ अपने राजस्व और आय में वृद्धि करती हैं, जो हमारे इंवेस्टर्स के लिए अच्छा रिटर्न पक्का कर सकती हैं।

## टेक महिन्द्रा की दूसरी तिमाही की आय 12,864 करोड़ रुपये रही अंतरिम लाभांश 12 रुपये प्रति शेयर



**मुंबई।** डिजिटल परिवर्तन, परामर्श और बिजनेस रिइंजीनियरिंग सेवाओं में विशेषज्ञ कंपनी टेक महिन्द्रा ने 30 सितंबर, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय नतीजों की आज घोषणा की।


बीती तिमाही के लिए वित्तीय नतीजे (डालर में)

आय 155.5 करोड़ डालर रही, तिमाही दर तिमाही 2.8 प्रतिशत कम, साल दर साल 5.1 प्रतिशत कम, स्थिर मुद्रा संदर्भ में आय तिमाही दर तिमाही 2.4 प्रतिशत घटी, एबिटा 12.9 करोड़ डालर रहा, तिमाही दर तिमाही 20.5 प्रतिशत कम, साल दर साल 47.3 प्रतिशत कम, मार्जिन 8.3 प्रतिशत, तिमाही दर तिमाही 180 आधार अंक कम, कर बाद लाभ 5.9 करोड़ डालर, तिमाही दर तिमाही 29.3 प्रतिशत कम, साल दर साल 62.5 प्रतिशत कम, मुक्त नकदी प्रवाह 21.3 करोड़ डॉलर, बीती तिमाही के लिए वित्तीय नतीजे (रुपये में) लाभ आय 12,864 करोड़ रुपये, तिमाही दर तिमाही 2.2 प्रतिशत कम, साल दर साल 2 प्रतिशत कम एबिटा 1,072 करोड़ रुपये, तिमाही दर तिमाही 19.9 प्रतिशत कम, साल दर साल 46 प्रतिशत कम समेकित शुद्ध लाभ 494 करोड़ रुपये, तिमाही दर तिमाही 28.7 प्रतिशत कम, साल दर साल 61.6 प्रतिशत कम प्रति शेयर आय (ईपीएस) 5.6 रुपये, निदेशक मंडल ने 12 रुपये प्रति शेयर अंतरिम लाभांश मंजूर किया

**अन्य खास बातें**

कर्मचारियों की कुल संख्या 1,50,604 रही जो तिमाही दर तिमाही 2,307 अधिक है, 30 सितंबर, 2023 तक नकद और नकदी के समकक्ष 6,515 करोड़ रुपये , टेक महिन्द्रा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सीपी गुरनानी ने कहा, यह वर्ष चुनौतीपूर्ण मांग के वातावरण और लंबे समय तक वृहद अनिश्चितता से भरा रहा जिसके कारण बहुत सूझबूझ भरा दृष्टिकोण अपनाना पड़ा। हमने ग्राहकों के साथ मिलकर काम करने की रणनीति मजबूत की जिससे उन्हे परिचालनों को दुरुस्त और आधुनिक बनाने में मदद मिली क्योंकि इन्होंने अपने संसाधनों की प्राथमिकता नए सिरे से तय की। टेक महिन्द्रा के मुख्य वित्तीय अधिकारी रोहित आनंद ने कहा, हमने कारोबार के गैर प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान कम करने के लिए कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से आने वाले समय में हमें हमारा वित्तीय निष्पादन सुधारने में मदद मिलेगी और हम दीर्घकालीन टिकाऊ वृद्धि हासिल करने में समर्थ होंगे। निरंतर लाभांश भुगतान से हमारे शेयरधारकों के लिए मूल्य सृजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बल मिलता है।।

# SNICKERS नूबी ट्विस्ट के साथ क्रिकेट सीज़न का मना रहा है जश्न




**नई दिल्ली।** मार्स रिगली की सबसे ज्यादा बिकने वाली चॉकलेट बार, SNICKERS ने एक नया हास्य विज्ञापन लॉन्च किया है, जो आपको आगामी क्रिकेट सीजन में गुदगुदाएगा। दुनियाभर में प्रशंसित अपने ब्रांड अभियान यू आर नोट यू, व्हेन यू आर हंगरी का विस्तार करते हुए, नया SNICKERS नूबी मिस्टेक क्रिकेट के साथ अपने लंबे जुड़ाव को और मजबूत बनाते हुए आउट-ऑफ-सोर्ट्स प्रशंसक क्षणों को पेश करता है। इस पूरे अभियान पर बोलते हुए, वरुण कंधारी, डायरेक्टर, मार्केटिंग एंड कस्टमर मार्केटिंग, मार्स रिगली, ने कहा, SNICKERS का मजेदार ब्रांड पेशकश, यू आर नोट यू, व्हेन यू आर हंगरी, को दुनियाभर में उपभोक्ताओं द्वारा पसंद किया गया है। क्रिकेट सीजन की शुरुआत हो चुकी है, ऐसे में हमारे नए अभियान का लक्ष्य अप्रत्याशित कॉमेडी के साथ क्रिकेट प्रशंसकों के उत्साह को और बढ़ाना है। नए टीवी विज्ञापन और नूबीवर्स गेमिंग प्लेटफॉर्म के लॉंच के साथ देशभर के उपभोक्ताओं का मनोरंजन और बढ़ जाएगा। इसके माध्यम से, हम उपभोक्ताओं के बीच खुशी के अंगनित पलों को प्रेरित करते हुए जेन जी दर्शकों के बीच अपनी प्रासंगिकता पर जोर देते हैं। हमें पूरा भरोसा है कि क्रिकेट सीजन का SNICKERS अनूठा जश्न अपने अनोखे अंदाज के साथ दर्शकों को गहराई से पसंद आएगा। नए अभियान पर बोलते हुए, इराज फराज, क्रिएटिव हेड, डीडीबी ट्राइबल, ने कहा, ÷क्या आपने कभी इंस्टाग्राम पर भारत-पाकिस्तान मैच देखते हुए अपनी खुद की तस्वीर पोस्ट करते हुए, अपने बॉस को लिखा है कि आप बीमार हैं? यही है नूबी मिस्टेक ! हो सकता है आपको एक SNICKERS की जरूरत हो। आखिरकार, जब आप भूखे होते हैं, तो वो आप खुद नहीं होते हैं। इसलिए, इस क्रिकेट वर्ल्ड कप सीजन में, SNICKERS ने एक कैंपेन शुरू किया है, जो अपनी टीम के लिए सबसे बड़ा प्रशंसक और चीयरलीडर्स बनने की कोशिश करते समय की गई नूबी मिस्टेक्स को उजागर करता है।

दो चरणों में शुरू होने वाला यह अभियान, डीडीबी ट्राइबल द्वारा तैयार किया गया है, जो एक अनोखे टीवी विज्ञापन के साथ नूबी मिस्टेक्स को प्रोत्साहित करता है।

## वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता डेनियल एबेन्यो और ओलंपिक पदक विजेता अल्माज अयाना की जीत




**लखनऊ।** केन्या के डैनियल एबेन्यो और इथियोपिया की अल्माज अयाना ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 18वें संस्करण का क्रमशः पुरुष और महिला एलीट वर्ग का ख़िताब अपने नाम कर लिया है।

2016 रियो ओलंपिक चैंपियन और छह साल पहले दिल्ली हाफ मैराथन की विजेता अयाना महिलाओं की रेस में 2017 की जीत के दौरान निकाले गए समय के करीब पहुंच गई। अपने देश की साथियों अबरश मिनसेवो और डेसी एंचिनालु के साथ केन्याई वियोला चेपंजिनो के साथ-साथ युगांडा की स्टेला चेसांग के साथ दौड़ते हुए, रेस के पहले क्वार्टर को 15:45-15:47 मिनट समय में कवर किया, जबकि केन्या की दूसरी धावक - विवियन चेरुइयोट रियो ओलंपिक 5000 मीटर का विजेता थोड़ा पीछे थीं।

हालाँकि अयाना ने प्रत्येक पांच किलोमीटर के अंतराल के लिए अपनी 16 मिनट की गति बनाए रखी, लेकिन उसके बाद रेस के अंतिम चरण में धीमी हो गई क्योंकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी स्टेला कुछ दूरी पर थी और उन्हें अपनी रेस के पेस को बनाये रखना पड़ रहा था। अयाना ने 67:58 में शीर्ष स्थान हासिल किया। युगांडा की स्टेला चेसांग 28 सेकंड बाद फिनिश लाइन पर पहुचकर दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि केन्या की वियोला चेपनजेनो ने 69:09 में पोडियम फिनिश पूरा किया। चेसांग के लिए यह दिल्ली में उनके पिछले साल के पोजीशन से एक स्थान ऊपर था। उन्होंने कहा, मैं यहां जीतकर खुश हूं। यह आसान रेस नहीं थी और मौसम भी थोड़ा गर्म था.। हालाँकि, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में दौड़ना बहुत अच्छा था। अल्माज़ ने कहा, मुझे इस इवेंट में आमंत्रित करने के लिए मैं आयोजकों को धन्यवाद देना चाहती हूं और इस रेस से मुझे भविष्य में होने वाले इवेंट्स के लिए तैयारी करने में मदद मिली है।

इथियोपिया के अदिसु गोबेना के साथ लगभग आठ केन्याई धावकों के एक बड़े समूह ने पुरुषों की रेस में बढ़त हासिल की। धावकों का समूह 13वें किलोमीटर तक एक साथ रहा जब एबेन्यो और उनके साथ चेल्स माटाटा ने बाकियों से अलग होना शुरू कर दिया। मैड्रिड में इस साल के रॉक-एन-रोल हाफ मैराथन में उपविजेता चेल्स, एबेन्यो को और पांच किलोमीटर तक धकेल रहे था। हालाँकि, इस साल की शुरुआत में विश्व हाफ मैराथन में रजत पदक विजेता एबेन्यो ने चेल्स से कम से कम आधा मिनट आगे बढ़ने के लिए सही समय पर अपनी गति बढ़ा दी। डेनियल एबेन्यो ने 59 मिनट 27 सेकंड में विजेता बनकर रेस जीत लिया।

# इंक्लूसिव मोबिलिटी सॉल्युशंस के जरिए बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने दिव्यांगों को सशक्त बनाया

**नई दिल्ली।** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने, बजाज फिनसर्व समूह की सोशल इम्पैक्ट इनिशिएटिव के हिस्से के रूप में उत्तर प्रदेश के मऊ में विकलांग लोगों को आने जाने के लिए विशेष रूप से तैयार उपकरण प्रदान किए हैं। नियोमोशन इंडिया द्वारा विकसित और राउंड टेबल इंडिया द्वारा लागू किया गया 30 दिव्यांगों को ये उपकरण प्रदान किए। ये उपकरण नई टेक्नॉलजी और सुविधाओं के साथ कुछ इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि ये दिव्यांगों को हर संभव मदद करेंगे और उनकी देखभाल करने वालों पर उनकी निर्भरता को कम करेंगे। लाभार्थियों को उपकरण पेश करने के लिए हाल ही में बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस, नियोमोशन और राउंड टेबल इंडिया के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक समारोह आयोजित किया गया था। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने पहले पुणे, मुंबई, कोच्चि, बैंगलोर, उत्तर प्रदेश और अन्य स्थानों में 200 विकलांग व्यक्तियों को इसी तरह के गतिशीलता उपकरण वितरित किए हैं।

इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ श्री तपन सिंघल ने कहा कि, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस और ग्रुप में हम समाज को वापस देने और इस पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाली पहल को सदैव अपनाते आए हैं। उत्तर प्रदेश में अग्रणी बीमा कंपनी के रूप में हम लगातार ऐसे उपाय करने का प्रयास करते हैं जो लोगों के जीवन में मूल्य जोड़ते हैं। हमारी प्रतिबद्धता ने राज्य में क्वालिटी लाइफ को और आगे बढ़ाने में मदद की है। हमारे कई साथी भारतीय जो व्हीलचेयर पर निर्भर हैं, उन्हें अपने दैनिक जीवन में रोजाना कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इससे उनके करियर में प्रगति और आर्थिक कल्याण में भी चुनौतियाँ पैदा होती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, अपनी पहल के माध्यम से हमने उनके स्वास्थ्य और जीवनशैली की जरूरतों के अनुरूप विशेष रूप से डिजाइन किए गए गतिशीलता समाधानों के साथ 30 व्हीलचेयर दान किए हैं, जिससे उन्हें अपने जीवन को अधिक आसानी से जीने में सक्षम बनाया जा सके। एक कंपनी के रूप में हमारा दृढ़ विश्वास है कि बीमा बड़े पैमाने पर समाज के लिए अच्छा करने का व्यवसाय है और हमारी यह पहल हमारे साथी नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वतंत्रता, अवसरों और सम्मान से भरा जीवन जीने का मौका देकर उन्हें सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

दिव्यांगों को प्रदान किए गए ये हाईटेक मोबिलिटी सहायक उपकरण इनडोर और आउटडोर व्हीलचेयर दोनों के लिए बिल्कुल फिट और कॉम्पैक्ट बनाए गए हैं, जिन्हें यूजर अपनी मुद्रा और आवश्यकता के अनुसार एडजस्ट कर इस्तेमाल कर सकते हैं। इन व्हीलचेयरों में मोटर-चालित क्लिप-ऑन डिवाइस लगी होती है जो व्हीलचेयर को आसानी से एक सुरक्षित, सड़क पर चलने योग्य वाहन में तब्दील कर देती है। यह इनोवेटिव तकनीक यूजर्स को अन्य वाहनों में शिफ्ट करने या ले जाने की आवश्यकता को समाप्त कर देती है और इसे कुछ ही सेकंड में स्वतंत्र रूप से अटैच किया जा सकता है। इस पावर व्हीलचेयर की अधिकतम गति 25 किमी प्रति घंटा होगी और यह प्रति चार्ज 25 किमी तक की यात्रा कर सकती है। इसके अलावा, इसे रास्ते में या सकने वाली कठिन परिस्थितियों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है, जिससे यूजर्स के लिए इसकी उपयोगिता और भी बढ़ जाती है। लाभार्थी, इस गतिशीलता समाधान के साथ, एक सक्रिय और स्वतंत्र जीवन शैली अपना सकते हैं और शिक्षा और रोजगार सहित अवसरों की दुनिया का पता लगा सकते हैं।

## बॉलीवुड सुपरस्टार कैटरीना कैफ बनीं स्विस वाचमेकर राडो की ब्राण्ड एम्बेसेडर

**लखनऊ।** मशहूर स्विस वाचमेकर राडो, जोकि सदाबहार डिजाइन बनाने के लिये मटेरियल्स में हमेशा नए-नए प्रयोग करने के लिए जाना जाता है, ने बॉलीवुड सुपरस्टार कैटरीना कैफ को अपना ग्लोबल ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाने की घोषणा की है। यह रोमांचक भागीदारी जिन्दगीभर बनी रहने वाली यादों के लिये राडो की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

कैटरीना कैफ की सदाबहार खूबसूरती और दुनिया भर में उनका आकर्षण उन्हें सटीकता, नवाचार तथा कारीगरी के लिये राडो की स्थायी प्रतिबद्धता दिखाने के लिये बिल्कुल परफेक्ट है। अपनी वर्सेटाइल प्रतिभा और करिश्मा के लिये प्रसिद्ध, कैटरीना कैफ का व्यक्तित्व राडो के मूल्यों के अनुरूप है।

इस रोमांचक भागीदारी का खुलासा एक दिलचस्प कैम्पेन वीडियो से हुआ है, जोकि दर्शकों को रेगिस्तान के आकर्षक परिदृश्य में लेकर जाता है; कैटरीना एक सदाबहार आधुनिक महिला के रूप में अपनी कलाई पर नई सेंट्रिक्स पहनकर वक्त से प्यार करती दिखाई देती हैं। कैटरीना राडो के सार और सेंट्रिक्स घड़ी के जोश को बखूबी अपना लेती हैं। साथ मिलकर वे घड़ी बनाने की कला की दुनिया को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने का वादा करते हैं। इस भागीदारी पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, राडो के सीईओ एड्रियन बॉसहार्ड ने कहा, हम राडो फैमिली में कैटरीना कैफ का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। उनकी सदाबहार खूबसूरती और दुनियाभर में पहचान राडो के प्रमुख सिद्धांतों के साथ आसानी से मेल खाती है। हमें उनके साथ मिलकर लक्जरी को नई परिभाषा देने के इस सफर से काफी उम्मीदें हैं। कैटरीना कैफ ने भी इस भागीदारी पर अपना रोमांच व्यक्त करते हुए कहा, मैं राडो के साथ जुड़कर सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रही हूँ, यह ब्राण्ड घड़ी बनाने में अपनी उत्कृष्टता के लिये जाना जाता है। अपनी अभिनव डिजाइनों और गुणवत्ता के लिये प्रतिबद्धता के चलते राडो की घड़ियों ने मुझे हमेशा लुभाया है। मैं ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इस मशहूर स्विस ब्राण्ड का प्रतिनिधित्व करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

## संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनडीआरएफ ने दिया विशेष प्रशिक्षण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिछ्ले 22 अक्टूबर से चल रहे 8 दिवसीय सयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 172, भोलाराम मस्करा इंटर कालेज, सहजनवा में एनसीसी कैडेट्स को पांचवे दिन एनडीआरफ की टीम ने आपदा से बचाव की ट्रेनिंग दी। एक विशेष ट्रेनिंग टीम ने कैडेट्स को खुद और दूसरों के बचाव के तरीकों पर व्याख्यान भी दिया। कैम्प कमांडेंट कर्नल सतीश कवर के आग्रह पर एनडीआरफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आर.आर.सी. गोरखपुर के उप कमांडेंट संतोष कुमार के नेतृत्व में एनडीआरएफ के निरीक्षक राम यज्ञ शुक्ला व इनकी टीम ने एनसीसी कैडेट्स को आपदा के समय किए जाने वाले बचाव के तरीके के बारे में ट्रेनिंग दी। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स को बताया की परिस्थितियां कैसी भी हो, हार ना माने। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स को प्राथमिक उपचार, ट्रामा मैनेजमेंट हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देना, बाढ़ के दौरान किए जाने वाले, बचाव व उपायों के बारे में उदाहरण देकर समझाया। इसके अलावा बाढ़ व अन्य आपदाओं के दौरान, घरेलू सामान से बचाव उपकरण बनाने की भी ट्रेनिंग दी गई । स्ट्रेचर बनाने के तौर-तरीके भी बताएं। 11वी एनडीआरफ टीम द्वारा एनसीसी कैडेट्स को दिए प्रशिक्षण के लिए एडएम ऑफीसर कर्नल नरेन्द्र डागर द्वारा मोमेंटो देकर पूरे टीम को सम्मानित किया गया। इस दौरान एडम ऑफिसर कर्नल नरेन्द्र डागर, फर्स्ट ऑफिसर भारत सिंह, थर्ड ऑफिसर सूर्य प्रताप सिंह, पुनीत कुमार त्रिपाठी, ले. वंदिता त्रिपाठी, एस.एम. पवन कुमार सहित 360 कैडेट्स व पी.आई. स्टाफ मौजूद रहे।

# हर जरूरतमंद को मिले आवास व इलाजः योगी आदित्यनाथ

## सीएम योगी ने 200 लोगों की समस्याएं सुनीं, निस्तारण के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आयुष्मान कार्ड बनवाकर इलाज की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कार्ड न होने की दशा में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए विवेकाधीन कोष से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

सीएम योगी ने उक्त निर्देश गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए।



जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## महायोगी गोरखनाथ विवि के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के स्नातक कृषि विज्ञान के द्वितीय वर्ष के छात्रों ने डॉ विमल कुमार दुबे अधिष्ठाता कृषि संकाय के निर्देशानुसार ब्रह्मकृषि बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, रानुखोर, सहजनवा, गोरखपुर का शैक्षिक भ्रमण किया। वहां कृषि फार्म में बीन्स की फार्मिंग को देखा और प्लास्टिक मल्चिंग व ड्रिप इरिगेशन के बारे में जानकारी ली एवं हाई डेनसिटी ऑर्चर्ड में लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के आम और आवले के पौधों के बारे में भी जाना। इस दौरान वहां मौजूद प्रगतिशील किसान विश्वनाथ यादव जी ने मछली पालन के बारे में जानकारी दिया व प्राकृतिक खेती से तैयार धान के फसल को दिखाया और वहां लगे मिलेट्स के विभिन्न प्रजातियों की दिखाया व उससे बनी खीर का सेवन करा कर उसकी गुणवत्ता भी बताया। कार्यक्रम कृषि संकाय के सह आचार्य डॉ कुलदीप सिंह एवं महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ विवेक प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## निःशुल्क आई कैंप का हुआ आयोजन




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिपरौली क्षेत्र के उसका मल्हीपुर में आईजीएल के सौजन्य से दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में आंखों की निःशुल्क जांच और चश्मा वितरण कैंप का आयोजन गुरुवार को आयोजित हुआ। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन में तथा राज आई केयर अस्पताल के सहयोग से आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में कुल 80 मरीजों की जांच हुईद्य कैंप का आयोजन वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा के देखरेख में सुबह दस बजे से शुरू हुआ। इस दौरान कुल 80 मरीजो की जांच हुई। 19 मरीजों के आपरेशन की सलाह दी गई। शेष मरीजों को निःशुल्क दवा और जरूरतमंद को चश्मा दिया गया। इस दौरान द्य डाक्टर अंकित यादव, डाक्टर वसीम, डाक्टर रवि कुमार, अंकित दूबे, रामरतन राव, मनीष कुमार के अलावा दुर्गा पूजा समिति के लोग मौजूद रहे।

## ने. यु. के. देवरिया के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों का चयन

**देवरिया।** अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम में प्रदेश की राजधानी लखनऊ व देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम निमित्त आयोजित अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र देवरिया से लार के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक देवव्रत पाण्डेय, तरकुलवा से अंकित कुमार सिंह, रामपुर कारखाना से शशांक पाण्डेय, देसही देवरिया से नेहा राव व शशि भूषण प्रजापति, भटनी से शाहजहा खातून, बनकटा से नीरज यादव, रुद्रपुर से मनोरमा सिंह, पथरदेवा से प्रदीप शुक्ला का चयन कलश यात्रा कार्यक्रम के लिए किया गया हैं। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के यूथ लीडर देवव्रत पाण्डेय ने बताया कि अमृत महोत्सव कार्यक्रम के चौथे चरण का आयोजन आगामी 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपस्थिति में लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क और 30 व 31 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में कर्तव्य पथ अमृत कलश से जुटी मिट्टी का उपयोग दिल्ली में वीरों के समर्पण के सम्मान में बनाएं गए अमृत वाटिका में किया जायेगा।

# राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित के विरूद्ध की जायेगी कार्यवाहीः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय खनन आबकारी परिवहन विभाग नगर निकाय स्टाम्प ड्यूटी बाट-माप जीएसटी सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा किया तथा कम वसूली वाले विभाग को सुधार लाने के निर्देश दिये।

जीएसटी की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने जीएसटी वसूली में तेजी लाने एवं लक्ष्य की पूर्ति हेतु निर्देशित किया। स्टाम्प वसूली की समीक्षा में जिलाधिकारी ने स्टाम्प की कमी की सम्बन्धित निर्गत आर सी की वसूली कराये जाने एवं लक्ष्य की शत् प्रतिशत पूर्ति हेतु एआईजी स्टाम्प को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त



जिलाधिकारी ने आइजीआरएस पोर्टल प्राप्त शिकायतों के निस्तारण रिट याचिकाओं खतौनी अंश निर्धारण की कार्यवाही स्वामित्व योजना रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला एंटी भू माफिया जैसे कार्यो पर अब तक की प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। तहसीलवार आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये तथा शिकायतकर्ता को भी इससे अवगत कराया जाये। शिकायतकर्ताओं द्वारा फीड बैक दिये जाने पर उन बिन्दुओं का त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों जैसे तालाबों चारागाहों चकरोडों आदि पर जो भी अवैध कब्जे किये गये उनको चिन्हित कर अभियान चलाकर अवैध कब्जेदारों को बेदखल किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जये। जिलाधिकारी ने अन्त में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत् प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिन विभागों द्वारा आरसी जारी की गयी है राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनकी वसूली सुनिश्चित करायें।

## घघसरा में प्रेस कार्यालय का उद्घाटन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मीडिया देश का चौथा स्तंभ व समाज का आईना है। पत्रकार मौसम की हर मार व कठिनाइयों को झेलकर देश-विदेश के खबरों को कवरेज कर लोगों तक आसानी से पहुंचने का कार्य करते हैं। उक्त बातें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने बृहस्पतिवार को नगर पंचायत घघसरा में पत्रकारों द्वारा खोले गए प्रेस जन सम्पर्क कार्यालय के उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य मीडिया ही करती है। जिसके साथ कोई नही होता उसके साथ मीडिया खड़ी होती है। ऐसे देश व समाज के सच्चे सेवकों का मैं तहेदिल से सम्मान करता हूं। आज मैं अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि देश के चौथे स्तंभ के कार्यालय का उद्घाटन करने का शुभ अवसर हमें मिला। वहीं नगर पंचायत घघसरा में प्रेस जन सम्पर्क कार्यालय का उद्घाटन के दौरान पाली क्षेत्र के पत्रकारों के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर पत्रकारों में अजय त्रिपाठी, राघवेंद्र त्रिपाठी, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील अध्यक्ष सहजनवां हरि गोविंद चौबे, विवेक पांडेय, प्रधान प्रवासी, संतोष भट्ट, तुफैल खान,अशोक यादव, नवीन भट्ट, अनिल मिश्रा, प्रिंस श्रीवास्तव, कृष्ण प्रकाश पांडेय, सुखदेव पांडेय, कन्हैया, रतन पाल, पुरूषोत्तम अग्रवाल क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों में दिनेश मिश्रा,रम्मू धर दूबे,विनोद पांडेय, शिवानंद पांडेय, राम जनक मौर्य, राणा प्रताप राज सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** क्रीडाधिकारी राज नारायण प्रसाद ने बताया है कि खेल निदेशालय के निर्देश के क्रम में पं0दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के अवसर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल कार्यालय देवरिया में जूनियर आयु वर्ग के निर्धारित तिथियों में किया जा रहा है। जिला स्तरीय जूनियर आयु वर्ग के बालक वर्ग का वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता एवं जिला स्तरीय जूनियर आयु वर्ग बालक/बालिका वर्ग का एथलेटिक्स प्रतियोगिता 08 नवंबर को तथा जिला स्तरीय जूनियर आयु वर्ग के बालक वर्ग का ताइक्वान्डों प्रतियोगिता एवं जिला स्तरीय जूनियर आयु वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता 17 नवंबर को जिला खेल कार्यालय देवरिया के क्रीडागन पर आयोजित किया जायेगा। विजेता/उप विजेता खिलाडियों को आरटीजीएस के माध्यम से सीधे उनकें बैंक खाते में नगद पुरस्कार की धनराशि भेजा जायेगा। जनपद के समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को उन्होंने अवगत कराया है कि वे अपने स्कूल/कालेज के बालक/बालिका खिलाडियों को उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु ससमय भेजना सुनिश्चित करें। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों को अनिवार्य रुप से आयु के लिए आधार कार्ड/जन्म पात्रता प्रमाण पत्र तथा बैंक पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति साथ में लाना अनिवार्य होगा।

## श्रीराम और भरत का मिलन देख भावुक हुए दर्शक



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर के ऐतिहासिक भरत मिलाप कार्यक्रम में मंच पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और भरत जी का मिलन देख दर्शक भावुक हो उठे। बैंड बाजों की मधुर संगीत कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रही थी। नगर अमेठी का ऐतिहासिक भरत मिलाप कार्यक्रम बुधवार देर शाम से प्रारंभ होकर बृहस्पतिवार सुबह को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक महराजी प्रजापति के दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वही समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह शील्ड और प्रशस्ति पत्र भेंट किए। अमेठी का भरत मिलाप सुदूरवर्ती क्षेत्रों में चर्चित है बड़ी संख्या में इसे देखने के लिए लोग यहां शामिल होते हैं। जिसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए जाते हैं। इस बार लगभग दस मंडलों ने आकर्षक झांकियों के साथ रात भर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। जिनमें श्री राम रथ शिवाय ज्योति मंडल श्रृंगार ज्योति मंडल ज्वाला ज्योति मंडल श्री शिव ज्योति मंडल अन्नपूर्णा ग्रुप गायत्री मंडल आदर्श ज्योति मंडल महाकाल ग्रुप बजरंग ज्योति मंडल आदि रहे। विभिन्न बैंडो ने भी रात भर मंडलों के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मनोरंजन किया।

# विशाल मठिया ने आदित्य बड़हलगंज को दी पटखनी

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** दशहरा पर्व के अवसर पर मथौली कस्बा के वार्ड नंबर आठ (बहुआस) के राम जानकी मंदिर परिसर में गुरुवार को रावण दहन व कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिले सहित गैर जनपदों के पहलवानों ने दमखम दिखाया।

दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष कुमार सिंह व भाजपा नेता संजय सिंह ने पहलवानों से हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ कराया। इसके साथ ही मेले में रामलीला कलाकारों ने राम रावण युद्ध का सजीव मंचन कर रावण का पुतला दहन किया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष सिंह ने कहा कि कुश्ती एक प्राचीन भारतीय खेल है, जो संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ ही आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य निर्धारण की भावना को विकसित करता है। भाजपा नेता संजय सिंह ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में पहलवानों की कमी नही है, बशर्ते इन्हे सही दिशा देने की जरूरत है। दंगल में विशाल मठिया ने आदित्य बड़हलगंज को पटखनी दी। इसके अलावा सिहोरहां के सचिन यादव ने सचिन अकटहां को, सुनील यादव रामबाग ने विशाल मझवा को, अंकित मठिया ने सचिन माफी टोला को पटखनी दी। दंगल में छोटे बड़े दर्जनों पहलवानों ने जोर आजमाईश किया। निर्णायक रमायन यादव व गोपाल पांडेय रहे। मंच का संचालन विजय साहनी ने किया। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि मोहन साहनी, सभासद पारस साहनी, रविन्द्र सैनी, व्यासमुनी सिंह, दिनेश राव, जयराम सिंह, रजवंत साहनी, छब्बे लाल, फुलेना साहनी, काशी भगत, नकुल गुप्ता, उमेश साहनी आदि लोग मौजूद रहे है।



## बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, दो पकड़े गए

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** बरवा पट्टी थाने की पुलिस ने एक पिकप से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप बरामद की है। पकड़ी गई शराब बिहार प्रदेश में भेजी जा रही थी। अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर भी पकड़े गये है। जानकारी के मुताबिक बरवा पट्टी थाना क्षेत्र के रामपुर वरहन परोरही घाट नारायणी नदी के पास दो अभियुक्त अनूप यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी बभनौली थाना सेवरही व सतीश यादव पुत्र बाबू लाल यादव कैथवलिया थाना तरकुलवा जिला देवरिया को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह शराब की बड़ी खेप को बिहार ले जाने के फिराक में जुटे हुए थे। पकड़े गये तस्करों के पास से एक पिकप वाहन संख्या यूपी 60 ज्ञ 1731 से तस्करी कर बिहार प्रदेश को ले जाई जा रही है कुल 110 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। बरामद करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बरवा पट्टी सुमन सिंह, एसआई राजनरायन यादव, राजू यादव, रंजीत यादव, दीपक सिंह आदि रहे।

## विधानसभा क्षेत्र 337-देवरिया में तैनात बीएलओ का हुआ प्रशिक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 हेतु 337-देवरिया विधानसभा में नियुक्त बीएलओ के प्रशिक्षण का कार्यक्रम आज तहसील देवरिया सदर के सभागार में विपिन कुमार द्विवेदी उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी देवरिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 337-देवरिया विधानसभा में नियुक्त 32 सुपरवाईजर, 348 बीएलओ उपस्थित रहे। 27 अक्टूबर से प्रारम्भ होने वाले मतदाता सूची पुनरीक्षण में बीएलओ के दायित्वों/कर्तव्यों के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी द्वारा विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ को अर्ह मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन माध्यम से ही फार्म भरे जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि 24 वर्ष से अधिक आयु के कोई मतदाता अपने निवास परिवर्तन के सन्दर्भ में फार्म-6 भरने हेतु सम्बन्धित फार्म की मांग करता है तो उसे इस हेतु फार्म-6 भरने की आवश्यकता नही है। अपितु इस सुविधा फार्म-8 में उपलब्ध है, जिसका प्रयोग करते हुए नये स्थल की मतदाता सूची में नाम शामिल करा सकते है। निर्वाचक नामावली के किसी प्रविष्टि में संशोधन करने/मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हाकन करने/निवास परिवर्तन हो जाने के सम्बन्ध में फार्म-8 बीएलओ द्वारा भरवाये जाने के सम्बन्ध में सभी बीएलओ को प्रशिक्षित किया गया।

# कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 29 तारीख से बदल जाएगा विमान का समय

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** दिल्ली से कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए सेवा दे रहे विमान के आने-जाने का समय 29 अक्तूबर से बदल जाएगा। यह निर्णय एयरपोर्ट में सेवा दे रही विमानन कंपनी स्पाइस जेट ने विंटर सीजन के

**ठंड का समय शुरू होते ही विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने बदला समय**

शुरु होने के चलते लिया है। उड़ान के समय में परिवर्तन किया गया है। हालांकि, अब विमान कुशीनगर के लिए सप्ताह में छह के बजाय सात दिन उड़ान भरेगा।

29 अक्तूबर से 30 मार्च तक सप्ताह में नई समय सारिणी के अनुसार उड़ान होगी। बदले हुए शिड्यूल में दिल्ली से एसजी-2987 स्पाइस जेट का विमान दिन में एक बजे प्रस्थान करेगा और कुशीनगर हवाई अड्डे पर दोपहर 2:40 बजे पहुंचेगा। इसके बाद कुशीनगर से एसजी-2988 विमान 03:05 बजे रवाना होकर शाम 5 बजे दिल्ली पहुंचेगा। एयरपोर्ट से पूरे सप्ताह उड़ान को लेकर यात्री खुश हैं तो कुछ यात्रियों ने समय में बदलाव को लेकर असुविधा बताई। इस संबंध में कुशीनगर अंततरराष्ट्रीय हवाई हड्डे के निदेशक राजेंद्र प्रसाद लंका ने बताया कि हवाई अड्डे से दिल्ली को उड़ान भरने वाली एविएशन कंपनी स्पाइस जेट ने विंटर सीजन का शेड्यूल जारी किया है। 29 अक्तूबर से नए शेड्यूल के अनुसार विमान उड़ान भरेगा।




### वर्तमान में यह है विमान के फ्लाइट का समय

कुशीनगर हवाई अड्डे के लिए स्पाइसजेट का विमान दिल्ली से सुबह 6:25 बजे प्रस्थान करता है। यह कुशीनगर 08:35 मिनट पर पहुंचता है और कुशीनगर से यात्रियों को लेकर 8:35 बजे प्रस्थान कर दिल्ली 10:10 बजे पहुंचता है।

## बिना अनुमति के नहीं होगी पटाखों की बिक्री

**देवरिया।** जिला मजिस्ट्रेट अखण्ड प्रताप सिंह दीपावली पर्व पर आतिशबाजी के लिए पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी एवं अंशकालिक अनुमति 10 से 12 नवंबर तक के लिए पूर्व की भांति निर्गत करने के लिए संबंधित तहसील क्षेत्र के उपजिला मजिस्ट्रेट को अधिकृत किया है। कहा है कि बिना अनुमति के कोई व्यक्ति पटाखों की बिक्री न करे। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि अनुमति के लिए लिए जो व्यक्ति आवेदन पत्र प्रस्तुत करे, उसकी जांच अग्निशमन अधिकारी तथा स्थानीय थाने की पुलिस से कराना आवश्यक होगा। स्थानीय थानाध्यक्ष, अग्निशमन अधिकारी एवं संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि बिना अनुमतिपत्र के कोई भी व्यक्ति आतिशबाजी के लिए बने बनाये पटाखों आदि का विक्रय न करने पाए। आतिशबाजी की समस्त दुकान उपमुख्य विस्फोटक नियंत्रक, इलाहाबाद द्वारा प्रसारित नियम के अनुरुप सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने क्षेत्र में आबादी से दूर खुले प्रांगण में ही खोली जाए तथा अग्निशमन अधिकारी वहां पर सुरक्षा के सभी इंतजाम सुचारु रूप से कर लें।

# डिघवा पौटवा में निर्माणाधीन आईटीआई कार्य परियोजना का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत डिघवा पौटवा में 1260.00 लाख की लागत से निर्माणाधीन आईटीआई के निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर भौतिक प्रगति की वास्तविकता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मिली खामियों एवं अधूरे कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूरा किये जाने का निर्देश देते हुए आगाह किया कि यदि कार्य निर्धारित मानक अनुरुप नही पाये जायेगें और कहीं से भी गुणवत्ता अमानक पाया जायेगा तो कडी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

जिलाधिकारी श्री सिंह सबसे पहले कार्य परियोजना के परिसर में पहुँच कर कार्य डिजाइन आगणन आदि के बुकलेट का गहनता से अवलोकन कर तद्नुरुप एक-एक कार्य कक्षों/स्थलों का जायजा लिया। उन्होंने



वर्कशॉप, कम्प्यूटर कक्ष, क्लासरुम, प्रधानाचार्य आवास सहित सभी निर्माण कार्यो का निरीक्षण के दौरान सबसे उपरी छत के निर्माण पर काफी नाराजगी जताई। कही जगह उपरी छत के नहले में क्रेक पाये गये, जिसे दोबारा गुणवत्ता के साथ बनाये जाने का निर्देश देते हुए कहा कि अन्यथा कि स्थिति में भुगतान धनराशि में कटौती सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने मिली खामियों को सहायक अभियंता के देखरेख में कराये जाने का निर्देश भी दिया। निरीक्षण में विद्युत कार्य के तहत लगाये गये स्वीच एवं साकेट, वायरिंग आदि कार्यो पर असन्तोष जताया। रैम्प के रेलिंग के प्लास्टर पर भी असन्तोष व्यक्त किया। कम्प्यूटर लैब में 02 साकेट स्वीच लगाये गये, जबकि बताया गया कि 30 कम्प्यूटर सेट लगाये जायेगें। जिनके लिए पर्याप्त स्वीच बोर्ड की व्यवस्था नही पायी गयी, इस संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये गये। वर्कशॉप का फर्श भी गुणवत्तायुक्त नही पाया गया, जिसकी ढाल भी सन्तोजनक नही मिला। इन सभी कार्यो में सुधार किये जाने के

**मिली खामियों एवं अधूरे कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किये जाने का दिये निर्देश**

निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में आयी खामियों एवं दिये गये निर्देशों के अनुरुप कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के बाद ही हैण्डओवर की कार्यवाही किये जाने को कहा। उन्होंने परिसर में आगणन अनुसार मार्ग, पार्क, इंटरलाकिंग का कार्य कराये जाने का भी निर्देश दिया। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के अधिशासी अभियंता विनय कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि यह कार्य परियोजना 1260 लाख की लागत से स्वीकृत है, जिसके सापेक्ष 630.00 लाख प्राप्त हुआ जो व्यय किया जा चुका है तथा इसकी उपयोगिता प्रमाण पत्र भी भेज दिया गया है।

अवधनामा



# दिल्ली की सरजमींन को सुगंधित करेगी बहराइच की मिट्टी की महक: मोनिका





डीएम के नेतृत्व में भव्य रूप से संपन्न हुआ मेरी माटी मेरा देश, कलश संग्रहण कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आज आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिलाधिकारी मोनिका रानी के कुशल नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश हर घर तिरंगा के साथ अमृत कलश यात्रा कलश संग्रहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया इस आयोजन में सांसद विधायक ब्लाक प्रमुख सदस्य जिला पंचायत ग्राम प्रधानों सदस्य क्षेत्र पंचायतों के साथ साथ जनपद के तमाम गणमान्य लोग आज इस एतिहासिक पल साक्षी बने।इस दौरान जनपद के समस्त ब्लाकों और नगर पंचायतों में संग्रह की गई मिट्टी कलश यात्रा के साथ जिला मुख्यालय पर पहुंची ये मिट्टी जिले से लखनऊ और वही से दिल्ली जायेगी प्रधानमंत्री के उस सपने को पूरा करने जिसके लिए उन्होंने प्रण किया है की देश की राजधानी में पचहत्तर एकड़ जमीन में शहीदों के सम्मान के लिए स्मृति वाटिका बनाना है।इस कार्यक्रम में डीएम ने आगंतुकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया वही जनपद के कैसरगंज तेजवापुर रिसिया और चित्तौरा के कस्तूरबा बालिका विद्यालयों से आई बालिकाओं ने देश प्रेम में डूबे गीतों के साथ अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करके लोगो के मन को मोह लिया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने बताया कि हम सभी के साथ साथ पूरे जनपद के लिए बहुत खुशी का पल है कि प्रत्येक गावों की मिट्टी की महक देश की राजधानी दिल्ली की सरजमीन पर अपनी महक फैलाकर देश के शहीदों सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों पुलिस के जवानों की याद में पचहत्तर एकड़ में बनने वाली स्मृति वाटिका को सुगन्धित करने का कार्य करेगी। इस कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा मुख्य विकास अधिकारी आर रमय्या सांसद अक्षयबर लाल गौड़ विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा विधायक बलहा सरोज सोनकर भाजपा ज़िला अध्यक्ष प्रमुख हूजूरपुर अजीत प्रताप सिंह रिसिया संजय जायसवाल बीएसए अवयक्त राम तिवारी बीडीओ सौरभ कुमार पाण्डेय विनोद कुमार संदीप कुमार त्रिपाठी डॉ. डिंपल जैन नन्हे लाल लोधी सहित भारी संख्या में अधिकारी गण और जिले के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कलश संग्रहण समारोह में दिलायी गयी पंचप्रण की शपथ

**स्टेडियम में डीएम और सीडीओ ने किया पौधरोपण**



**बहराइच।** जनपद में आज आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत ''मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा'' के अन्तर्गत इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कलश संग्रहण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल,बलहा की सरोज सोनकर, नानपारा के राम निवास वर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व भाजपा अध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा,मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर.व अन्य अतिथियों के साथ मौजूद लोगों को पंचप्रण की शपथ दिलायी तथा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आश्रितों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के अन्त में बास्केटबाल कोर्ट के निकट पौधरोपण भी किया गया।अपने हाथो से पौधो को रोपित करने के बाद डीएम ने मौजूद अधिकारियों से कहा कि आप सभी लोग भी पौधो को लगाकर आमजन को ज्यादा से ज्यादा पेड़ो को लगाने के लिए प्रेरित करें।

## बुराई भी अच्छाई का वेश धारण करके आ सकती है सावधानी जरूरीः प्रशान्त वर्मा



**बहराइच।** जनपद में आज आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत ''मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा'' के अन्तर्गत इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कलश संग्रहण समारोह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के संबोधन ने सभी को विचार करने पर मजबूर कर दिया शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा इस पंक्तियों के साथ समारोह को सम्बोधित करते हुए एसपी प्रशान्त वर्मा ने कहा की आज दुनिया अपने

**साधू के वेश में मर्यादा से निकलवाने वाला हर व्यक्ति साधू नही हो**

आपको कितना असुरक्षित महसूस कर रही है लेकिन इस देश में जो हम अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं उसमे देश के लिए कुर्बानी देने वाले शहीदों का बहुत बड़ा योगदान है आज हमे गंदे विचारो से सावधान रहना होगा क्योंकि बुराई भी अच्छाई का रूप धारण करके आपको मर्यादा से बाहर आने पर मजबूर कर देती है जिस तरह रावण ने साधू का वेश धारण करके सीता माता को मर्यादा से बाहर रूप बदलने की वजह से कर दिया था आपको स्वय तय करना होगा की जो आपको मर्यादाओं को पार जाने पर मजबूर करे वो साधू नही साधू का वेश धारण किए कोई गंदी शक्ति हो सकती है हमे इसी अच्छाई बुराई को परखना होगा। आज साइबर क्राइम करने वाले आप को तरह तरह की लालच देकर मर्यादा से निकलने के लिए प्रेरित करते हैं और जो मर्यादा का पालन नहीं कर पाता उसका नुकसान हो जाता है इसीलिए सतर्क रहें सावधान रहें और सुरक्षित जीवन यापन करे।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करें राजनैतिक दलः डीएम

**बहराइच।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु 27 अक्टूबर 2023 से संचालित होने वाले अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील की कि सभी अर्ह नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। डीएम ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि बूथ लेबिल एजेन्टों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दें ताकि अभियान के दौरान उनका सहयोग प्राप्त कर अधिकाधिक लोगों के नामों को मतदाता सूची में शामिल कराने की कार्यवाही की जा सके।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी की जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन 27 अक्टूबर 2023 को होगा तथा 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर 2023 तक दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जायेगी।

# अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की जयन्ती पर श्रद्धासुमन अर्पित

अवधनामा संवाददाता

**प्रेस क्लब (रजि.) ने किया आयोजन, विचार गोष्ठी में रखे विचार**

**17 से 23 नवम्बर तक चलाया जायेगा सदस्यता अभियान**




**ललितपुर।** सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब (रजि.) अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता व संरक्षक मण्डल की उपस्थिति में महान क्रान्तिकारी, निष्पक्ष-निडर पत्रकार, समाजसेवी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, श्रद्धेय गणेश शंकर विद्यार्थी की जयन्ती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस दौरान सर्वप्रथम संरक्षक मण्डल सदस्य सुरेन्द्र नारायण शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, संतोष शर्मा व पदाधिकारियों ने गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें संरक्षक मण्डल सदस्य सुरेन्द्र नारायण शर्मा ने विद्यार्थी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थीजी ने संपूर्ण जीवन निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए समर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह्न किया। देश के लिए दी उनकी कुर्बानी को हमेशा याद रखा जायेगा। उनके जन्म दिवस पर युवा पत्रकार निष्पक्ष लेखनी का संकल्प लें। संरक्षक सदस्य मंजीत सिंह सलूजा व संतोष शर्मा ने संयुक्त रूप से उपस्थित पत्रकारों को बधाई दी और विचार रखे। अध्यक्षीय संबोधन में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) ने कहा कि विधार्थी जी देश की आजादी के अग्रणी योद्धा में से एक थे उनकी उत्कृष्ट कार्य शैली आज भी युवाओं के लिए प्रसांगिक है। उन्होंने संरक्षक मंण्डल की स्वीकृति के बाद घोषणा की कि बर्ष-2023-24 में प्रेस क्लब (रजि.) ललितपुर की सदस्यता के लिए 17 से 23 नवम्बर 2023 तक को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने सभी पत्रकारों से आग्रह के साथ आह्वान किया है कि सभी पत्रकार साथी अपने अधिकार/ प्राधिकार पत्र कार्यालय प्रेस क्लब पत्रकार भवन में जमा करायें। संचालन महामंत्री अंतिम जैन अंतू ने किया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार, भरत रावत, सुनील शर्मा, अबरार अली, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, मो.नसीम, राकेश शुक्ला, दिनेश संज्ञा, पवन कुमार संज्ञा, बृजेश तिवारी, हरीशंकर अहिरवार, शैलेन्द्र जैन, राहुल जैन नवभारत, अमित सोनी, संजीव नामदेव, बृजेश पंथ, पूजा कश्यप, मनीष सोनी, शत्रुघन शुक्ला, अशोक सेन, प्रसन्न दुबे, रविशंकर सेन, अशोक तिवारी, संदीप शर्मा, संजय ताम्रकार, शिब्बू राठौर, लकी चौधरी, नीरज, अनूप नांगल, राजेश कुमार राठौर, ध्रुव राजा, सुनील जैन, दीपक पाराशर, सुमित रैकवार, जयेश बादल, नासिर मीडिया, विनोद मिश्रा, अमित लखेरा, मनोज जैन, देवेन्द्र पाठक, प्रदीप रिछारिया, कृष्ण कांत सोनी, माधव राजा, नितिन झां, अजय जैन अज्जू, महेन्द्र सिंह बुन्देला, बलराम पचौरी, महेश कुमार, अशफाक कुरैशी, प्रकाश सेन, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, अनूप राठौर, जावेद अली, भगवत नारायण श्रोती, राहुल साहू खिरिया, विनोद सेन, नरेन्द्र चंदेल, राहुल चौबे, भगवान सिंह, पुनीत परिहार, नीलेश प्यासा, राममूर्ति तिवारी, पंकज रायकवार, श्याम बिहारी दीक्षित के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## अमृत वाटिका में जनपद की मिट्टी का होगा सम्मान

**ललितपुर।** देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित अभियान मेरी माटी मेरा देश के वन्दनोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश को पूर्ण सम्मान एवं गरिमा के साथ लखनऊ एवं दिल्ली ले जाये जाने हेतु कल्याण सिंह ऑडीटोरियम, रामनगर ललितपुर में भव्य समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रा आयोजन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष तालबेहट पुनीत सिंह परिहार, जिला प्रभारी डा.अनिल यादव, प्रदीप चौबे, डा.दीपक चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त समाचार

### अलीगंज बाजार में एक ही रात में दो-दो दुर्गा पंडालों से चोरों ने उड़ाया डी जे मशीन



**सुल्तानपुर, अलीगंज।** अलीगंज बाजार सुल्तानपुर में आये दिन चोरो का हौशला बुलंद रहता है।एक ही रात में श्री बाल अम्बे दुर्गा पूजा समिति मनियारी 700 V की मशीन और घुप्पा पाण्डेय का पुरवा में श्री दुर्गा माता पूजा समिति से दो मशीन 1100 1 की चोरों ने गायब किया। रात्रि समय लगभग 2:00 बजे के आसपास दोनों पंडालों से डी जे मशीन पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पूजा समिति के व्यवस्थापकों की लापरवाही के चलते चोर डी जे महीनों को उठा ले गए।जिसकी सूचना पुलिस चौकी अलीगंज में दे दी गई है। चोरों की खोजबीन शुरू कर दी गई है। आखिर इतनी बड़ी लापरवाही के जिम्मेदार कौन है।

### खण्ड विकास अधिकारी के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश अभियान की निकली अमृत कलश यात्रा



**लम्भुआ, सुल्तानपु।** भव्य शोभा यात्रा मेरी माटी, मेरा देश अभियान की घोषणा पीएम नरेंद्र मोदी ने 30 जुलाई को मन की बात के एपिसोड में की थी. इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया यह कार्यक्रम 16 अगस्त 2023 से राज्य स्तर व ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक गाव की मिट्टी को एक नमूने के तौर पर जुटाकर अमृत कलश यात्रा के रूप मे दिल्ली लाया जायेगा, इसी क्रम में खण्ड विकास अधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व मे ब्लॉक स्तर पर एकत्रित कलश को भव्य शोभा यात्रा निकालते हुए जिले के लिए रवाना हुए जहाँ इस अमृत कलश को जिलाधिकारी महोदया को शौपी जायेगी, इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष कैलास दुबे,ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

### बहुचर्चित दुर्गा पूजा सुल्तानपुर के तृतीय दिन मां भगवती के दरबार में किया गया दुरदुरिया का कार्यक्रम



**सुल्तानपुर।** मां विंध्यवासिनी पूजा समिति पयागीपुर चौराहा सुल्तानपुर की दुर्गा पूजा ऐतिहासिक दुर्गा पूजा होती है जो कि कोलकाता के बाद दूसरा स्थान सुल्तानपुर आता है। इस त्यौहार को सुल्तानपुर वासी बड़े धूमधाम से मनाते हैं। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विमलेश पाठक, महामंत्री शैलेंद्र पाठक, कोषाध्यक्ष रवि शंकर पाठक ,संगठन मंत्री प्रदीप पाठक, रामू उपाध्यक्ष, देवेश तिवारी, सुरक्षा प्रमुख गिरीश मिश्रा सभासद पयागीपुर ,संयोजक रघुवीर पाठक ,मंत्री अंकित पाठक ,पूजा प्रमुख मनोज पाठक,वरुण मिश्रा,चंद्रहास पाठक, चंद्रदेव मिश्रा, आनंद मिश्रा, अरुण पाठक, सुमित पाठक, हरिओम पाठक, निखिल पाठक, अनुराग पाठक, ममित पाठक, सुमित, अमन, हर्षित,सत्य नारायण गुप्ता आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरी के वांछित अभियुक्त के घर 82 की नोटिस चस्पा

**अतरौलिया।** चोरी की घटना को अंजाम देने वाले वांछित अभियुक्त के घर 82 की नोटिस चस्पा। बता दे कि आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाने की पुलिस द्वारा फरार चल रहे वांछित अभियुक्त के घर धारा 82 सीआरपीसी के तहत नोटिस चस्पा किया गया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के खिलाफलगाम लगाने की कयावाद तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में अतरौलिया थाने की पुलिस ने अभियुक्त गण (1) नसरुद्दीन उर्फ मियां फतेह पुत्र स्व0 नन्हे।( 2) निसार पुत्र स्व0 नसीर निवासी ग्राम नगरिया कला उर्फ पंखा खेड़ा थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।

# रामराजा बने अयोध्या के महाराज, हुआ राजतिलक

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के तेरहवें दिवस में भरत मिलाप, राजगद्दी एवं पुरस्कार वितरण की लीला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेशजी की आरती की गई व इसके उपरांत राजा राम सरकार के जयकारा लगाए गए। इसके उपरांत लीला मंचन के प्रथम दृश्य में रामचंद्र जी ने लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद वहां का राज रावण के भाई विभीषण को सौंप दिया। इससे पहले किष्किंधा के राजा वाली को मारने के बाद उन्होंने वहां का राज उसके भाई सुग्रीव को सौंपा। लीला के तीसरे दृश्य में श्रीराम-माता सीता और भाई लक्ष्मण, हनुमानजी अयोध्या लौटे तो वहां पर भरत जी एवं अयोध्या की जनता ने प्रभु श्रीराम का हार्दिक स्वागत किया। इस दौरान प्रभु श्रीराम और भरतजी का मिलाप होता है। इसके बाद बहुत धूमधाम से प्रभु श्रीराम का राज अभिषेक होता है। इसके बाद कलाकारों को पुरस्कार वितरण किया जाता है। कार्यक्रम में आयोजक महंत श्रीगंगादासजी महाराज, महामंडलेश्वर श्रीचंद्रेश्वर गिरीजी महाराज, श्रीरामलखनदासजी महाराज, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, कोतवाली प्रभारी हरीशंकर चंद, डा.ओमप्रकाश शास्त्री, भगवत नारायण अग्रवाल एड., भगवत नारायण बाजपेयी, वी.के.सरदार, प्रदीप चौबे, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, निखिल तिवारी, चंद्रभूषण सिंह बुंदेला, कौस्तुभ चौबे, वरिष्ठ पत्रकार अजय तिवारी नीलू, सुनील शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, राजू यादव, प्रभाकर शर्मा, भवानी यादव, रामकिंकर पार्षद, मनोज, रामेश्वर सडैया, संजय डयोढिया, नरेश सेखावत, मनमोहन जडिया, विवेक सडैया, विलास पटैरिया, सोनू पाठक पार्षद, नरेंद्र कड़की, धर्मेंद्र रावत, भाजपा नगराध्यक्ष मनीष अग्रवाल, चंद्रशेखर राठौर, महेश श्रीवास्तव, मनोहर यादव, रमेश राठौर, सुबोध गोस्वामी, धनीराम साहू, छोटे साहू, रामगोपाल नामदेव के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नये मतदाताओं को जागरुक करें

अवधनामा संवाददाता

**एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 27 अक्टूबर को**

**बूथ लेविल एजेन्टों की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध करायें राजनैतिक दल**

**ललितपुर।** अर्हता 01 जनवरी 2024 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण-2024 के सम्बंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि स्वीप कार्यक्रस्न5म के अंतर्गत सोशल मीडिया पेज, वैन व अन्य माध्यमों से वृहद प्रचार-प्रसार कराया जाए, साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि अपने कार्यकर्ताओं, एजेन्टों व उनके बच्चों को भी वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करायें तथा उन्हें जागरुक करें। सभी राजनैतिक दल अपने बूथ लेविल एजेन्टों की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि नये मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने की आवश्यकता है, इस हेतु 01 जनवरी 2024 को मतदाता बनने वाले युवाओं का चिन्हांकन कर उनका संवेदीकरण करें। अपर जिलाधिकारी वि./रा. ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा हेतु आयोग की वेबसाईट-वोटर सर्विस पेस्टल पर अथवा आयोग द्वारा विकसित वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से कोई भी अर्ह व्यक्ति मतदाता सूची में नाम सम्मिलित, विलोपन, संशोधन हेतु आवेदन कर सकता है। इस हेतु वेब साइट पर क्लिक करके मतदाताओं द्वारा अपने से सम्बन्धित विवरण की पुष्टि की जा सकती है। मतदाता भी अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं। सभी पूरक सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ.प्र. लखनऊ की बेवसाइड व डोमिन पर उपलब्ध रहेंगी और किसी भी व्यक्ति द्वारा इनका अवलोकन किया जा सकता है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल जनपद के अन्तर्गत पडने वाली समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर बूथ लेबिल एजेन्ट्स की नियुक्ति करते हुये सूची सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध करा दें। मान्यता प्राप्त समस्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त किये गये बूथ लेबिल एजेन्ट्स एक बार में अधिकतम 10 और पूरी पुनरीक्षण अवधि में कुल 30 फार्म आवश्यक घोषणा पत्र के साथ जमा कर सकते हैं।

## वृद्धजनों को गर्म वस्त्र वितरित

**ललितपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित एवं देहाती ग्रामोत्थान विकास समिति द्वारा संचालित वृद्धजन आश्रम रामनगर में वृद्धाश्रम में निवारस वृद्ध संवासियों के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 97 वृद्धजनों को द्वारा वस्त्र वितरित किये गये हैं। कार्यक्रम में संस्था सचिव प्रदीप मिश्रा, कार्यक्रस्न5म प्रबंधक दामोदर शर्मा एवं समाज कल्याण कार्यालय से अरूण वर्मा उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड, गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है:–

**क्रम सं.-01,** निविदा सूचना संख्याः LS-GD-2023-Dismant-Bog-R, कार्य का नामः लोको शेड गोण्डा में 2 वर्ष के लिये बोगी फ्रेम डिसकनेक्सन, डिसमेंटलिंग तथा बोगी फ्रेम और इसके कम्पोनेंट की क्लीनिंग। अनुमानित लागतः ₹ 37,76,632/-, अग्रिम धनः ₹ 75,500/-, निविदा प्रपत्र मूल्यः ₹ 0.00/-, निविदा की अवधिः 24 महीना।

• ई–निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 28-11-2023, 12:00 बजे तक एवं यह ई–निविदा 28-11-2023, 12:00 बजे के बाद खोली जायेगी। • इस ई–निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

स.म.वि. इन्जी./टी.आर.एस., लोको शेड, गोण्डा

मुजाधि/विद्युत–185

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# नई किरण प्रोजेक्ट कार्यक्रम एक अनूठी पहल

अवधनामा संवाददाता

**64 बिछड़े परिवारों के आपसी मतभेद मिटाकर कराया पुनर्मिलन**



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन व निकट पर्यवेक्षण में नई किरण प्रोजेक्ट कार्यक्रम के तहत प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम व समाजसेवी काउन्सलर, मनोवैज्ञानिक आदि के सहयोग से पति-पत्नी के बीच आपसी मन-मनमुटाव व गलत फहमियों से दोनों परिवारों के बीच आई दूरियों को मिटाकर 64 परिवारों का पुनर्मिलन कराया गया। पुलिस अधीक्षक के समक्ष पति-पत्नी के मध्य आपसी विवाद से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों को नई किरण प्रोजेक्ट में तैनात टीम को भेज दिया जाता है, जिसके बाद टीम दोनों परिवारों से सम्पर्क कर काउंसलिंग हेतु तिथि निर्धारित की जाती है। निर्धारित तिथि के अनुसार पुलिस लाइन की सभागार कक्ष में प्रत्येक रविवार को नई किरण प्रोजेक्ट का आयोजन काराया जाता है। नई किरण प्रोजेक्ट टीम व समाजसेवी सदस्यों द्वारा दोनों परिवारों से संवाद के माध्यम से समझा बुझाकर आपसी गलतफहमियों को दूर कराया जाता है जिससे दोनों परिवार पुनः खुशी-खुशी साथ रहने हेतु पुनर्मिलन कराया जा रहा है। जनपद में प्रत्येक रविवार को नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारो को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। प्रोजेक्ट नई किरण द्वारा जनपद में पुलिस की मित्र छवि उभर कर सामने आयी हैं। पुलिस का यह सामाजिक कार्य निरंतर जारी रहेगा और जनपद के सभी पारिवारिक मामलों को प्रोजेक्ट नई किरण के माध्यम से निस्तारित कराने का प्रयास किया जाएगा। जनपद के पारिवारिक मामलों का बिना किसी खर्च के सुगमता से त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है जिसके माध्यम से 64 पारिवारिक मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया है। आपसी विवादों को तालमेल के साथ निस्तारण करके बिछड़े परिवारों को मिलाने का एक अनूठा प्रयास है जो मामले न्यायालय में वर्षो से लंबित रहने के बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचते जैसे कि पति-पत्नी के बीच उत्पन्न हुए आपसी विवाद के कारण परिवार विखर जाता है। सास बहू और पिता पुत्र के बीच चल रहे आपसी पारिवारिक विवाद के चलते जो आपस में मतभेद होते हैं उनके कारण परिवार टूट कर बिखर जाते हैं और अलग-अलग रहने लगते हैं। प्रोजेक्ट नई किरण के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। कार्यक्रम में प्रो.भगवत नारायण शर्मा, डा.दीपक चौबे, अजय बरया, डा.एस.पी.पाठक, डा.जनक किशोरी शर्मा, एड.अरमान कुरैशी, डा.सुभाष जैन, डा.संजीव कुमार शर्मा, सुधा कुशवाहा आदि का विशेष योगदान रहा।

# 31 तक शत प्रतिशत ईकेवाईसी सुनिश्चित करायें कृषि विभाग

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जनपद के शत प्रतिशत पात्र कृषकों को ईकेवाईसी से आच्छादित कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग के जनपदीय अधिकारियों एवं कृषि विभाग के न्याय पंचायत स्तर पर कार्यरत समस्त कर्मचारियों व बैंक प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने ईकेवाईसी तथा एनपीसीआइ कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक के दौरान उप निदेशक कृषि ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में 01 लाख 40 हजार 320 किसानों का ईकेवाईसी, एनपीसीआई एवं लैण्ड सीडिंग का कार्य पेन्डिग था जिसमें से कुल ईकेवाईसी की संख्या 72 हजार 948 के सापेक्ष 31 हजार 718 ईकेवाईसी का कार्य सम्पादित कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने न्याय पंचायतवार तथा कर्मचारीवार ईकेवाईसी की समीक्षा करते हुए कम प्रगति करने वाले कार्मिकों को बिलम्बतम 31 अक्टूबर का समय देते हुए शत प्रतिशत ईकेवाईसी कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में कठोर निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि 31 अक्टूबर के बाद कम प्रगति वाले कर्मचारियों के विरुद्ध निलम्बन तथा बर्खास्तगी की कार्रवाई सुनिश्चित करायी जायेगी। उन्होनें ऐसे सभी कर्मचारी जिनका ईकेवाईसी 100 से अधिक लम्बित पाया गया है उनको कठोर चेतावनी निर्गत करने का निर्देश उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही को दिया।

# स्कूली बच्चों ने दिया जल बचाएं-जीवन बचाएं का संदेश




- हमीरपुर में जल जीवन मिशन की अनूठी पहल जल ज्ञान यात्रा में शामिल हुए स्कूली बच्चे
- स्कूली बच्चों को कराया गया पत्योरा डांडा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण
- ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाए जा रहे नल से जल की सप्लाई की प्रक्रिया को दिखाया गया
- जल निगम की प्रयोगशाला में जल जांच देखकर स्कूली बच्चों ने जाने शुद्ध पेयजल के फायदे

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** सरकारी स्कूल के बच्चों को जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का सहभागी बनाने के लिए हमीरपुर में गुरुवार को जल ज्ञान यात्रा का आयोजन किया गया। यहां स्कूली बच्चों को सैकड़ों गांव को लाभान्वित करनेवाली परियोजना पत्योरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना का भ्रमण कराया गया। स्कूली बच्चों ने यहां पानी सप्लाई के लिए बनाए गये जलाशय को देखा, नदी से लिए जा रहे रॉ-वाटर के लिए बनाए गये इंटेकवेल पर गये और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जल को स्वच्छ किए जाने की प्रक्रिया को भी समझा। स्कूली बच्चों के लिए शुद्ध जल की उपयोगिता की जानकारी देने वाली जल ज्ञान यात्रा यादगार बन गई।

जल ज्ञान यात्रा का शुभारंभ एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव ने किया। उनके साथ एडीएम न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र और जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता संदेश तोमर भी रहे। परियोजना पर ले जाने पर स्कूली बच्चों को बताया गया कि बुंदेलखंड के हमीरपुर जिले में कभी पीने के पानी बड़ी समस्या हुआ करती थी लेकिन जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के आने के बाद कैसे ग्रामीण परिवारों तक शुद्ध पेयजल की सप्लाई पहुंच रही है। शुद्ध पेयजल पहुंचने से कैसे ग्रामीणों के जीवन में बदलाव आए है इसकी भी उनको जानकारी दी गई। स्कूली बच्चे हाथों में जल बचाने का संदेश लिये तख्तियां पकड़े हुए थे और जल बचाएं-जीवन बचाएं के नारे लगा रहे थे। स्कूली बच्चों को पचखुरा सीडब्ल्यूआर भी दिखाया गया। जल जांच में प्रशिक्षित महिलाओं ने स्कूली बच्चों को फील्ड टेस्ट किट से की जाने वाली पानी की जांचे भी करके दिखाई।

# प्रियांश की मॉ ने सफल ईलाज होने पर डीएम से मिलकर किया आभार व्यक्त

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** सोनभद्र के नगर पंचायत पिपरी निवासी आरती शर्मा का पुत्र प्रियांश उम्र डेढ़ वर्ष जिसका पेट में फोड़ा/इफेंक्शन होने पर ईलाज के दौरान पेट में होल होने के कारण, प्रियांश का टॉयलेट सही रास्ते से न होकर सीधा पेट से हो रहा था। जिसका परिजनों द्वारा काफी ईलाज कराया गया, बावजूद इसके ठीक नहीं हो पाया और इसके ईलाज में काफी धनराशि का खर्च आ रहा था, जिस कारण परिजनों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रियांश की मॉ इसकी जानकारी चेयरमैन पिपरी को जानकारी दी, जिस पर चेयरमैन श्री दिग्विजय प्रताप सिंह ने बच्चा प्रियांश व मॉ को जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह के समक्ष अपने बच्चे की समस्या से अवगत कराया, जो एक बड़ी समस्या थी, जिस पर जिलाधिकारी ने एन0सी0सल0 सिंगरौली वार्ता कर सी0एस0आर0 मद से इस गंभीर बीमारी के ईलाज हेतु धनराशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। जिला प्रशासन व चेयरमैन पिपरी ने मिलकर वाराणसी स्थित पापुलर हास्पिटल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया, 24 दिन तक चले ईलाज के दौरान सफल सर्जरी कर बच्चे को ठीक किया गया। प्रियांश की सफल ईलाज के बाद स्वस्थ्य होने पर मॉ ने आज जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह से मिलकर धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी दुधी व चेयरमैन दिग्विजय सिंह पिपरी व एन0सी0सल0 सिंगरौली को सही समय पर अवगत कराने व परस्पर ध्यान देकर ईलाज में सहयोग देने पर धन्यवाद दिया है।

# विद्यार्थी परिषद के युवा उद्घोष कार्यक्रम में शामिल हुई स्वाति सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मौदहा के द्वारा नेशनल इंटर कॉलेज में युवा उद्घोष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्वाति सिंह एवं विद्यार्थी परिषद की मुख्य वक्ता प्रतिमा सिंह उपस्थित रही कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया।

स्वाति सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब नारी युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे चल रही हैं, प्रत्येक क्षेत्र में नारी का योगदान बढ़ रहा है मोदी के द्वारा भी हाल ही में लोकसभा में भी 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित करके बहुत ही शानदार काम किया है इसलिए अब नारी अबला नहीं है मां के बारे में इन्होंने बताया की दुनिया में सबसे ज्यादा मेहनत माता करती है बच्चों को निखारने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान माता का ही होता है। मुख्य वक्ता प्रतिमा सिंह ने कहा कि छात्राएं मां भवानी का ही रूप होती हैं वेदों और पुराणों में भी प्रत्येक देवी को शक्ति का आराध्य माना गया है और वर्तमान समय में महिलाएं लोको पायलट भी हैं और फाइटर जेट भी उडाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सौरभ शर्मा, निर्भय प्रताप,अक्षय गहोई, अंकित चंदेल, नवनीत चौहान नागेंद्र प्रताप, तान्या साहू, शिवांगी कुशवाहा, आलोक श्रीवास, अभय, अनुपम कश्यप, अंश सोनी आर्यन गुप्ता, माही सोनी, अनुराधा शर्मा, गोरी ओमर, विधि सिंह, मुंतहा, कात्यायनी आदि कार्यकर्ता और 600 से ज्यादा छात्रा बहने उपस्थित रही। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छात्रा अन्नपूर्णा शिवहरे ने स्वाति सिंह को उनकी स्केच आर्ट भेंट की। कार्यक्रम का संचालन अक्षय गहोई द्वारा किया गया।

# उद्योग बंधुओ ने स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने की उठाई मांग

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज गुरुवार को जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें विगत 26 सितंबर को संपन्न हुई बैठक एवं कार्यवाही के संबंध में चर्चा की गई पूर्व की कई समस्याएं जो निस्तारित नहीं हुई थी उसके बारे में जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जनपद सोनभद्र की चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है किसी भी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत वाराणसी रेफर कर दिया जाता है इस संबंध में उन्होंने दो घटनाओं का जिक्र भी किया उन्होंने कहा कि कई बार 108 नंबर पर फोन करने के उपरांत भी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होती जिससे घायल व्यक्ति के परिवार वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने शासन एवं प्रशासन से मांग किया कि दवा की दुकानों को शिफ्ट वाइज रात में खुला खुलवाया जाए जिससे इमरजेंसी में जीवन रक्षक दवाएं मिल सके। श्री शर्मा ने कहा कि लगभग डेढ़ लाख की आबादी होने के बावजूद रावटसगंज नगर में कोई सिटी अस्पताल नहीं है जबकि पिछले दो दशक से सिटी अस्पताल की मांग की जा रही है नगर से जिला अस्पताल की 5 किलोमीटर दूरी होने के कारण रात में कोई भी साधन उपलब्ध नहीं हो पाता है। श्री शर्मा ने जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि कुकुरमुत्ता की तरह गली कूचे में ट्रामा सेंटर फैले हुए हैं जो मरीजों का शोषण करते हैं सुविधा के नाम पर न हीं इनके पास आईसीयू वार्ड है ना ही सिटी स्कैन न हीं अल्ट्रासाउंड न हीं सर्जरी की व्यवस्था है न हीं गंभीर दुर्घटनाओं के लिए डॉक्टर उपलब्ध है जबकि मेडिकल कार्उसिल आफ इंडिया ट्रामा सर्विस को एक स्पेशलिटी सर्विस के रूप में मान्य किया है, उन्होंने कहा कि जनपद में डेंगू के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं एक और जहां 2022-23 में डेंगू के 178 मैरिज पुष्ट एवं 275 संदिग्ध वही 2023 24 में 19 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के बीच 326 हो गए उन्होंने कहा कि इन सरकारी आंकड़ों से इतर बड़ी संख्या में लोग प्राइवेट लैब से जांच कर कर निजी क्लीनिक से दवा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि डेंगू एवं मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है ना तो एंटी लार्वा कीटनाशकों का छिड़काव हो रहा है न हीं नालियों की सफाई हो रही है, उन्होंने जिलाधिकारी महोदय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि सैकड़ो गांव के बीच जिला मुख्यालय पर महिलाओं के लिए न हीं यूरेनल की व्यवस्था है न हीं पिंक टॉयलेट्स की जिससे महिलाओं को बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा कि छुट्टा पशुओं के चलते आए दिन राहगीर चुटहिल हो जाते हैं जब कि इस मुद्दे को कई बार उठाया जा चुका है। श्री शर्मा ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा एक और जहां दस हजार होने पर भी व्यापारियों का कनेक्शन विच्छेद कर दिया जा रहा है वही लाखों बकाया होने पर भी अन्य लोगों पर कृपा बरसा रहा है कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन किसी के नाम से है और एफ आई आर किसी और पर कराई जा रही है।



# भारत के उत्थान के लिए शिवाजी से लें प्रेरणा: रमेश

- जाणता राजा नाटक के टिकट उपलब्ध कराए गए
- पावन खिंड पर विडियो एल्बम जारी



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** छत्रपति शिवाजी के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र विश्वगुरु के रूप में स्थापित होगा यह कहना था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश जी का जो राबर्ट्सगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे , उन्होंने कहा कि सोनभद्र जनपदवासियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है विश्वप्रसिद्ध महानाट्य जाणता राजा आगामी का 21 नवंबर को वाराणसी में मंचन हो रहा है, जिसमें तीन घंटे में छत्रपति शिवाजी के शौर्य और राष्ट्रप्रेम को समझा जा सकता है। रमेश जी ने छत्रपति शिवाजी और उनकी माता जीजाबाई का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के स्वाभिमान और हिंदवी स्वराज की स्थापना , राष्ट्र को संगठित कर भारत माता के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का शिवाजी का भाव अनुकरणीय है। इस अवसर पर विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा की वाराणसी में आयोजित महानाट्य जाणता राजा को देखना और पावन खिंड दौड़ में प्रतिभागिता छत्रपति शिवाजी की स्मृतियों को नमन करने जैसा है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि धन्य है सोनभद्र की भूमि यहां छत्रपति शिवाजी और मराठा सैनिकों के चरण पड़ने से यहां की मिट्टी धन्य हुई। आगामी 16 नवंबर को राबर्ट्सगंज में सुनिश्चित पावन खिंड दौड़ के प्रतीक चिन्ह का अनावरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया, आयोजन समिति ने प्रथम स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि रमेश जी को प्रदान किया। पावन खिंड दौड़ की पत्रिका के आवरण पृष्ठ का अनावरण करने के बाद छोटेलाल खरवार का विडियो एल्बम भी जारी किया गया। एल्बम में पावन खिंड युद्ध सहित शहीद उद्यान और जनपद सोनभद्र की सांस्कृतिक विशिष्टता को खूबसूरती से उकेरा गया है। कार्यक्रम संयोजक रमेश मिश्रा ने बताया कि जाणता राजा का टिकट उनसे प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर सहप्रांत संघचालक अंगराज जी, विभाग प्रचारक उपेंद्र जी, सह संघ चालक भोलानाथ मिश्र , जिला कार्यवाह बृजेश सिंह, नगर कार्यवाह महेश शुक्ल,पूर्व विधान परिषद सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड, भाजपा अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, पूर्व विधायक तीरथराज , भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा सिंह, शारदा खरवार, पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार , सनोज तिवारी, धर्मवीर तिवारी, अजीत चौबे, आलोक सिंह, मिठाई लाल सोनी, राजन चौधरी, अशोक मिश्रा सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

31

# महिलाओं ने डांडिया नृत्य गरबा कर किया धमाल

- चुर्क स्थित लान में आयोजित हुआ चिकित्सा परिवार का कार्यक्रम



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** चुर्क स्थित एक लान में चिकित्सा परिवार की ओर से बुधवार देर रात डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आयोजन डॉ वीणा सिंह द्वारा कार्यक्रम के पूर्व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया इस दौरान श्री सिंह ने मातृशक्ति मातृ वंदना के साथ महिलाओं को प्रेरित करते हुए उनको एकत्रित होकर डांडिया नाइट कार्यक्रम का लुपफ्त उठाने को उत्साह वर्धन किया। जिसमें बड़ी संख्या में चिकित्सक से जूडी महिलाएं ने डांडिया और गरबा में झूमती नजर आई। इस दौरान फिल्मी और गरबे की धुनों पर महिलाओं ने डांडिया नृत्य कर खूब धमाल किया।डांडिया नाइट बच्चों ने एक से बढकर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।आयोजन टीम की ओर से प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। डांडिया कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। डांडिया नाइट का प्रोग्राम विलास बैंक्विट चुर्क सोनभद्र में संपन्न हुआ जिसमें चिकित्सक परिवार की महिलाओं ने भाग लिया । डॉक्टर अनुराधा राय डॉक्टर मीनाक्षी सिंह जसकीरत सिंह सूर्य जायसवाल रहे। इस मौके पर डा.के कुमार, डा.गीता कुमार, डा.प्रमोद प्रजापति, डा.रेखा प्रजापति, डा.एचपी सिंह, किरन भारती,नम्रता, अंकिता केजरीवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मिथिलेश का हुआ गैर जनपद तबादला

- दिनेश पाण्डेय ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित
- स्थानांतरण होने पर पंकज पाण्डेय को बीजपुर का थाना प्रभारी बनाया गया



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** बीजपुर इंस्पेक्टर रहे मिथिलेश मिश्र का रॉबर्ट्सगंज में हुआ भव्य विदाई समारोह मिथिलेश मिश्र अपनी पहचान जिले में बहुत व्यवहार व कुशल पूर्व बनाये रखे जहा भी रहे इनका व्यवहार उत्तम रहा भगवान भोले नाथ की कृपा बनी रही जहां भी रहे स्वस्थ व मस्त रहे।

थाना प्रभारी बीजपुर का पद रिक्त होने के कारण थाना क्षेत्र बीजपुर में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण / कानून व्यवस्था की सुदृढ बनाये रखने के उद्देश्य से निरीक्षक पंकज पाण्डेय, प्रभारी रिट सेल को प्रभारी निरीक्षक थाना बीजपुर के पद पर स्थानान्तरित किया गया है।

# सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर विभागीय कार्यों को पूर्ण करायें: आयुक्त

**अवधनामा संवाददाता**

- आयुक्त ने की मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा



**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने मासिक समीक्षा बैठक में शासन द्वारा मण्डल एवं जनपद स्तर पर सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से ही विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने विभाग की उपलब्धि को बढाने के लिए समय से अपने-अपने विभागीय कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करायें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना के अन्तर्गत बैंको में लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करायें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए नियमित टीकाकरण, दवाओं की उपलब्धता एवं रोगों के नियंत्रण की रोकथाम के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्तमान समय में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक दवायें एवं व्यवस्था सुनिश्चित रखी जायें। उन्होंने बीमारियों से बचाव हेतु नाले-नालियों की समुचित सफाई व्यवस्था रखने के साथ फॉगिंग की व्यवस्था भी नगर पालिका/नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद महोबा में नियमित टीकाकरण में बेहतर कार्य करने पर मण्डल के अन्य जनपदों में भी इसी प्रकार कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने टीबी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मरीजों की नियमित ओपीडी में जांच कराये जाने एवं पॉजटिव पाये जाने वाले मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर समुचित लाभ की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एम्बुलेन्स की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए इस कार्य में कमी पाये जाने पर सम्बन्धित कम्पनी के प्रबन्धक को चेतावनी जारी करने के साथ सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने निराश्रित गौवंश संरक्षण के लिए गौवंशो हेतु गौशालाओं में भूसा, चारा, पेयजल की समुचित व्यवस्था रखने के साथ ही सर्दी से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थायें अभी से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

आयुक्त ने नवम्बर माह से प्रारम्भ होने वाली धान खरीद के लिए खरीद केन्द्रों को मण्डल में समय से संचालित कराये जाने तथा ज्वार, बाजरे की खरीद भी लक्ष्य के अनुरूप करने के निर्देश दिये। जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजना के कनेक्शन दिये जाने की समीक्षा करते हुए पाइप लाइन डालने एवं आवशेष घर-घर पेयजल कनेक्शन दिये जाने के कार्य को प्रत्येक दशा में 15 नवम्बर तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिये। उन्होंने चित्रकूट जनपद की निर्माणाधीन चांदीबांगर पेयजल योजना का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन गॉवों में पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति किये जाने की क्रास चेकिंग कराये जाने हेतु सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

## किसान ने आग लगाकर की आत्महत्या

**बांदा।** सूने घर में किसान ने आग लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमासिन थाना क्षेत्र के अंदौरा गांव निवासी अवध किशोर (60)ने बुधवार की शाम आग लगा लिया। शोर गुलसुनकर मौके पर पहुंचे भतीजो ने उसकी आग बुझाई। उसे तत्काल पीएचसी ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भतीजे शिवाकांत ने बताया कि वह कमरे में लेटा था। वही पर पेट्रोल रखा हुआ था। उसकी पत्नी मीना अपने मायके मनकाहड़ी चली गई थी। उसके तीन पुत्र पूना में रहते है। वह किसानी करता था।

## मार्ग हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**बांदा।** खेत से घर लौट रहे दो युवको चार पहिया वाहन ने कुचल दिया। इसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जब कि दूसरा युवक गभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। देहात कोतवा क्षेत्र के महोखर गांव निवासी सुनील उर्फ बुक्कू (28)पुत्र बिहारी लाल बुधवार की रात खेत की सिचाई करने गया था। रात को वाह अपने साथी बल्लू (40)के साथ बाइक में बैठकर वापस घर आ रहे थे। तभी बरगाहनी के पास पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनो युवक वाहन के नीचे आकर कुचल गए। इसमें सुनील की मौके पर मौत हो गई। बल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवाले में कोहराम मच गया।

# परिवार परामर्श केन्द्र ने तीन परिवारों को टूटने से बचाया

- आपसी मतभेद को भूल खुशी-खुशी रहने को हुए तैयार

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र बांदा पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए 03 परिवारों को टूटने से बचाया । आवेदिका उर्मिला अनुरागी पत्नी शिवमंगल अनुरागी निवासी थाना नरैनी, प्रतिभा पत्नी देवेंद्र निवासी मोहनपुरवा तथा ऊषा पत्नी बाबूराम निवासी थाना बिसंडा बांदा ने पुलिस अधीक्षक बांदा के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि उनके पति व ससुरालीजन उनके साथ मारपीट गाली गलौज करते हैं । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती सविता श्रीवास्तव को निर्देशित किया गया । परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायत को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनो पक्षों को समझाया गया । दोनो पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा दोनो पक्षों को साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी तथा यह भी कहा गया कि आपस में तारतम्यता बनाकर रहें । समझौता कराने वाली टीम में निरीक्षक श्रीमती सविता श्रीवास्तव, महिला आरक्षी शोभा मोर्या व उर्दू अनुवादक श्रीमती कनीज़ ज़हरा आदि मौजूद रहे।

## आंचल ने भक्ति गीतों पर किया मनमोहक नृत्य

**बांदा।** सांस्कृतिक मंच में नृत्य पेश कर समां बांधने वाली मोनिका शुक्ला, आंचल आठवीं कक्षा की छात्रा है। बचपन से ही संगीत और डांस में रुचि रखने वाली छात्रा नूतन बाल समाज द्वारा आयोजित रहे गणेश महोत्सव में विशेष स्थान प्राप्त कर चुकी है।

शहर के छोटी बाजार की मोनिका बताती है कि मां हंसवाहिनी की असीम अनुकम्पा से पहली मर्तबा धार्मिक मंच और गजानन महोत्सव के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। आंचल कहती है कि माता-पिता के सहयोग से उसका हौसला बढ़ा। बताया कि उसे बांकेबिहारी संग राधिका के भक्ति गीतो से बेहद लगाव है। बंशी बाजेगी और राधा नाचेगी, सलोने श्याम से मेरी प्रीत हो गई व लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जायेगा आदि भजन बहुत पसंद हैं।

# धनिया महंगी होने पर खरीददारी से लोगों ने किया परहेज

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** शरदकालीन मौसम में हरी तथा आलू की सब्जियो और अरहर की दाल में अपना विशेष महत्व रखने वाली धनिया की पत्ती 100 रूपये की ढाई सौ ग्राम बिक रही है वहीं ठण्ड में विकने वाली पालक 40 रूपये की पांच सौ ग्राम रहीं। रोजमर्रा की जिंदगी में खरीददारो ने हरी पालक से परहेज किया वहीं धनिया के कीमती भाव सुनकर अवाक रह गये। सब्जी विक्रेता सियाप्यारी और श्यामा कुशवाहा बताती है कि मुख्य सब्जी मंडी से हमें महंगे रेट में मिली तब उसी के अनुरूप हमको विक्री करनी होगी।

शहर के चौक बाजार स्थित दुकानो में यह हाल सोमवार को बना रहा है ठीक इसी प्रकार छोटी बाजार झण्डा चौराहे के निकटवर्ती सब्जीफरोशो का बना रहा 30 रूपये केजी पुराना आलू और 80 रूपये किलो नये आलू रहा। स्थानीय दुकानदार सुरेश बताते है कि इस वक्त सब्जी मंडियो से महंगी मिल रही है तभी उसी आधार में हम सबको विक्री करनी पड़ रही है। दुरेणी और गंछा के रहने वाले सब्जीफरोशो की माने तो इस वक्त मौसम को द्रष्टिगत रखते हुये आलू और टमाटर के भाव में गिरावट एक दो दिनो के भीतर आने वाली है हरी धनिया के दामो के गिरावट में दुकानदारो ने चुप्पी सांध ली है। जैसा भी है सब्जी और दाल में भले ही दोनो नही हो तो सलाद के संग स्वादिष्ट भोजन हो सकता है।

# दानिश आज़ाद ने 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर मदरसे में चर्चा कर छात्रों को किया जागरुक

अवधनामा ब्यूरो





**लखनऊ।** अल्पसंख्यक राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मदरसा जामिया अरबिया बजीनतुल उलूम, लखनऊ के छात्रों से चर्चा की। मंत्री ने छात्रों को A.I. के बारे में समझाते हुए बताया कि जिस प्रकार आप दिनी तालिम की शिक्षा ग्रहण कर रहे है उसी प्रकार A.I. की मदद से साइंस, हिन्दी,मैथ, टेक्नोलॉजी की जानकारी भी कर सकते है। A.I. के जरिये कम्प्यूटर सिस्टम या रोबोटिक सिस्टम तैयार किया जाता है, जिसे उन्हीं तर्कों के आधार पर चलाने का प्रयास किया जाता है जिसके आधार पर मानव मस्तिष्क काम करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कम्प्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट या फिर मनुष्य की तरह इंटेलिजेंस तरीके से सोचने वाला सॉफ्टवेयर बनाने का एक तरीका है। यह इसके बारे में अध्ययन करता है, कि मानव मस्तिष्क कैसे सोचता है, और समस्या को हल करते समय कैसे सीखता है, कैसे निर्णय लेता है और कैसे काम करता है। दानिश आज़ाद अंसारी जी ने कहा कि आज मोदी ,योगी सरकार मदरसा के छात्रों को एक हाथ में कुरान दूसरे हाथ में टेक्नोलॉजी के साथ देखना चाहती है, जिसका उदाहरण आज मदरसा में दी जाने वाली दिनी तालिम के साथ आधुनिक शिक्षा है। आज मदरसा का बच्चा सभी क्षेत्रों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है।

## शानो-शौकत के साथ निकालेगा जुलूसे गौसिया

**लखनऊ।** गौसे आजम अब्दुल कादिर जीलानी की याद में ग्यारहवीं शरीफ पर शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज स्थित शाहमीना शाह की मजार से जुलूसे गौसिया पूरी शानो-शौकत के साथ निकाला जाएगा। जुलूस को लेकर आल इंडिया मोहम्मदी मिशन के पदाधिकारियों की बैठक मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मौलाना ने कहा कि सुबह 11ः30 बजे शाहमीना की मजार से जुलूस निकलेगा जो मेडिकल कॉलेज स्थित हाजी हरमैन की मजार पहुंच कर सम्पन्न होगा। उन्होंने सभी अंजुमनों से वक्त की पाबंदी के साथ जुलूस में शामिल होने की अपील की। मिशन के अध्यक्ष इकबाल हाशमी ने कहा कि यह हमारा नहीं गौसे पाक की शान और मोहब्बत में निकलने वाला जुलूस है, जिसकी शान और अजमत बरकरार रखना हमारा काम है।

# एलडीए 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश की रखेगा आधारशिला

अवधनामा ब्यूरो

- उच्च स्तरीय अस्पताल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, होटल व स्कूल-इंस्टीट्यूट भी बनेंगे

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण आगामी ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी पर राजधानी में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश की आधारशिला रखेगा। इसके तहत टाउनशिप व ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स से लगभग डेढ़ लाख लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी। साथ ही उच्च स्तरीय अस्पताल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, होटल व स्कूल-इंस्टीट्यूट भी बनेंगे। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गुरुवार को विकासकर्ताओं और निवेशकों के साथ बैठक कर निवेश का रोडमैप तैयार किया। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए अब तक 12 हजार करोड़ रुपये की 61 परियोजनाओं के प्रस्ताव प्राधिकरण में आ चुके हैं। कुछ निजी विकासकर्ताओं ने बताया कि अन्य विभागों से एनओसी न मिलने की वजह से प्रोजेक्ट का काम विलम्बित हो रहा है। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को एनओसी आदि की औपचारिकताएं पूरी कराने में आ रही अड़चनों की रिपोर्ट बना कर संबंधित विभागों के सक्षम अधिकारियों को पत्र भेजने को कहा। इसके बाद मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक करा निवेशकों की समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई कराई जाएगी। लविप्रा उपाध्यक्ष ने निजी विकासकर्ताओं को अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रोत्साहित किया, जिसके फलस्वरूप 3500 करोड़ की 12 नई परियोजनाओं के प्रस्ताव बैठक में मिले। इसे मिला कर अब तक 73 परियोजनाओं के प्रस्ताव आ चुके हैं, जिसके सापेक्ष 15 हजार 613 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव साफ हो गया है। उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्राधिकरण की ओर से लगभग 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। परियोजनाओं से लगभग 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

# आजम खां से मिलने गये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को जेल प्रशासन ने रोका

- नाराज कांग्रेसियों ने सरकार और प्रशासन विरोधी नारेबाजी की

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सीतापुर जेल में बन्द समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां से मिलने जेल पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि जेल प्रशासन के अधिकारियों ने बिना कारण मुलाकात कराने से मना कर दिया। इससे नाराज कांग्रेसियों ने सरकार और प्रशासन विरोधी नारेबाजी की। श्री खां से मिलने सीतापुर जेल पहुंचे अजय राय ने कहा कि वे अपने साथ आजम खां को भेंट के लिए फल की टोकरी लाए थे, जिसे उन्होंने जेल प्रशासन को सौंप दिया है। उम्मीद है कि यह प्यार के फल आजम खां तक पहुंचेंगे। श्री राय ने कहा कि जेल में बन्द आजम खां से मुलाकात के लिए कांग्रेस ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी थी लेकिन प्रशासन ने विद्वेष भावना के तहत मुलाकात से मना कर दिया। सीतापुर पहुंच अजय राय ने कहा कि जिला प्रशासन पर सरकार के इशारे पर मिलने से रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया कि हमें आजम खां से मिलने से क्यों रोका जा रहा है। आजम खां किस हालत में हैं यह कैसे पता चलेगा। प्रदेश के कानून को जंगलराज बना दिया है। सब मनमर्जी चलाया जा रहा है। सारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद आजम खां के न मिलने का झूठा बहाना बनाया जा रहा है। हम पूछतेत हैं कि प्रदेश की योगी सरकार इतना डर क्यों रही है, जो सच है वह सामने आने दे। हम आजम खां से मिलते जो सच है वह सामने आता। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ सरकार साजिशन आजम खां को परेशान कर रही है। उन्होंने सरकार के इशारे पर फर्जी मुकदमे लिखे गये, उन्हें जेल भिजवाया गया। आजम खां कोई अपराधी नहीं हैं एक राजनैतिक व्यक्ति और प्रदेश के कद्दावर नेता हैं।

## हसन अस्करी के जन्मदिन पर नज़्र-नियाज का किया गया आयोजन

**लखनऊ।** ग्यारहवें इमाम हजरत इमामे हसन अस्करी के जन्मदिन 10 रबीउस्सानी की खुशी में गुरुवार को महफिल-मीलाद और नज़्र-नियाज का आयोजन किया गया। मदेयगंज स्थित कर्बला मलका आफाक में बज्मे मवद्दत की ओर से जश्ने इमामे अस्करी का आयोजन हुआ। महफिल का आगाज हसन आबिद ने तिलावते कलामे पाक से किया, जिसके बाद मौलाना अबूतालिब ने महफिल को खिताब किया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना ने इमाम की सीरत बयान करते हुए इमाम के बताए रास्ते पर चल कर अपनी दुनिया और आखिरत संवारने का आह्वान किया। महफिल में एजाज जैदी, नय्यर मजीदी, शुमूम आरफी, बिलाल काजमी, मौलाना हसन जहीर, फरीद मुस्तफा, अंजुम गदीरी, तैय्यब अब्बास आदि ने अपने कलाम बारगाहे इमामत में पेश किये।

# गांवो में ग्राम संगठन टीमों की संख्या बढ़ायी जाये

अवधनामा ब्यूरो



- ग्राम संगठन संघों को बढ़ाने के लिए हर ब्लॉक के लिए निर्धारित किया गया लक्ष्य

**लखनऊ।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्राम संगठन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के संचालन को मजबूती प्रदान करने के लिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा ग्राम संगठन दलो को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। ग्राम संगठन के गठन का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारियों व सदस्यों को मनोबल बढ़ाते हुए उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाना व गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करना है। शासन द्वारा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी को नामित किया गया है। योजना की प्रगति जानने के लिए प्रत्येक मंगलवार को समीक्षा कर आवश्यक दिशा और निर्देश निर्गत किए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक द्वारा सभी जिलों के उपायुक्त (स्वतः रोजगार) को निर्देश दिए गए हैं कि सीनियर आन्तरिक सामुदायिक सन्दर्भ व्यक्तियों ग्राम संगठन दलो की संख्या बढ़ायी जाय।प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में पूरे प्रदेश में लगभग 1700 सीनियर प्ब्त्च् ग्राम संगठन टीम एक्टिव होकर काम कर रहीं हैं। वर्तमान ग्राम संगठन गठन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सीनियर प्ब्त्च् ग्राम संगठन दलों की संख्या 4000 करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को देखते हुए हर जनपद के प्रत्येक विकास खंड को न्यूनतम 5 और अधिकतम 10 सीनियर प्ब्त्च् ग्राम संगठन का चयन कर मिशन मुख्यालय को अवगत कराने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे नए चयनित सीनियर टीमों का प्रशिक्षण पूर्ण कराकर ग्राम संगठनों के गठन के लक्ष्य को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित हो सके। गांवों में स्वयं सहायता समूहों के बाद ग्राम संगठन द्वितीय स्तर की संस्था है। ग्राम संगठन समूहों को अपनी बात, समस्या, मांगे, सुझाव रखने के लिए मंच प्रदान करता है। एक गांव में आवश्यकतानुसार एक से अधिक भी ग्राम संगठन हो सकते हैं। ग्राम संगठन की मुख्य जिम्मेदारी है, गरीब परिवारों को समूह के साथ जोड़ना,वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना, समूहों को बैंक से लिंकेज में सहायता करना, समूह के सदस्यों को उनके हक और अधिकार की जानकारी देने के साथ-साथ सामाजिक एवं जीवकोपार्जन के मुद्दों पर करना है।

# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन: प्रधानमंत्री का जताया आभार



- प्रदेश में भी मुख्यमंत्री योगी ने महिलाओं की सुरक्षा के तहत महत्वपूर्ण कदम उठाए

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर विधानसभा में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ,समाज सेविका नम्रता पाठक,क्षेत्रीय अध्यक्ष गोदावरी मिश्रा, एकल अभियान महामंत्री बिंदु बोरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की आधी आबादी की बहुत लंबे से चली आ रही मांग को पूरा किया है। नगर पालिका, नगर पंचायत और पंचायती राज में हमारी बहनों को आरक्षण मिल रहा था लेकिन विधान मंडलों में और संसद में आरक्षण की मांग लंबे समय से अनेकों संगठनों के द्वारा की जा रही थी लेकिन कोई भी सरकार इस जोखिम को उठाने का साहस नहीं कर सकी। धन्यवाद करता हूं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी का कि उनके नेतृत्व में हमारी बहनों के लिए उनके सशक्तिकरण के लिए अधिनियम पारित हुआ। भारत के संसद में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करके देश की आधी आबादी की मांग को पूरा किया है। भविष्य में महिलाओं की सुरक्षा उनके सशक्तिकरण, मान सम्मान से जुड़े निर्णय के संबंध में नए कानून बनाने में भी आधी आबादी महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुझे विश्वास है कि इस अधिनियम पारित होने के बाद बहनों का और प्रभावशाली ढंग से देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान बढ़ेगा। 2014 के बाद से जब प्रधानमंत्री मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो देश में महिलाओं की सशक्तिकरण, उनके मान सम्मान, स्वावलंबन और सुरक्षा के दृष्टिकोण के संबंध में विभिन्न योजनाएं चलाई गई। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री योगी ने महिलाओं की सुरक्षा के तहत महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और आज किसी भी समय बेधड़क कहीं भी आ जा सकती है।

# पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने किया काशीराम कॉलोनी लोलाई गांव गोमती नगर का दौरा

- हमारी सरकार आएगी तो हम क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करेंगे: नकुल दुबे

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने काशीराम कॉलोनी लोलाई गांव गोमती नगर का दौरा किया। पूर्व मंत्री नकुल दुबे आज काशीराम कॉलोनी लोलाई गांव गोमती नगर पहुंचे। क्षेत्र वासियों की जन समस्याओं को सुनने के लिए पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने क्षेत्र वासियों से मुलाकात की और क्षेत्र के लोगों से क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी सुना उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो हम क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने क्षेत्र में कई लोगों से मुलाकात की जिसमें अवधेश सोनकर अमरजीत कुरील भी शामिल थे।

## नाट्य कृति मन-मन में राम का हुआ मंचन

**लखनऊ।** लखनऊ की रंगयात्रा संस्था ने रामायण के अलग-अलग प्रसंगो पर आधारित चित्र मोहन लिखित एवं ज्ञानेश्वर मिश्रा निर्देशित नाट्य कृति मन-मन में राम का मंचन संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया गया। कृति में जटायु, केवट, शबरी, वन में स्वागत,अहित्या उद्धार और शूपर्णखा के प्रसंग दर्शाये गये। कहानी की शुरूआत भगवान राम के 14 साल के वनवास से होती जिसमें भगवान राम अपनी पत्नी सीता और लक्ष्मण के साथ वन में जाते हैं और गंगा नदी पार करने के बाद केवट मल्लाह से गंगा पार ले जाने की विनती करते हैं। केवट कहता है कि हे प्रभु मैं आपके चरण धोकर ही अपनी नाव में आप लोगों को बैठाऊंगा। जटायु प्रसंग में जटायु के रावण से युद्ध के बाद भगवान राम से उनका संवाद और उनका दाह-संस्कार दिखाया गया।

# खादी के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करने हेतु आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2023 तक भारत सरकार के द्वारा खादी महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के द्वारा देश में जन-जन में खादी के प्रचार-प्रसार एवं खादी के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करने हेतु कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर लखनऊ में उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान में खादी संस्थाओं हेतु डिजाइन कार्यशाला तथा संस्थान में पढ़ रहे छात्र एवं छात्राओं के लिए सेमिनार एवं संभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। डिजाइन कार्यशाला में संस्थाओं से आये प्रतिनिधिओं को संस्थान के डिजाइन संकाय की विशेषज्ञ श्रीमती मृदुला सहाय के द्वारा वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए नये-नये डिजाइन के बारे में जानकारी दी गई। इसी के साथ सेमिनार में भाग ले रहे छात्रों को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी डॉ नितेश धवन, राज्य निदेशक के द्वारा दी गई। साथ ही NIFT, UPID, Goel Institute से आई प्रख्यात डिजाइनर श्रीमती सरिता पांडे, गोयल इन्स्टीट्यूट, श्रीमती दीवांशी कपूर, NIFT एवं श्वेता अग्रवाल, टेक्सटाइल मंत्रालय के द्वारा छात्रों को खादी फेशन से जोड़ते हुए प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इसी के साथ संस्थान के छात्र-छात्राओं के द्वारा संभाषण प्रतियोगिता बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

इसी क्रम में जवाहरलाल नेहरू इण्टर कॉलेज, गोसाईगंज, लखनऊ में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आस-पास की कारीगर महिलाओं के मध्य खादी वार्ता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक महिलाओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया जहाँ पर उन्हें खादी महोत्सव के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा सभी कार्यक्रमों में सामूहिक प्रतिज्ञा ली गई।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में समय-सारिणी में संशोधन

अवधनामा ब्यूरो

- आवेदन की हार्डकॉपी शिक्षण संस्था में जमा करने की तारीख आवेदन भरने के 4 दिन के भीतर है

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने स्कूलों और मदरसों के छात्र-छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण तक समय-सारिणी में संशोधन किया है। नई समय-सारिणी जारी कर दी गयी है। प्रस्तावित समय सारिणी के अनुसार छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन की तिथि 22 सितम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक है। छात्रों के आवेदन में हुई गलतियों, हाईस्कूल-इण्टरमीडिएट रोल नम्बर, आय-जाति प्रमाण पत्र का क्रमांक और आवेदन क्रमांक को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र लखनऊ की ओर से छात्रवृत्ति के पोर्टल पर स्टूडेण्ट सेक्शन में दिखाने की अवधि ऑनलाइन आवेदन पूरा करने और फाइनल प्रिण्ट निकालने से पहले 3 दिनों की है। आवेदन की हार्डकॉपी शिक्षण संस्था में जमा करने की तारीख आवेदन भरने के 4 दिन के भीतर है। ऑनलाइन आवेदन पत्रों की गलतियों को संशोधित और वांछित संलग्नकों की हार्डकॉपी सहित शिक्षण संस्था में जमा करने की तारीख 31 जनवरी से 12 फरवरी 2024 तक है। छात्र-छात्राओं के आधार लिंक बैंक खातों में पीएफएमएस प्रणाली से धनराशि सीधे ट्रांसफर करने की तारीख 15 मार्च 2024 तक है।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत राष्ट्रीय कैंप में प्रतिभाग हेतु शीरीं रवाना

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले एक भारत श्रेष्ठ भारत-II शिविर में प्रतिभाग के लिए भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट शीरीं फ़ातिमा रवाना हो गई हैं। विश्वविद्यालय की एएनओ डॉ लेफ्टिनेंट बुशरा अलवेरा ने बताया कि यह शिविर महाराष्ट्र राज्य के जलगांव में स्थित नॉर्थ महाराष्ट्र विश्वविद्यालय बम्बहोरी में 27 अक्टबर से 7 नवंबर के मध्य आयोजित किया जा रहा है। यह एक राष्ट्रीय स्तर का शिविर है, जिसमें उत्तर प्रदेश डायरेक्टरेट के 150 एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग कर रहे हैं। शिविर के दौरान वॉलीबॉल, खो-खो, लोक नृत्य, संगीत, चित्रकारी प्रतियोगिता एवं उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र पर आधारित विभिन्न व्याख्यान आयोजित किये जाएंगे। इस कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट्स को दक्षिण के विभिन्न नृत्य लोकगीत उनकी सभ्यता को जानने का मौका मिलेगा। साथ ही विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने प्रतिभागी एनसीसी कैडेट को शुभकामनाएं दी। लखनऊ ग्रुप की 20 यू पी गर्ल्स बटालियन एन सी सी के कमान अधिकारी कर्नल पीएस चौहान ने भी एनसीसी कैडेट्स को शुभ कामनाएं दी।

## इमाम हसन अस्करी की विलादत के सिलसिले में सजीं महफिलें

**लखनऊ।** शियों के 11वें इमाम हसन अस्करी (अस) की विलादत के सिलसिले में कर्बला मलका आफाक मदेहगंज में जश्ने इमाम अस्करी का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना अबुतालिब ने खिताब करते हुए इमाम की अजमत व फजीलत को बयान किया। महफिल का आगाज हसन आबिद ने तिलावते क़ुराने पाक से व संचालन अब्बास मेहदी इफ़्तेक़ारी ने किया। महफिल में शायर ए अहलेबैत एजाज जैदी,नय्यर मजीदी, शुमूम आरफ़ी,बिलाल काजमी, मौलाना हसन जहीर, फरीद मुस्तफा,अंजुम ग़दीरी, तैयब अब्बास,ताज लखनवी, गुलरेज नकी,हसन आबिद, मौलाना मोहम्मद अस्करी आरिफ अकबराबादी, मौलाना मोजिज,कारी फुरकान, फैजान जाफर, ज़र्रे लखनवी और गुलाम असकरी ने इमाम हसन अस्करी (अ.स) की शान में अपने कलाम पेश किये।

# पुनर्निर्मित फूलपुर स्टेशन पर समावेशिता और संचार उन्नयन

अवधनामा ब्यूरो






**नई दिल्ली/लखनऊ।** भारतीय रेल द्वारा घोषित की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश भर के 1308 स्टेशनों का पुनरूद्धार करने और यात्रियों की विविध श्रेणियों की आवश्यकतानुसार सुविधाओं को बढ़ाने और संशोधित करने की योजना है। इस योजना का उद्देश्य इन अमृत भारत स्टेशनों को सुविधा-संपन्न परिवहन केंद्रों में बदलने का है। इसके पहले चरण में 508 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें से 71 स्टेशन उत्तर रेलवे के पांचों मण्डलों को आवंटित किए गए हैं। इनमें से एक लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाला फूलपुर स्टेशन है, जिसके लिए 21.34 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। पुनर्विकास योजना में विभिन्न बुनियादी ढांचे में सुधार के अंतर्गत प्रमुख प्रवेश द्वार के साथ एक सर्कुलेशन एरिया का निर्माण और इसे यात्रियों के अनुकूल बनाने के लिए दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान शामिल है। प्रमुख प्रवेश द्वार और दूसरे प्रवेश द्वार पर नए भवनों का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण में स्थानीय शिल्पकला के तत्वों के साथ एक आधुनिक प्रवेश द्वार और पोर्टिको का निर्माण किया जाएगा। एक 12 मीटर चौड़ा फिक्स्ड ऑफशोर प्लेटफॉर्म भी बनाया जाएगा जिसे आगे रूफ प्लाजा के रूप में विकसित किया जाएगा। यातायात के संचलन में सुधार के लिए स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया की सड़कों को चौड़ा करके हरित पट्टियाँ का विकास किया जाएगा। उन्नत उपयोगिता सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए वर्षा जल निकासी प्रणाली और प्लेटफ़ॉर्म सतहों में सुधार किया जाएगा। संचार की स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए मानक साइनेज और डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे। दिव्यांग-जनों की आवश्यकताओं के अनुरूप यात्री सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। सूचना की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सभी प्लेटफार्मों पर एलईडी-आधारित बोर्ड, ट्रेन सूचना डिस्प्ले सिस्टम, कोच मार्गदर्शन डिस्प्ले बोर्ड और जीपीएस घड़ियां लगाई जाएंगी। एक वाणिज्यिक ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा जिसमें एक फूड प्लाजा, कैफेटेरिया, खुदरा सुविधाएं और बेहतर शौचालय सुविधाएं होंगी। एक प्रतीक्षा क्षेत्र, एक कार्यकारी लाउंज का विकास करने के साथ-साथ एक स्टेशन और एक उत्पाद योजना के लिए 2 कियोस्क भी लगाए जाएंगे। रेलवे अमृत भारत स्टेशन योजना के साथ सूचना और सुविधाओं तक आसानी से पहुंच सुनिश्चित करना चाहती है। इसका मुख्य लक्ष्य इन स्टेशनों को सक्रिय पारगमन केंद्रों के रूप में बदलना है जो स्थिरता, दक्षता, सुरक्षा, पहुंच और समावेशन को प्राथमिकता देंगे। इसमें पर्यावरण-अनुकूल उपायों को अपनाना और सभी को निर्बाध यात्रा प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार की सेवाओं को बढ़ावा देना शामिल है।